RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 283
नई दिल्ली, बुधवार, 24 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



साइना नेहवाल प्री क्वार्टर फाइनल में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी

# विधायक राजा भाजपा से निलंबित

- तेलंगाना में विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुछ घंटों बाद मिली जमानत
- एक जैसे मामले में नुपुर के बाद दूसरे नेता पर गिरी गाज, दस दिन में मांगा गया जवाब
- ओवैसी ने कहा- नुपुर मामले से कोई सबक नहीं सीखा, मुसलमानों की प्रताड़ना भगवा पार्टी की नीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

**अनुशासनात्मक** कार्रवाई के लगातार दूसरे मामले में भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना से पार्टी के विधायक टी राजा सिंह को पैगम्बर मोहम्मद साहब के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर निलंबित कर दिया है। तेलंगाना में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले भाजपा ने इसी तरह के विवादित बयान देने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा को भी निलंबित कर दिया था। टीवी डिबेट के दौरान की गई टिप्पणी के लिए नुपुर के खिलाफ देशभर में कई केस दर्ज किए गए थे। टी राजा सिंह उग्र हिंदुत्व विचारों के लिए जाने जाते हैं। हैदराबाद पुलिस ने उन्हें कथित तौर पर एक वीडियो में पैगंबर मोहम्मद के विरुद्ध टिप्पणी करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया।

हालांकि, बाद में उक्त विवादित वीडियो को सोशल मीडिया मंच से हटा दिया गया। गिरफ्तारी के बाद राजा को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि कुछ ही घंटों बाद उन्हें जमानत दे दी गई। अदालत ने कहा कि राजा की गिरफ्तारी के दौरान सीआरपीसी की धारा 41 का पालन नहीं किया गया। भाजपा विधायक ने स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी की आलोचना करते हुए सोमवार को एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में वह कुछ टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं, जो प्रतीत होता है कि इस्लाम के विरुद्ध है। फारुकी ने हाल ही में शहर में एक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। भाजपा की केंद्रीय अनुशासनात्मक समिति के सचिव ओम पाठक की ओर से जारी एक बयान में सिंह को पार्टी से निलंबित किए जाने की जानकारी दी गई। इस संबंध में पाठक



पुलिस की हिरासत में निलंबित भाजपा विधायक टी राजा सिंह

की ओर से सिंह को भेजे गए एक नोटिस में कहा गया कि आपने विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की राय से अलग विचार व्यक्त किए हैं, जो कि भाजपा के संविधान के नियम एक्स एक्स फाइव 10 (ए) का उल्लंघन है।

मुझे आपको बताने का निर्देश दिया गया है कि आगे की जांच तक आपको पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है और सभी दायित्वों से मुक्त किया जाता है। पाठक ने सिंह से 10 दिनों के भीतर यह जवाब देने को भी कहा कि क्यों न उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि आपका हस्ताक्षरित विस्तृत जवाब दो सितंबर 2022 तक मिल जाना चाहिए। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दावा किया कि सिंह ने पैगंबर मोहम्मद के विरुद्ध कथित अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह सुनिश्चित करना भाजपा की आधिकारिक नीति है कि मुस्लिम हमेशा भावनात्मक और मानसिक रूप से यातना का सामने करें, इसके लिए वह अपने सदस्यों को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करने की अनुमति देती है, जिसे हम पैगबंर मोहम्मद के बारे में सड़क छापा भाषा कहते हैं। भाजपा द्वारा जानबूझकर अपने सदस्यों को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाती है। ओवैसी ने पैगंबर मोहम्मद के विरुद्ध भाजपा नेता नुपूर शर्मा द्वारा की गई कथित टिप्पणी के बाद हंगामा और उन्हें पार्टी से निलंबित करने का संदर्भ देते हुए कहा कि उन्होंने नुपूर शर्मा से कोई सबक नहीं सीखा। यह नुपूर शर्मा ने जो कहा था, उसकी अगली कड़ी है।

मोहम्मद वजीउद्दीन सलमान नामक व्यक्ति द्वारा दबीरपुरा पुलिस थाने में राजा सिंह के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें उनपर पैगंबर मोहम्मद के विरुद्ध अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग करते हुए समुदाय के कई लोगों ने सोमवार रात हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया था। पुलिस ने बताया कि सिंह के विरुद्ध कई पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई गई है। दबीरपुर पुलिस थाने के निरीक्षक जी कोटेश्वर राव के मुताबिक, सिंह के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों में शत्रुता को बढ़ावा देने, जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करने, धर्म व धार्मिक मान्यताओं का अपमान कर ( शेष पेज 8 )

# पाकिस्तान में जा गिरी थी ब्रह्मोस मिसाइल, तीन अधिकारी बर्खास्त

- उच्च स्तरीय जांच में जिम्मेदार ठहराए गए वायुसेना के ग्रुप कैप्टन, विंग कमांडर और एक स्वाड्रन लीडर
- इसी साल नौ मार्च को हुई थी घटना, पड़ोसी देश ने जताया था एतराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुर्घटनावश** ब्रह्मोस मिसाइल दागे जाने की घटना की उच्चस्तरीय जांच में जिम्मेदार ठहराए गए वायु सेना के तीन अधिकारियों को मंगलवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। यह घटना इसी साल नौ मार्च को हुई थी और यह मिसाइल पाकिस्तान में जाकर गिरी थी। उस घटना के बाद रक्षा मंत्रालय ने गहरा खेद जताया था वहीं पाकिस्तान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

वायु सेना ने हालांकि उन अधिकारियों के रैंक और नामों का जिक्र नहीं किया है जिन्हें बर्खास्त किया गया है, लेकिन समझा जाता है कि बर्खास्त अधिकारियों में एक ग्रुप कैप्टन, एक विंग कमांडर और एक



फाइल फोटो

स्वाड्रन लीडर शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओए) ने इस घटना की जांच में पाया कि तीन अधिकारियों ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, नौ मार्च को गलती से एक ब्रह्मोस मिसाइल दागी गई थी। इस घटना को लेकर जिम्मेदारी तय करने सहित मामले के तथ्यों को स्थापित करने ( शेष पेज 8 )

# सिसोदिया के खिलाफ ईडी ने भी दर्ज किया केस

दिल्ली आबकारी नीति

- केजरीवाल ने कहा, सिसोदिया को दो से तीन दिन में किया जा सकता है गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित अनियमितता की जांच करने के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अन्य कथित रूप से शामिल हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दो से तीन दिन में गिरफ्तार किया जा सकता है। ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान



लेने के बाद धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं में अपना मामला दर्ज किया है। सीबीआई की प्राथमिकी में सिसोदिया और 14 अन्य नामज़द हैं।

सीबीआई ने 19 अगस्त को सात राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 19 स्थानों पर छापेमारी की थी जिसमें सिसोदिया और आईएएस अधिकारी एवं दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण का घर भी शामिल था। ईडी इस बात की जांच करेगा कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और क्रियान्वयन में अनियमितताएं तो नहीं की गईं। यह नीति पिछले साल नवंबर में अमल में लाई गई थी। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार ( शेष पेज 8 )

# समय पर निर्णय नहीं ले रही सरकार: गडकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** संसदीय बोर्ड से हटाए जाने के एक हफ्ते से भी कम समय में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार समय पर निर्णय नहीं ले रही है। मंत्री ने कथित तौर पर रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के कद्दावर नेता और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन गडकरी ने कहा कि आप चमत्कार कर सकते हैं। ऐसा करने की क्षमता भी है। मेरा सुझाव है कि भारतीय बुनियादी ढांचे का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हमें अपने देश में दुनियाभर में इस समय प्रचलित अच्छी तकनीक, अच्छे नवाचार, अच्छे शोध को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास वैकल्पिक सामग्री होनी चाहिए, जिससे हम गुणवत्ता से समझौता किए बिना लागत को कम किया जा सकता है। निर्माण गतिविधियों के मामले में समय सबसे महत्वपूर्ण चीज ( शेष पेज 8 )

# सोशल मीडिया स्टार, भाजपा नेता सोनाली फोगाट की मौत

- गोवा में रात को बेचैनी की शिकायत पर ले जाया था अस्पताल, अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व कुलदीप बिश्नोई ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** पणजी/चंडीगढ़

**हरियाणा** के हिसार जिले से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं सोशल मीडिया पर चर्चित अभिनेत्री सोनाली फोगाट का गोवा में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। फोगाट (42) अपने कुछ कर्मचारियों के साथ गोवा के दौरे पर थीं।

बेचैनी की शिकायत के बाद सोमवार की रात उन्हें उत्तरी गोवा जिले के अंजुना स्थित सेंट एंथनी अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने



सोनाली फोगाट की फाइल फोटो

उन्हें मृत घोषित कर दिया। टिकटॉक ऐप पर अपने वीडियो से मशहूर हुईं फोगाट रियलिटी टीवी शो बिग बॉस में भी नजर आई थीं। गोवा के पुलिस महानिदेशक जसपाल सिंह ने एजेंसी को बताया कि मामले में किसी तरह की साजिश का कोई संदेह नहीं है। पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। सिंह ने कहा कि उनके शरीर ( शेष पेज 8 )

बिल्कीस बानो मामला

# ग्यारह दोषियों की रिहाई के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए विचार करेगा कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली


**उच्चतम** न्यायालय बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों को गुजरात सरकार द्वारा रिहा किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया। गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत इस साल 15 अगस्त को गोधरा उप-कारावास से 11 दोषियों की रिहाई से इस तरह के जघन्य मामलों में इस तरह की राहत के मुद्दे पर बहस शुरू हो गई है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषियों को सजा में दी गई छूट और उसके कारण उनकी रिहाई के खिलाफ वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वकील अपर्णा भट की दलीलों पर संज्ञान लिया। सिब्बल ने याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा, हम केवल ( शेष पेज 8 )

# अडाणी समूह समाचार चैनल एनडीटीवी का करेगा अधिग्रहण

**भाषा।** नई दिल्ली

**उद्योगपति** गौतम अडाणी का समूह न्यू दिल्ली टेलीविजन लि. (एनडीटीवी) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के साथ समाचार चैनल क्षेत्र में कदम रखेगा। अडाणी समूह अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना के तहत मीडिया क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना चाहता है। अडाणी समूह ने इससे पहले प्रतिद्वंद्वी उद्योगपति मुकेश अंबानी से पूर्व में जुड़ी एक कंपनी का अधिग्रहण किया था।

इस कंपनी ने 2008-09 में एनडीटीवी को 250 करोड़ रुपए का ऋण दिया था। अडाणी समूह की कंपनी ने इस ऋण को अब समाचार चैनल में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी में बदलने के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया है। समूह ने मंगलवार को बयान में कहा कि इसी के साथ उसने एनडीटीवी में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 493 करोड़ रुपए की खुली पेशकश की है। अडाणी समूह का मीडिया क्षेत्र में यह बहुत बड़ा कदम है। इस क्षेत्र में मुकेश अंबानी के पास



प्रसारण कंपनी नेटवर्क18 के जरिए अच्छी-खासी हिस्सेदारी है। नेटवर्क18 सीएनएन-न्यूज़18 और सीएनबीसी-टीवी18 समेत कई समाचार चैनलों का संचालन करता है।

पिछले वर्ष अडाणी मीडिया वेंचर्स लिमिटेड (एएमवीएल) ने समूह की इकाई अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के नेतृत्व में डिजिटल समाचार मंच क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (क्यूबीएम) का अधिग्रहण किया था। समूह ने कहा, एएमवीएल की पूर्ण अनुषंगी विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीपीएल) के आआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (आरआरपीआर) में वॉरंट हैं। कंपनी ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,031 | ↑ 257 |
| निफ्टी | 17,577 | ↑ 86 |
| सोना | 51,707 | ↑ 157 /10g |
| चांदी | 55,662 | ↑ 364 /kg |

## क्विक न्यूज

### अल्पसंख्यक समुदाय के युवक ने छात्रा को पेट्रोल डालकर जलाया

**दुमका।** झारखंड के दुमका में अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक ने एकतरफा प्यार में असफल होने पर 12वीं की एक छात्रा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना में झुलसी युवती की हालत गंभीर है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दुमका नगर थानाक्षेत्र अंतर्गत जेरुवाडीह मोहल्ले की है। आरोपी पेशे से टाइल्स कारीगर है और वह पड़ोस में रहने वाले कारोबारी संजीव सिंह की 19 वर्षीया बेटी अंकिता से एकतरफा प्रेम करता था। लेकिन अंकिता द्वारा प्रणय निवेदन ठुकराए जाने से नाराज आरोपी ने उस पर सोते समय खिड़की से पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। अंकिता को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह आग में पीड़िता 90% तक झुलस गई है।

# आतंकी के संपर्क खंगालने रूस जाएगी आईबी व एनआईए टीम

- रूस में आईएस आत्मघाती हमलावर की गिरफ्तारी से केंद्र सरकार सतर्क, भारत में उसके नेटवर्क को तोड़ा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रूस** में आईएसआईएस आत्मघाती हमलावार की गिरफ्तारी से केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। इस हमलावर के भारत में संपर्कों की जांच के लिए शीघ्र ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) एवं इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त टीम मास्को जा सकती है।

रूसी अधिकारियों ने पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को उनकी हालिया मास्को यात्रा के दौरान आत्मघाती हमलावर की गिरफ्तारी से जुड़े घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी थी। आईबी और एनआईए की संयुक्त टीम आईएसआईएस के स्लीपर सेल के साथ उसके संभावित संबंधों को उजागर करने की कोशिश करेगी। पैगम्बर मोहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी का बदला लेने के लिए एक शीर्ष भाजपा नेता की हत्या करने के लिए इस आत्मघाती हमलावर को भारत भेजा रहा था।

यहीं उसे विस्फोटक साजो-सामान मुहैया कराने की योजना बनाई गई थी। दोनों शीर्ष एजेंसियों की संयुक्त टीम रूसी एजेंसियों द्वारा हमलावर से पूछताछ का विवरण इकट्ठा करने और यह पता लगाने की कोशिश करेंगी कि क्या कोई भारतीय आईएसआईएस कट्टरपंथी समूह टेलीग्राम ऐप से जुड़ा है, जिसके माध्यम से ( शेष पेज 8 )

# सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना और एकनाथ शिंदे की याचिकाएं संविधान पीठ के पास भेजीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शिवसेना और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से दाखिल उन याचिकाओं को मंगलवार को पांच सदर्स्यीय संविधान पीठ के पास भेज दिया, जिनमें दलबदल, विलय और अयोग्यता से जुड़े कई संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं। शीर्ष अदालत ने संबंधित याचिकाओं को बृहस्पतिवार को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। साथ ही निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह शिंदे गुट की उस याचिका पर कोई आदेश पारित न करे, जिसमें उसे असली शिवसेना मानने और पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिकाएं संविधान की 10वीं अनुसूची से जुड़े कई अहम संवैधानिक मुद्दों ( शेष पेज 8 )

# सुरक्षा नहीं परेशानी का सबब बन रहे बैरिकेड: कोर्ट

- हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सड़कों** पर मानवरहित बैरिकेड पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यह लोगों की सुरक्षा की बजाय परेशानी और जाम का सबब बन गया है। कोर्ट ने मंगलवार को सड़कों पर मानव रहित बैरिकेड पर दिल्ली पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए वरिष्ठ अधिकारी को पेश होने का निर्देश भी दिया।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने कहा कि ये सब क्या है, सड़कें परिवहन के लिए होती हैं या फिर अवरुद्ध किए जाने के लिए। उच्च न्यायालय एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें अदालत ने पहले



प्रतीकात्मक चित्र

प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र का स्वत: संज्ञान लिया था। इस पत्र को बाद में दक्षिणी दिल्ली की कई सड़कों पर मानवरहित बैरिकेड लगाने के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पास भेजा गया था। शुरुआत में पीठ ने देखा कि शाम के व्यस्त समय में पुलिसकर्मी सड़कों पर बैरिकेड लगाते हैं और यातायात नियंत्रण पर ध्यान दिए बिना एक तरफ खड़े रहते हैं। पीठ ने कहा कि एक मानवरहित बैरिकेड भी एक बड़े यातायात जाम का कारण बनता है। आप क्या सभी मार्गों को अवरुद्ध करके यातायात का प्रबंधन करते हैं। अगर किसी को चिकित्सकीय इमरजेंसी है तो उसे पहले आधा घंटा उस रास्ते को पार करने में लगाना होगा और संभव है कि बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल न पहुंच पाए। पीठ ने कहा कि जिसे भागना होता है, वह वैसे भी आपको चकमा देने में कामयाब हो जाता है। शाम छह बजे जब ट्रैफिक अपने चरम पर होता है तो आप ये बैरिकेड लगा देते हैं और सड़कों को अवरुद्ध कर देते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में बताया है कि मोबाइल बैरिकेड की खरीद, रखरखाव और परिचालन उपयोग से जुड़े एक स्थाई आदेश को 2021 में संशोधित किया गया है और यह निर्देश दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में बैरिकेड को मानवरहित नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

इस्तेमाल में न होने पर बैरिकेड को सड़क और फुटपाथ से हटा दिया जाना चाहिए, ताकि वे यातायात में किसी भी तरह की बाधा या मोटर चालकों और पैदल राहगीरों के लिए संभावित खतरे का कारण न बनें। अदालत के मुताबिक, पुलिस ने पुलिस मुख्यालय के चार मार्च 2022 के एक पत्र को भी रिकॉर्ड में रखा है, जो 2021 के स्थाई आदेश में निहित निर्देशों का ( शेष पेज 8 )

पायनियर

नई दिल्ली, बुधवार, 24 अगस्त, 2022



# गाजियाबाद में संपत्ति खरीदना हुआ महंगा

## नया सर्किल रेट आज से लागू, जिले में औसतन 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी




| पुराना | नया | पुराना | नया | पुराना | नया | पुराना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महराजपुर | 45500 | 50000 | 48000 | 53000 | 50000. | 55000 |
| प्रहलादगढ़ी | 45500 | 50000 | 48000 | 53000 | 50000. | 55000 |
| मकनपुर | 40500 | 45000 | 42500 | 47000 | 44500 | 50000 |
| इंदिरापुरम | 66500 | 75000 | 69800 | 80000 | 73100 | 84000 |
| वैशाली | 67500 | 77000 | 71000 | 81000 | 74200 | 85000 |
| सूर्यनगर | 67500 | 77000 | 71000 | 81000 | 74200 | 85000 |
| वसुंधरा | 56500 | 64000 | 59300 | 68000 | 62100 | 71000 |
| कौशांबी | 72500 | 82000 | 76000 | 86000 | 79700 | 91000 |
| गांधीनगर | 46000 | 50600 | 48000 | 51600 | 51000 | 52600 |
| कविनगर | 48000 | 57600 | 50000 | 60000 | 51000 | 61200 |
| बम्हैटा | 14000 | 16100 | 17000 | 19100 | 19000 | 21100 |
| रिपब्लिक | 19000 | 22800 | 22000 | 26400 | 23000 | 27600 |

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

छह साल बाद जिले में नया सर्किल रेट बुधवार से लागू होगा। इसके तहत संपत्ति खरीदना महंगा हो जाएगा। छह से 20 प्रतिशत तक सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई है। एनएच-नौ के चौड़ीकरण और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे बनने के बाद एनएच.नौ के किनारे स्थित गांवों और सोसायटियों में संपत्ति खरीदना सबसे अधिक महंगा हुआ है।

जिले में सर्किल रेट में औसतन 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। 29 जुलाई 2022 को जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची कलक्ट्रेट सहित तीनों तहसीलों में चस्पा कर आपत्ति मांगी थी जिनका निस्तारण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने किसानों के साथ बैठक की और प्रस्तावित सर्किल रेट में आंशिक संशोधन कराया। संशोधन के बाद नए सर्किल रेट को लागू करने के लिए उन्होंने सहमति दी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में आखिरी बार वर्ष 2016 में सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई थी, इसके बाद पिछले दो साल कोरोना के कारण सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया था। पिछले छह साल में जिले में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। एक तरफ जहां हाइवे बने हैं तो दूसरी तरफ दिल्ली .मेरठ के बीच रैपिड ट्रेन के संचालन के लिए आरआरटीएस कारिडोर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। जिस कारण मेरठ रोड और एनएच-नौ के किनारे संपत्ति खरीदने वालों की संख्या बढ़ी है। दोनों स्थानों पर सर्किल रेट अधिक बढ़ाया गया।

# नोएडा ट्विन टावर : ध्वस्त की जाने वाली देश की सबसे ऊंची इमारतें

- दोनों टावर गिरने से 35,000 घन मीटर मलबा पैदा होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली के कुतुब मीनार से भी ऊंचे नोएडा में सुपरटेक के अवैध ट्विन टावर 28 अगस्त को ध्वस्त की जाने वाली भारत की सबसे ऊंची इमारतें बन जाएंगी। परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि 100 मीटर से थोड़ी ज्यादा ऊंची इमारतें 15 सेकंड से भी कम वक्त में ताश के पत्तों से बने घर की तरह ढह जाएंगी।

ध्वस्तीकरण की यह प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से अंजाम दी जाएगी और उसके लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके ध्वस्तीकरण के बाद सबसे बड़ा सवाल 55,000 टन के मलबे का निस्तारण करने को लेकर पैदा होगा।

मुंबई स्थित कंपनी एडिफिस इंजीनियरिंग दक्षिण अफ्रीका की अपनी साझेदारी कंपनी जेट डिमोलिशंस के साथ मिलकर ध्वस्तीकरण का जिम्मा संभाल रही है, जो उसके लिए दुनिया में सिविल इंजीनियरिंग के सबसे बड़े कारनामों में से एक है। एडिफिस इंजीनियरिंग के अधिकारी उत्कर्ष मेहता ने कहा, सभी विस्फोटकों में धमाका होने में नौ से 10 सेकंड का वक्त लगेगा और धमाके की जोरदार आवाज आएगी।

धमाकों के बाद इमारतें एक बार में नहीं गिरेंगी और उन्हें पूरी तरह मलबे के ढेर में तब्दील होने में चार से पांच सेकंड का वक्त लगेगा। उन्होंने कहा, धूल का गुबार छंटने में लगभग 10 मिनट का वक्त लगेगा। एडिफिस इंजीनियरिंग पहले केरल के मराडु में अवैध रिहायशी इमारतों, तेलंगाना के सचिवालय और केंद्रीय कारागार तथा गुजरात में पुराना मोटेरा स्टेडियम ध्वस्त करने का जिम्मा उठा चुकी है। परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि ध्वस्तीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले विस्फोटकों में डेटोनेटर्स, रासायनिक मिश्रण और शॉक ट्यूब शामिल हैं, जिनमें जेल या पाउडर रूप में विस्फोटक सामग्री होती है।



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे पुलिस अधिकारी।

## 450 गाड़ियों की पार्किंग की तलाश में ट्रैफिक पुलिस

**नोएडा।** ट्विन टॉवर को विस्फोट से गिराए जाने में अब केवल 3 दिन शेष बचे हैं। इससे पहले आसपास के सोसायटी में रहने वाले लोगों की गाडियों को पार्क करने के लिए नोएडा ट्रैफिक पुलिस पार्किंग की जगह तलाश रही है। डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने वाहनों की सुरक्षित पार्किंग के लिए एमराल्ड कोर्ट सोसायटी के निवासियों के साथ बैठक की और स्थलीय निरीक्षण किया। डीसीपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि ट्विन टॉवर में विस्फोट से पूर्व एहतियात के तौर पर एमराल्ड कोर्ट में खड़े वाहनों को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर पार्क कराया जाएगा। सोसायटी के करीब 450 वाहनों को सुरक्षित पार्किंग के लिए लोगों ने सेक्टर-92 मार्ट, सिल्वर सिटी सहित एक अन्य स्थान का सुझाव दिया है। इस मुददे को लेकर उन्होंने सोसायटीवासी रजनीश, नंदन, गौरव महरोत्रा, उमा शर्मा सहित अन्य लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान सोसायटी वासियों के वाहनों की सुरक्षित पार्किंग को लेकर कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सेक्टरवासियों द्वारा पार्किंग के लिए बताए गए स्थानों का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

# 24 घंटे में 24 लोग मिले कोरोना संक्रमित

- 3948 नमूनें की हुई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कोरोना के केस धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। संक्रमण दर घट रही है और स्वस्थ दर में इजाफा हो रहा है। लैब से मंगलवार को 24 घंटे में 3948 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर 24 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

33 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि पिछले 23 दिन में 74936 लोगों की जांच करने पर 1528 लोग संक्रमित मिल चुके हैं। इनमें से 1238 संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। सक्रिय केस 523 से घटकर 290 रह गए हैं। अगस्त माह में अब तक की संक्रमण दर 2.04 प्रतिशत है। 14 अगस्त को जिले में संक्रमण दर 2.93 प्रतिशत थी जो अब घटकर 0.69 प्रतिशत रह गई है। 13 संक्रमितों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें से दो संयुक्त अस्पताल में भर्ती हैं। मार्च 2020 से लेकर अब तक जिले में 33.59 लाख लोगों की जांच के सापेक्ष 90105 संक्रमित मिल चुके हैं।



## रोटरी क्लब ने लगाया बूस्टर डोज शिविर

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाजियाबाद विकास द्वारा निशुल्क बूस्टर डोज शिविर लगाया है। शिविर का शुभारंभ रोटरी गवर्नर प्रियतोष गुप्ता द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग से रीना व कविता द्वारा लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई व लोगों को संक्रमण से बचाव की जानकारी दी गई। रोटरी क्लब गाजियाबाद विकास के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि शिविर में करीब 300 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई है। शिविर में विद्यालय प्रबंधक राज कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जेडीयू नेता के बेटे के अपहरण में शामिल फरार बदमाश का समर्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बिहार के जेडीयू नेता के बेटे के अपहरण में शामिल फरार बदमाश ने थाना बीटा-2 में आकर सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने अपहरण में शामिल दो बदमाशों को सोमवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।

ज्ञात हो कि बिहार के जेडीयू नेता मिनहाज खान निवासी बिहार के पुत्र दिलबर खान व उसके दोस्त परवेज अंसारी का अर्टिगा कार से अपहरण कर लिया गया था। बदमाशों ने अपहत युवकों को छोड़ने के लिए 5 लाख की फिरौती मांगी थी। सूचना पर पुलिस ने कार्यवाई करते हुए बीटा.2 पुलिस ने चुहड़पुर अंडरपास से परीचौक जाने वाली सर्विस रोड पर चैकिंग के दौरान अपहरणकर्ताओं को घेर लिया था और मुठभेड़ के बाद अय्यूब पुत्र मुमताज निवासी हल्दौनी व राशिद पुत्र यासीन निवासी बुलंदशहर को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि इनके साथी इमरान, पीरू व अन्य मौके से फरार हो गये थे।

इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मुठभेड़ के दौरान फरार इमरान पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम जलपुरा हल्द्वानी ने थाना बीटा-2 आकर सरेंडर कर दिया। अपहरण में शामिल अन्य बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई के दौरान शिकायतों का निपटारा करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में मंगलवार सुबह युवक का शव फंदे लटका मिला। पुलिस ने आत्महत्या का अंदेशा जताया है। हालांकि, मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रायपुर गांव में 21 वर्षीय हर्ष कुमार परिवार के साथ रहता था। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों को शक हुआ। परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो उसका शव पंखे से लटका था। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस वजह से आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। इसके बारे में मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। विभिन्न पहलुओं पर मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में सडक पार कर रही एक कामकाजी महिला को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी। इस संदर्भ में एसएचओ ट्रोनिका सिटी अरविंद पाठक ने बताया कि आज खड़खड़ी निवासी पप्पू की 32 वर्षीय पत्नी सपना अपने काम पर जा रही थी। इस दौरान जब वह सडक पार कर रही थी, तभी उसे ट्रक ने कुचल दिया। पुलिस ने वाहन को बरामद कर लिया है।

### तेलंगाना की राज्यपाल ने छात्रा को किया सम्मानित

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय की एमिटी इंस्टीटयूट ऑफन्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की बी टेक एनएसटी 2018 से 2022 बैच की छात्रा सुश्री चलमल्ला इक्षिता का चयन प्रख्यात इरास्मस मुंडस सरेना छात्रवृत्ति 2022 के लिए किया गया है जिससे वह यूरोप में परमाणु रिएक्टर संचालन और सुरक्षा कार्यक्रम में अपने परास्नातक को आगे बढ़ा सके। इस उपलब्धि पर सुश्री चलमल्ला इक्षिता को तेलंगाना राज्य की राज्यपाल महामहिम डा तमिलिसै सौंदरराजन द्वारा सम्मानित किया गया। एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डा अतुल चौहान और वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने छात्रा की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने छात्रा की उपलब्धता पर कहा कि हमें अपनी छात्रा चलमल्ला इक्षिता पर बेहद गर्व है क्योकी वह प्रतिष्ठित इरास्मस मुंडस सरेना छात्रवृत्ति 2022 के लिए चयनित होने वाली एकमात्र भारतीय है।

### दो बच्चियों से छेड़खानी, कैब चालक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र में एक कैब चालक ने दो बच्चियों के साथ अश्लील हरकत की। एक बच्ची ने इसकी जानकारी अपने घर जाकर दे दी। इसके बाद परिजनों और इलाके लोगों ने आरोपी चालक की पकड़कर धुनाई कर दी और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी कैब चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।साहिबाबाद थानाक्षेत्र की एक कालोनी में छह साल और आठ साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थीं। इसी दौरान पडोस में ही रहने वाला कैब चालक बच्चियों को बहलाकर अपने घर ले गया।

# पेशी के दौरान श्रीकांत त्यागी ने मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

- लुक्सर जेल के अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह से किया आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

महिला से बदसलूकी के आरोप में गिरफ्तार श्रीकांत त्यागी ने अपनी जान को खतरा बताकर अदालत में पेशी के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

लुक्सर जेल के अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीकांत त्यागी ने आवेदन में कहा है कि उसका मामला मीडिया में काफी चर्चा में रहा है, ऐसे में अदालत में पेशी के दौरान उसे भीड़ द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका है। सिंह ने बताया कि उसने पेशी के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा का



अनुरोध किया है। जेल अधीक्षक ने बताया कि सोमवार को श्रीकांत को जेल प्रशासन की ओर से अदालत लाने-जाने के क्रम में पूरी सतर्कता सतर्कता बरती गई थी। उन्होंने बताया कि श्रीकांत की अपील को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया है। श्रीकांत के वकील सुशील भाटी ने बताया कि उसने पेशी के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है, लेकिन उसे सुरक्षा अभी नहीं मिली है। सोमवार को श्रीकांत वर्ष 2007 के एक मामले और गैंगस्टर कानून के तहत दर्ज मामले में अदालत में पेश हुआ था। पुलिसकर्मी उसे अदालत के पीछे के रास्ते से लेकर वहां पहुंचे। 14 दिन की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया था। स्थानीय अदालत ने श्रीकांत को फिर से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

इससे पहले, सेक्टर 39 थाने में वर्ष 2007 में दर्ज एक मामले में श्रीकांत त्यागी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। पिछले दिनों नोएडा की एक सोसाइटी में महिला से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद श्रीकांत को गिरफ्तार किया गया था। मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रीकांत के खिलाफ गैंगस्टर कानून तथा भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति से लूट का प्रयास, बदमाश को लगी गोली



**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा

- आरोपी से देसी तमंचा और कारतूस बरामद

मॉर्निंग वॉक करने के लिए ने के लिए एक व्यक्ति से सेक्टर-105 के पास सुबह को मोबाइल फोन लूटने का प्रयास कर रहे बदमाशों से थाना सेक्टर-39 पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी है। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके से भाग रहे उसके दूसरे साथी को पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया। इन बदमाशों पर लूटपाट के कई मामले पूर्व में दर्ज है। घायल बदमाश अभी कुछ समय पूर्व ही जेल से छूटकर आया था। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने विभिन्न जगहो से लूटे हुए मोबाइल फोन, देसी तमंचा, कारतूस व लूट में प्रयोग होने वाली मोटरसाइकिल बरामद किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सुबह को सेक्टर 105 के पास मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकले एक व्यक्ति से लाल रंग की बाइक पर सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूटने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में घेराबंदी शुरू की।

उन्होंने बताया कि बोटैनिकल गार्डन पर लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर जाते हुए बदमाश दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बदमाश रुकने के बजाय पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से गोली चला कर भागने लगे। उन्होंने बताया कि पीछा करते हुए पुलिस ने सेक्टर 98 के पास बदमाशों को घेर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर गोली चलाई।

## महागुन के डायेक्टर सहित 5 पर केस

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने महागुन ग्रुप की नेक्सजेन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अमित जैन, धीरज जैन, श्रुति, नेहा कोहली और सुनील कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

फर्जी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट दिखाकर धोखाधड़ी के आरोप में थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज हुआ है। महागुन मेजारिया सोसायटी निवासी राजीव त्यागी ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 2012 में सेक्टर-78 माहगुन मेजारिया सोसायटी में फ्लैट बुक कराई थी। बिल्डर ने कई तरह की सुविधा देने का वादा किया था।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने हाउसिंग सोसाइटी पर लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर 16सी स्थित वेदांतम सोसाइटी पर 1.63 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खाते में जमा कराने को कहा गया है।

प्राधिकरण एरिया में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 लागू है। इसके तहत सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को खुद से कूड़े का निस्तारण करना अनिवार्य है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग कूड़े का उचित प्रबंधन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के सैनेटरी इंस्पेक्टर भारत भूषण व संजीव विधूड़ी, सुपरवाइजर गौरव नागर, मुदित त्यागी व इंद्र नागर की टीम ने सेक्टर 16सी स्थित वेदांतम सोसाइटी का जायजा लिया।

## आईएमएस लॉ कॉलेज में बांटे गए स्मार्ट फोन

**नोएडा।** आईएमएस लॉ कॉलेज नोएडा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्टफान योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को फोन बांटा गया।

मोबाइल वितरण कार्यक्रम में आईएमएस की डीन मेजर नुपुर गुप्ता, रजिस्ट्रार प्रदीप सारस्वत के साथ संस्थान के शिक्षकों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं कार्यक्रम में बीए एलएलबी एवं एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों को संबोधित करते हुए मेजर नुपुर गुप्ता ने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि सरकार द्वारा दिया जा रहा स्मार्टफोन आप सभी के पढ़ाई-लिखाई में उपयोगी होगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सैकड़ों स्ट्रीट लाइट बंद, लोगों में रोष

- कंपनी को काली सूची में डालने की मांग

**पायांनयर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पुरानी पीली लाइटों को बदलने और स्मार्ट पैनल लगाने का कार्य सूर्या रोशनी कंपनी को दिया हुआ है।


लगभग 42 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 7 साल तक स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव भी शामिल है। सूर्या कंपनी द्वारा ग्रेनो वेस्ट में अधिकांश सेक्टरों और सड़कों पर पीली लाइटों के बदले स्म्क् लाइट लगा दिया गया है और उसके साथ स्मार्ट पैनल भी लगाया गया हैए परन्तु फिर भी सड़कों पर रोशनी और चकाचौंध पुरानी पीली लाइटों के मुकाबले बहुत कम है।

नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट का कोई भी ऐसा सेक्टर और कोई भी ऐसा रोड नहीं जहाँ की सभी लाइटें जलती हैं। 100 प्रतिशत की बात तो छोड़ ही दीजिये 70 प्रतिशत लाइटें भी नहीं जलती। ग्रेनो वेस्ट निवासी व्हाट्सप्प और ट्वीटर के माध्यम से अँधेरे सडकों की लगातार शिकायतें कर रहे लेकिन सूर्या वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, वो लाइटें ठीक करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। रात में भी स्ट्रीट लाइटों का निरिक्षण करने पर अनेकों जगहों की लाइटें बंद मिली।

# नोएडा हाट में पूर्वोत्तर की संस्कृति से होंगे रूबरू

- फेस्टिवल 26 अगस्त से शुरू होकर 11 सितंबर तक चलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा के सेक्टर-33 स्थित नोएडा हॉट में 26 अगस्त से 17 दिवसीय नार्थ ईस्ट फैस्टिवल का आयोजन हाने जा रहा है।

उक्त आयोजन नोएडा हॉट द्वारा भारत सरकार के डोनर मंत्रालय, डेवलपमेंट कमिश्नर हैडिक्राफ्ट, नेशनल डिजाइन सेंटर टैक्सटाइल मंत्रालय, तथा नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से आयोजित होगा। इस आयोजन में आठों प्रदेशों के लोक कलाकार एवं बुनकर कामगारों को आमंत्रित किया गया है। ये लोग अपने यहां की क्राफ्ट, खानपान, संस्कृति, पर्यटन और अपनी परंपरा से रूबरू कराएंगे।

नोएडा हॉट के निदेशक मुकेश शर्मा ने बताया कि आगामी 26 अगस्त से 11 सितंबर 2022 तक नोएडा सेक्टर 33 स्थित नोएडा हॉट में नार्थ ईस्ट के 8 प्रदेशों अरूणाचल प्रदेश, आसाम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालेंड, त्रिपुरा, और सिक्किम के हैंडिक्राफ्ट और वहां के अन्य सामान को प्रस्तुत करने के लिए नार्थ ईस्ट फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालयों डोनर मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि नार्थ ईस्ट के सभी 8 प्रदेशों के हैंडिक्राफ्ट कलाकार यहां अपनी क्राफ्ट, खानपान, संस्कृति, पर्यटन और अपनी परंपरा से रूबरू कराएंगे।

मुकेश शर्मा ने बताया कि नोएडा एनसीआर के लोगों को यहां अरूणाचल के हैंडिक्राफ्ट, ऑरामेंटस, लकडी तथा बेंम्बू, हैंडलूम, कारपेट, आसाम की चाय, अचार, हाथ से बनाए गए खिलोने, सिल्क का सामान परपंरागत गहने, मेघालय के हस्त निर्मित शॉल, संतरा शहद, ऑरगैनिक सामान, मणिपुर की हाथी मिर्ची, कटोरे, प्लैटस आदि, मिजोरम के बेंम्बू के सामान, बास्केट, हस्त निर्मित कपडे व खिलोने, नागालैंड की नागा शॉल, आभूषण, लैदर आदि के सामान, त्रिपुरा के हस्त निर्मित सामान, फर्निचर, सिल्वर ज्वैलरी आदि, तथा सिक्किम के उनी कारपेट, पेंटिंग, आभूषण तथा ऑगैनिक खाने का सामान नार्थ ईस्ट के स्थानिय वाजिब दामों में उपलब्ध होगा। इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान की झालक भी देखने को मिलेगी। जहां खार्जी, मोमो, जैडोह, केली चना, पंच फॉरन तरकारी, चाखवी तथा थुकपा का स्वाद भी लोग ले सकेंगे। इसके साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मंजूरी के लिए भेजी जाने वाली हर फाइल पर हों सीएम के हस्ताक्षर

## एलजी ने दिए बिना हस्ताक्षर फाइल भेजने के चलन को रोकने के सख्त आदेश

- नए आदेश के बाद केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच तल्खियां और बढ़ने की संभावना




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति को लेकर मचे घमासान के बीच उपराज्यपाल ने आदेश जारी किया है कि उनकी राय या मंजूरी के लिए कोई भी फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय से सीएम अरविंद केजरीवाल के हस्ताक्षर के बिना न भेजी जाए। इसे मुख्यमंत्री कार्यालय से बिना हस्ताक्षर फाइल भेजने के चलन को रोकने की दिशा में सख्ती के तौर पर देखा जा रहा है। इस आदेश से केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच तल्खियां और बढ़ने की संभावना है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखा है कि उनके (केजरीवाल) हस्ताक्षर के बिना ही मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा फाइल उनकी राय और मंजूरी के लिए भेजी जा रही हैं। उप राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच विभिन्न मुद्दों पर टकराव के बीच यह दावा किया गया है। सूत्रों के अनुसार, सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विभिन्न प्रस्तावों पर उनकी राय या मंजूरी के लिए उनके पास भेजी जाने वाली सभी फाइल पर मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर हों। इस संबंध में दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

एक सूत्र ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हस्ताक्षर के बगैर उपराज्यपाल की राय, उनके विचार और मंजूरी के लिए फाइल सीएमओ द्वारा भेजी जा रही हैं। इन फाइल पर अक्सर सीएम ने देखा है और मंजूरी दी है और सीएम ने देखा है जैसी उनके कनिष्ठ अधिकारियों की टिप्पणियां होती हैं।

सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर के बिना उपराज्यपाल कार्यालय को भेजी जा रही फाइल शहर के प्रशासन और शासन के साथ ही अत्यंत संवेदनशील मामलों से संबंधित होती हैं।

# सिसोदिया ने फेल किया ऑपरेशन लोटस : सिंह

- कहा, सीबीआई-ईडी का दबाव बना कर सरकार को गिराने की थी कोशिश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा के ऑपरेशन लोटस को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी (आप) ने फेल कर दिया।

यह दावा करते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि सीबीआई-ईडी का दबाव बना कर दिल्ली सरकार को गिराने की कोशिश नाकाम हो गई। पार्टी मुख्यालय पर मंगलवार को प्रेसवार्ता में संजय सिंह ने कहा कि ईडी और सीबीआई सिर्फ सरकार गिराने और तोड़फोड़ करने वाली एजेंसी बन गई है, जो भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए शराब नीति मुद्दा नहीं है। उनके लिए केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि न तो अरविंद केजरीवाल रुकने वाले हैं और ना ही शिक्षा-स्वास्थ्य का मॉडल रुकने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार शराब नीति पर हमला कर रही है और गुजरात में जहरीली शराब से 100 से ज्यादा लोग मर गए। उसका जवाब आज तक किसी भी भाजपा नेता ने नहीं दिया। इस मामले में क्यों ईडी-सीबीआई की जांच नहीं की गई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि यह हम दिल्ली में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# आबकारी नीति : केजरीवाल सरकार ने सिफारिशों को किया नजरअंदाज: भाजपा

- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी व सांसद प्रवेश वर्मा ने बोला नए सिरे से हमला
- शराब व्यापार में सुधार के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अनदेखी का दावा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ हमले तेज करते हुए मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति में हुए उल्लंघनों और राजधानी में शराब व्यापार में सुधार के लिए गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को नजरअंदाज किया था।

भाजपा ने कहा कि आप के नेता उसकी ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देने की बजाय एक दूसरे की पीठ थपथपा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की आबकारी नीति के अनुसार शराब के उत्पादक, खुदरा विक्रेता और वितरक एक नहीं हो सकते।

इतना ही नहीं, इनसे जुड़ी कंपनियों के निदेशक और हितधारक भी एक नहीं हो सकते। उन्होंने दावा किया कि 25 अक्टूबर, 2021 को दिल्ली के आबकारी विभाग द्वारा ऐसे कुछ मामलों को सरकार के संज्ञान में लाया गया था, जिनमें उत्पादक, खुदरा विक्रेता और वितरक एक समान थे लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि एक विशेषज्ञ समिति ने सुझाव दिया था कि शराब की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार नहीं किया जाना चाहिए लेकिन दिल्ली सरकार ने शराब के एक कार्टन पर एक कार्टन मुफ्त देना आरंभ कर दिया। उन्होंने कहा कि समिति ने सुझाया था कि आबकारी नीति में कर्नाटक के मॉडल को अपनाया जाना चाहिए जिसमें थोक व्यापार का काम सरकार का होगा। समिति ने कहा था कि व्यक्ति विशेष को एक से अधिक लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

वर्मा ने आरोप लगाया कि समिति ने गांवों और कॉलोनियों में, जहां व्यापारिक बाजार नहीं है, वहां शराब की दुकानें ना खोलने का सुझाव दिया था लेकिन सरकार ने सभी सुझावों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा कि आबकारी नीति के तहत यदि कोई आवेदक बोली लगाने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर लाइसेंस नहीं प्राप्त करता है तो उसकी लाइसेंस फीस जब्त करने का प्रावधान है लेकिन आप की सरकार ने एक आवेदकों को 144 करोड़ रुपये लौटा दिए। यह वही आप सरकार है जिसने कोरोना महामारी के समय एक भी व्यवसाई को एक पैसे तक की राहत नहीं दी।

### भाजपा से मिले ऑफर की रिकॉर्डिंग जारी करे आप : राकांपा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) से कहा कि वह उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को की गई पेशकश की कथित रिकॉर्डिंग जारी करके दिल्ली में सरकार गिराने के भाजपा के प्रयासों का पर्दाफाश कर दे।

सिसोदिया ने दावा किया था कि भाजपा ने उन्हें प्रस्ताव दिया था कि अगर वह पार्टी में आ जाते हैं तो उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा और उनके खिलाफ सभी मामले वापस ले लिए जाएंगे।

राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रस्टो ने कहा कि अगर भाजपा की ओर से इस तरह की पेशकश के दावे सच हैं, तो भारत में लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी विधायकों को इसी तरह की पेशकश की चर्चा थी और अंतत: महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई। आप कहती है कि उनके पास पेशकश की रिकॉर्डिंग है, तो इंतजार क्यों। उन्हें भाजपा से संदेश मिला था कि आप छोड़कर भगवा पार्टी में शामिल हो जाएं। आबकारी नीति को लेकर जांच का सामना कर रहे सिसोदिया के पलटवार करते हुए कहा कि वह अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

# एम्स में धोखाधड़ी: 3.68 करोड़ की संपत्ति जब्त

- नेत्र विज्ञान केंद्र से जुड़े धनशोधन में ईडी की कार्रवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने कोविड-19 फैलने के दौरान दिल्ली में एम्स के नेत्र विज्ञान केंद्र में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 3.68 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति तथा बैंक में जमा राशि जब्त की है। धन शोधन का यह मामला दिल्ली पुलिस द्वारा सितंबर 2021 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक कर्मचारी बिजेंद्र कुमार तथा अन्य के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी से सामने आया।

पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा गया है कि कोरोना वायरस महामारी फैलने के दौरान एम्स के नेत्र विज्ञान के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर (आरपीसी) को सामान की आपूर्ति किए बिना स्नेह इंटरप्राइजेज नामक कंपनी को भुगतान किया गया।

ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया कि कुमार एम्स की नेत्र विज्ञान इकाई में कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक के तौर पर काम कर रहा था और उसने डॉ. अतुल कुमार के एक कार्यक्रम सहायक के साथ मिलकर फर्जी सामान के ऑर्डर तैयार किए तथा स्नेह इंटरप्राइजेज के पक्ष में फर्जी आपूर्ति ऑर्डर दिए। उसने कहा कि स्नेह इंटरप्राइजेज की मालिक स्नेह रानी ने एम्स से फर्जीवाड़ा कर हासिल की गई धन राशि अपने अन्य बैंक खाते में भेजी और विभिन्न पक्षकारों को भुगतान किया।

### जेएनयू में झड़प मामले में दो अलग-अलग केस दर्ज

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक दिन पहले विद्यार्थियों के एक गुट और सुरक्षा गार्ड के बीच हुई झड़प के मामले में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की।

विश्वविद्यालय ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दो सुरक्षा गार्ड की बेरहमी से पिटाई की गई है और उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जो यहां के शैक्षणिक माहौल को खराब करने के दोषी पाए जाएंगे।

वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय पर प्रदर्शन के दौरान हमला करने का आरोप लगाया है।

# आधुनिक सीवर लाइनों से यमुना होगी साफ : सौरभ



- मंत्री ने सीवर लाइनों के जल्द विस्तार के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जल बोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों को पूरी दिल्ली में सीवर लाइन बिछाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हर घर को आधुनिक सीवर लाइन से जोड़ने के लिए केजरीवाल सरकार दिन-रात काम कर रही है।

बेहतर साफ सफाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाने, पर्यावरण को बेहतर बनाने और यमुना नदी को साफ करने के लिए आधुनिक सीवर लाइनों का विस्तार आवश्यक है। 21वीं सदी में कोई भी घर ऐसा नहीं होना चाहिए जो सीवर नेटवर्क से जुड़ा न हो।

दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उपाध्यक्ष ने राजधानी में आधुनिक सीवर लाइनों के नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया की सीवर लाइन के विस्तार के साथ साथ एसटीपी की क्षमता को भी बढ़ाना होगा, जिससे घरों से निकलने वाले गंदे पानी का सही ट्रीटमेंट हो सके और यमुना को जल्द पूरी तरह स्वच्छ बनाया जा सके।

सीवर लाइन बिछाने की परियोजना को समय से पूरा करना केजरीवाल सरकार का प्राथमिक उद्देश्य बन गया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आधुनिक सीवेज नेटवर्क एक बुनियादी सुविधा है जो दिल्ली में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को मिलनी चाहिए। इससे उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा और वे सामाजिक व आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरण को भी बेहतर बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए प्रक्रिया को और सरल बनाया जाना चाहिए।

# गोलीबारी की एक जैसी दो वारदात, दो लोगों की मौत

- एक घटना मुंडका तो दूसरी बुराड़ी में हुई, आरोपी फरार, व्यापारी घायल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में दो अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात हमलावर देखे गए हैं। घटना सोमवार को हुई थी और पीड़ित जेजे कॉलोनी, बक्करवाला के निवासी थे।

घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मंगल (60) और जोगिंदर (42) को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोहन लाल (62) का इलाज चल रहा है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अपराध शाखा और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के दलों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके से छह खाली कारतूस व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। सड़क के प्रवेश द्वार पर हमलावरों में से एक का हेलमेट भी मिला है। शर्मा के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में 25 से 28 साल की उम्र के दो लोगों को बक्करवाला गांव से रात नौ बजकर पांच मिनट पर आते हुए और फिर कुछ देर बाद वापस भागते हुए देखा गया।

उपायुक्त ने बताया कि उनमें से एक ने काली टोपी पहन रखी थी और दूसरे ने सिर पर मफलर बांध रखा था। पुलिस ने मुंडका थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और 34 (सामान्य इरादा) व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि प्राथमिकी में धारा-120बी (आपराधिक साजिश की सजा) भी जोड़ी गई है। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में मंगलवार को दो अज्ञात हमलावरों ने एक कारोबारी को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान अमित गुप्ता के रूप में हुई है, जो एक कारोबारी और होटल व्यवसायी है। फिलहाल अमित खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार को 12 बजकर 55 मिनट पर हुई थी।

### सुकेश को तिहाड़ से मंडोली जेल भेजने का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और उसकी पत्नी को तिहाड़ जेल से शहर के मंडोली जेल में स्थानांतरित करने का मंगलवार को आदेश दिया।

न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने चंद्रशेखर और उसकी पत्नी की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में आरोप लगाया कि उनकी जान को खतरा है। पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर गौर करने तथा 17 जून 2022 को दिए गए आदेश पर विचार करते हुए इस अदालत का मानना है कि प्रतिवादी द्वारा दिए गए बयान के आधार पर याचिकाकर्ताओं को मंडोली जेल में स्थानांतरित किया जाए।

# एमसीडी ऐप पर मिलेगी कुत्तों की नसबंदी की जानकारी

- कुत्ते को ले जाने से लेकर छोड़ने तक पूरी जानकारी ऑनलाइन होगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी ऐप 311 में डॉग स्टेरेलाइजेशन मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया है। इस मॉड्यूल के तहत कुत्ते के पिकअप से लेकर उसके स्टेरेलाइजेशन की सभी प्रक्रिया को तारीख सहित तस्वीरों के साथ एमसीडी 311 ऐप पर ऑनलाइन अपडेट किया जायेगा। डॉग स्टेरेलाइजेशन मॉड्यूल के अंतर्गत एमसीडी 311 ऐप में कुत्ते की नसबंदी केंद्र पर लेकर जाने , सर्जरी की तारीख और उसके बाद कुत्ते को वापस उसी क्षेत्र में छोड़ना जहां से उसे उठाया गया, इससे सम्बन्धी पूरा ब्यौरा तस्वीरों के साथ ऑनलाइन अपडेट किया जायेगा।

इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एमसीडी ऐप 311 में डॉग स्टेरेलाइजेशन मॉड्यूल को शुरू करने से डॉग स्टेरेलाइजेशन संबंधी पूरा आंकडा ऑनलाइन उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि कई बार हमें शिकायत मिलती है कि हमारी फील्ड टीमों द्वारा कुछ पड़ोस से आवारा कुत्तों को उठाया जा रहा है, लेकिन न्यूटियरिंग सर्जरी के बाद उसी इलाके में वापस नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम इस मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आवारा कुत्तों की नसबंदी की निगरानी करेगा साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि सर्जरी के बाद जानवरों को उसी जगह छोड़ा जाए जहाँ से उठाया गया है। इस प्रकार की शिकायतों का निपटान करने में यह डॉग स्टेरेलाइजेशन मॉड्यूल विशेष रूप से सहायक होगा।

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली में मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार मुलाकात करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की उपराष्ट्रपति से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने के उपरांत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उनसे यह प्रथम शिष्टाचार मुलाकात थी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बताया कि फरीदाबाद में माता आनंदमयी द्वारा स्थापित अमृता अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड से शिष्टाचार मुलाकात के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि किसान परिवार से उपराष्ट्रपति पद पर पहुंचने वाले जगदीप धनखड़ का से मिलना हमेशा सुखद रहा है। उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने के उपरांत उनसे मेरी पहली शिष्टाचार मुलाकात थी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हरियाणा प्रदेश से गहरा संबध रहा है। मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति से हरियाणा के संदर्भ में चर्चा हुई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से हमें सदैव मार्गदर्शन मिलता रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि माता अमृतानंदमयी द्वारा फरीदाबाद में स्थापित किए गए अमृता अस्पताल का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को करेंगे। वहां पर एक मेडिकल कालेज भी स्थापित किया जा रहा है। फरीदाबाद में स्थापित अमृता अस्पताल से जनमानस को अच्छी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### नासिर गैंग का शार्प शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले जामिया नगर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में एक महिला समेत नासिर गैंग के दो शार्प शूटर को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। जामिया इलाके के नूर नगर एरिया में दिनदहाड़े वसीफ सत्तार नाम के एक युवक को कई गोलियां दागी गई थीं। गोली लगने के बाद वसीफ की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस सिलसिले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोहम्मद आजीम और अरमान को गिरफ्तार किया है।

### महंगाई को लेकर कांग्रेस की 4 सितंबर को रैली




**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा है कि 4 सितंबर को महंगाई को लेकर रामलीला मैदान पर रैली करने जा रही है। इसको लेकर चलो रामलीला मैदान नारे के साथ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में ली। कार्यकारिणी की बैठक में देश सहित दिल्ली भर में बढ़ती महंगाई पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार लड़ रही है। कुमार ने कहा कि राहुल की अध्यक्षता में 4 सितंबर को रामलीला मैदान, दिल्ली में होने वाली महंगाई पर हल्ला बोल रैली में सभी वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, सभी प्रदेशों से संगठन पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। रैली की तैयारियों के लिए दिल्ली कांग्रेस जिलावार चौपाल में आयोजित कर महंगाई पर चर्चा की जा रही है।

# सार्वजनिक परिवहन की कमान संभालेंगी 200 महिला बस चालक

- कैलाश गहलोत ने पहले बैच की 11 महिलाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजना दिल्ली परिवहन निगम (डीसीटी) की बसों में 200 महिला चालकों की नियुक्ति करने की है। परिवहन मंत्री ने 11 महिला बस चालकों के पहले बैच को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिन्होंने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

कैलाश गहलोत ने पत्रकारों से कहा कि महिलाओं के लिए यह महत्वपूर्ण दिन है। महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार देना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना था। आज 11 महिला चालकों को प्रशिक्षण पूरा करने पर नियुक्ति पत्र मिले।

मंत्री ने कहा कि 10 और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जबकि अन्य बैच भी शुरू हो गए हैं। हमारी योजना डीटीसी में 200 महिला चालक रखने की है। इस साल फरवरी में, दिल्ली सरकार ने राजधानी में डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिलाओं को चालक के तौर पर भर्ती करने के लिए कद के मानदंड में ढील दी थी। दिल्ली सरकार ने भविष्य में पेशेवर टैक्सी चालक बनने के लिए ड्राइवर प्रशिक्षण लेने की इच्छुक महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जुलाई में एक योजना भी शुरू की थी।

सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, प्रशिक्षण का 50 फीसद अर्थात प्रत्येक महिला के लिए लगभग 4800 रुपये परिवहन विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। महिलाओं का प्रशिक्षण बुराड़ी, लोनी और सराय काले खां में सरकार द्वारा स्थापित इन-हाउस ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किया जाएगा।

### मिशन परिवर्तन ने बदली तस्वीर

दिल्ली सरकार ने परिवहन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सोसाइटी फॉर ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एसडीटीआई) और बुराड़ी में महिलाओं को भारी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस देने और प्रशिक्षित करने के लिए 'मिशन परिवर्तन' की इस साल अप्रैल में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शुरुआत की थी। दिल्ली सरकार और अशोक लीलैंड लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में लागू किया जा रहा है।

### धनशोधन मामले में सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन से जुड़े एक मामले में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को नियमित जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने आरोपी और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद उन्हें नियमित जमानत दी। पहले पूनम जून को अंतरिम जमानत मिली थी। उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया था। अदालत के आज के विस्तृत आदेश की अब भी प्रतीक्षा है। जैन के वकील ने बताया कि अदालत ने सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत सुनवाई की अगली तारीख 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। पूनम पहले उनके विरूद्ध समन जारी होने पर अदालत में पेश हुई थीं और नियमित याचिका पर फैसला होने तक अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दी थी।

# श्रमिकों की मांगों को पूरा कराने का होगा प्रयास : विधायक सिंगला

## श्रमिकों को दिया मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन

## अपने जनजागरण अभियान के तहत विधायक से मिले श्रमिक प्रतिनिधि


विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपते भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के प्रतिनिधि।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अपनी** मांगों को लेकर मंगलवार को विधायक सुधीर सिंगला से भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय औद्योगिक ईकाई भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुलाकात करके मांग पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि देश भर में प्राइवेट ट्रांसपोर्ट क्षेत्र मे कार्यरत करोड़ों श्रमिकों की मांगों को लेकर 19 अगस्त से जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत देश भर के विधायकों के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगों और समस्याओं को पहुंचाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के माध्यम से भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की है कि करोड़ों श्रमिकों की मांगों को सरकार से पूरा करवाने का निवेदन किया।

महासंघ के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों में बताया कि कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाए, बीमा की राशि कम की जाए, पुराने वाहनों के लिए राष्ट्रीय स्कैप्प नीति बनाई जाए, पेट्रो उत्पादों पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए और कोरोना के समय में लोन पर मोडिटोरियम किए गए समय पर लगने वाली पैनल्टी व ब्याज को माफ किया जाए।

विधायक सुधीर सिंगला ने सभी मांगों को हरियाणा सरकार और विधानसभा में उठाने का आश्वासन कार्यकर्ताओं को दिया। इस अवसर पर भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा, राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री नवीन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राघव, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमराज रोहिल्ला, सच्चिदानंद तिवारी, शहजान अली, रोहित कुमार चौबे सहित भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक राकेश जांघू के गांव में जनसंख्या से ज्यादा हैं मतदाता


पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने निगम चुनाव के लिए कराई गई जन गणना में जमकर हुई धांधली का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बादशाहपुर के विधायक राकेश जांघू के गांव दौलताबाद में कुल जनसंख्या से अधिक मतदाता शामिल हैं। गुरुग्राम के पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश अग्रवाल ने इसे नायाब नमूना बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि अधिकारियों की सहमति से सर्वे करने वाली एजेंसी ने जो आंकड़े तैयार किये हैं, उन्हें किसी भी तरीके से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उमेश अग्रवाल के मुताबिक निगम की जनगणना में छह बूथ वाले दौलताबाद गांव में मतदाताओं की संख्या 6640 है, जबकि जनगणना में इसकी जनसंख्या मात्र 5875 दिखाई गई है। इस हिसाब से विधायक के गांव में जनसंख्या वोटरों की संख्या गांव की कुल आबादी से भी 765 कम है। श्रीअग्रवाल ने धांधली के साथ की गई इस जनगणना पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कैसे संभव हो सकता है कि किसी क्षेत्र की आबादी भी उसके वोटरों की संख्या से कम है।

**विधायक सुधीर सिंगला के क्षेत्र में भी गड़बड़ी :** जिस रिहायशी कॉलोनी बर्फ खाना (सिविल लाइन्स) में गुरुग्राम के वर्तमान विधायक सुधीर सिंगला रहते हैं, वहां भी मतदाताओं के मुकाबले जनसंख्या में भारी घालमेल किया गया है। इस कालोनी के वोटरों की संख्या 1367 के मुकाबले जनसंख्या मात्र 1033 दर्शाई गई है। इसी तरह से न्यू पालम विहार फेस-2 में वोटरों की संख्या 2343 है, जबकि जनसंख्या 390 दर्शाई गई है। यह भी बड़ी लापरवाही है।

# दलित समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराने को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन


गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद को ज्ञापन सौंपते दलित समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** मंगलवार को दलित समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मेयर मधु आजाद से उनके निवास पर मिला। उनसे समाज की शमशान भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बता दें कि बीती 5 अगस्त को दलिद्यत समाज के सैंकड़ों व्यक्ति पैदल मार्च करते हुए स्थानीय लघु सचिवालय में पहुंचे थे।

जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर पटौदी चौक पुलिस चौकी के पास स्थित दलित समाज की शमशान भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त करवाने का अनुरोध किया था। मंगलवार को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उसी ज्ञापन की एक प्रति मेयर मधु आजाद को सौंपी तथा अनुरोध किया कि वे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को इसे भिजवाएं। समाज की शमशान भूमि को जल्द से जल्द अवैध कब्जे से मुक्त करवाने में सहयोग करें।

ज्ञापन के माध्यम से दलित समाज द्वारा अनुरोध किया गया है कि दलित समाज की शमशान भूमि पर गरीब बच्चों की शिक्षा एवं आवास के लिए डा. भीमराव अंबेडकर छात्रावास बनाया गया था। छात्रावास के केयर टेकर के रूप में खेमचन्द डाबला पुत्र नान्हड़ को अस्थाई तौर पर रखा गया था। कुछ वर्षो पश्चात उन्होंने व उनके भाई लक्ष्मी नारायण डाबला ने एक साजिश रचते हुए दलित समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके अनाधिकृत निर्माण कर लिया और रजिस्ट्री भी धोखाधड़ी से अपने नाम करा ली। मेयर मधु आजाद ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से सभी वर्गों सहित दलित वर्ग की भलाई के लिए सदा तत्पर है। उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि दलित समाज की इस जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करवाकर सही हाथों में इसे सौंपा जाए।

# सरकार कौड़ियों के भाव खरीदना चाहती है जमीन : भूपेंद्र हुड्डा

**गुरुग्राम।** मानेसर में जमीन अधिग्रहण के मुद्दे को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रही जमीन बचाओ, किसान बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की।

ज्ञापन में समिति ने बताया कि मानेसर के कासन, खोह, कुकडौला, सहरावन गांव की 1810 एकड़ जमीन का सरकार बहुत कम भाव पर अधिग्रहण कर रही है। यह किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो भूमि अधिग्रहण नीति बनाई थी, उसमें किसान हितों को सबसे ऊपर रखा गया था। उस भूमि अधिग्रहण कानून के तहत जमीन अधिग्रहण के लिये 70 प्रतिशत किसानों की सहमति जरूरी है, लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों की जमीन को कौड़ियों के भाव खरीदना चाहती है। श्रीहुड्डा ने कहा कि सरकार किसानों की मांगों को माने और उन्हें नये भूमि अधिग्रहण कानून के मुताबिक मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं।

# सेक्टर-14 में पालतू कुत्तों का आतंक, लोगों ने की डीसीपी से शिकायत

## नवीन गोयल के नेतृत्व में मिले लोगों को डीसीपी ने दिया सहयोग का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-14 में पालतू कुत्तों के आतंक से लोग परेशान है। इससे भी अधिक परेशानी उसकी मालकिन से है, जो कुत्तों को लेकर शिकायत करने पर लोगों से ही भिड़ जाती है। इसी परेशानी को लेकर मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में सेक्टर-14 के काफी लोगों ने डीसीपी से मुलाकात करके अपनी बात रखी। लोगों ने बताया कि सुमन मिश्रा नामक महिला ने 15 से अधिक कुत्ते अपने घर में रखे हुए हैं। जब भी वह गली में कुत्तों को घुमाने निकलती है तो कुत्ते अक्सर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला कर देते हैं। अब तक 50 से अधिक लोगों को उसके कुत्तों द्वारा काटा जा चुका है। वह किसी एनजीओ के साथ भी जुड़ी है। जब कभी भी उसकी शिकायत पुलिस में दी गई तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उलटे शिकायत करने वालों पर ही दबाव बनाया गया। नवीन गोयल के साथ डीसीपी से मिलने पहुंचे संजय सैनी, स्नेहा पांडे, प्रिंसिपल ईश्वर यादव, सूरज भान पांचाल, अमर सिंह यादव, संजय यादव, संजय कुमार, अरविंद, रणंजय, प्रवीन सैनी, राजन आदि ने बताया कि उनकी गली में 177 घर हैं। इन सभी घरों के लोग उस महिला के व्यवहार से परेशान हैं और यहां कुत्तों का आतंक है।


सेक्टर-14 में पालतू कुत्तों के आतंक को लेकर डीसीपी से मिलने पहुंचे लोग।

# बिजली कनेक्शन काटने के फर्जी मैसेज की साइबर ठगी से बचें

## बिजली बिल से सम्बंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर पर ही संपर्क करें

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**साइबर** ठग लोगों को ठगने के लिए हर रोज नए-नए तरीके अपना रहे हैं। यदि किसी नागरिक को ऐसा मेसेज आता है कि बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कुछ घंटों में आपका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा, तो ऐसे मैसेज से सतर्क रहें। ऐसे संदेश पर ध्यान ना देकर उसे तुरंत प्रभाव से डिलीट कर दें, क्योंकि बिजली निगम केवल बिल लम्बित होने के बारे में ही सूचना देता है। ना कि कनेक्शन काटने की चेतावनी देता है और ना ही किसी नम्बर विशेष पर संपर्क करने को कहता है।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला वासियों को आगाह किया है कि इन दिनों शातिर ठगों द्वारा लोगों को नए तरीके से फांसने की कोशिशों के तहत बहुत से नागरिकों के पास मोबाइल पर एक मैसेज आ रहा है कि आपका बिजली का बिल बकाया है और इस एवज में आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इतना ही नहीं बाकायदा कनेक्शन काटने का समय भी बताया जा रहा है कि आज रात कनेक्शन कटेगा। बाद में एक नंबर भेजा जा रहा है और उस पर बात करने की सलाह दी जा रही है। काफी उपभोक्ता मैसेज में दिए गए नंबर पर काल करके पूछते हैं कि ऐसा क्यों होगा। बात करने पर अहसास होता है कि यह ठगी का तरीका है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में यदि किसी बिजली उपभोक्ता का बिल बकाया है और उसे इस प्रकार का संदेश प्राप्त होता है तो वे सतर्कता बरतकर मैसेज पर अपनी प्रतिक्रिया ना देते हुए उसे अपने फोन से डिलीट कर दे।

### साइबर ठगी से बचने के लिए तुरंत 1930 पर करें कॉल

**यदि** किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पनाइन नंबर-1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उपायुक्त ने जिला के नागरिकों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी, लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नया नंबर-1930 जारी किया गया है।

### टोल फ्री नंबर पर ही संपर्क करें बिजली उपभोक्ता

**डीएचबीवीएन** सर्किल वन के अधीक्षक अभियंता (आपरेशन) मनोज यादव ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा बिल जमा करने में हो रही देरी के लिए उपभोक्ता को एक रिमाइंडर संदेश जरूर भेजा जाता है, लेकिन उस मैसेज में कोई बिल पेमेंट लिंक या मोबाइल नंबर नहीं होता। ऐसे में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को इस तरह के मैसेज को लेकर कोई प्रतिक्रिया न देने की सलाह दी जा रही है। इसके बाद भी यदि किसी बिजली उपभोक्ता को अपने बिजली बिल को लेकर कोई संशय है तो वे अपनी नजदीकी बिजली कार्यालय अथवा बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर-1800-180-4334 पर ही संपर्क करें।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान: सहयोग देने के लिए कर्मचारियों को तिरंगा वितरित किए



**पायनियर समाचार सेवा।** धरुहेरा

**इस** साल 15 अगस्त, 2022 को भारत ने अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। इस अवसर पर भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वाधान में 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 के बीच 'हर घर तिरंगा' अभियान लॉन्च किया, ताकि नागरिकों को अपने घरों व ऑफिसेज़ में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की प्रेरणा मिले। सरकार के इस अभियान में योगदान देने के लिए कार्ल्सबर्ग इंडिया ने गर्व से पूरे देश में अपनी सभी ब्रेवरीज और ऑफिसेज में 'तिरंगा' फहराया।

कार्ल्सबर्ग इंडिया के वीपी एचआर, अभिषेक अरोड़ा ने कहा, ''75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, कार्ल्सबर्ग इंडिया में हम सबने सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान को अपना समर्थन देने के लिए धरुहेरा में अपनी ब्रेवरी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हमने अपने कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज बांटे, ताकि वो अपने-अपने घरों पर वो ध्वज फहरा सकें। इस समारोह के द्वारा हमारे कर्मचारियों में देशभक्ति और उत्साह की भावना का संचार हुआ।'' उन्होंने बताया, ''हमने बच्चों को अपने अभिभावकों के कार्यस्थल पर आमंत्रित किया ताकि वो इस दिन ध्वजारोहण के कार्यक्रम में हिस्सा ले सकें। बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने स्थानों से पोस्टर मेकिंग और ड्राईंग प्रतियोगिता में भी बहुत उत्साह से हिस्सा लिया। इस अभियान ने देशभक्ति की भावना का संचार किया और हमारे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच स्वतंत्रता के प्रतीकों के लिए सम्मान व जागरुकता बढ़ाने में मदद की।'' इस अभियान ने पिछले सालों के मुकाबले एक परिवर्तन लाने में मदद की, जब राष्ट्रीय ध्वज केवल संस्थानों में फहराया जाता था। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रीय ध्वज से व्यक्तिगत जुड़ाव और राष्ट्र निर्माण एवं संगठन के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्ल्सबर्ग इंडिया 'हर घर तिरंगा' पर राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में यकीन करता है।

# सोहना नप के 13 गांवों को जोड़ा जाएगा केन्द्र की अमृत-2 योजना से

## गंदे और बरसात के पानी से निजात और पेयजल आपूर्ति की सुविधा मिलेगी

**एन. रोहिल्ला।** सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद के सभी 13 गांवों को केन्द्र सरकार की अमृत-2 योजना से जोड़ने की कवायद शुरु करने जा रहा है। इस योजना के तहत परिषद के सभी गांवों को सीवर और पेयजल आपूर्ति की सप्लाई से जोड़ा जाएगा।

नगर परिषद के अधीन आए 2014 में गांव लोहटकी, सिरसका, खाइका, बालूदा, लाखूवास, जखोपुर, रायपुर, सांप की नंगली, मौहम्मदपुर, सोहना ढाणी, गुंडवास, राम नगर की ढाणी और रायसीना के ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन की सुविधा दी जाएगी। जिससे गांवों में भी शहर की भांति गंदा व बरसाती पानी जमा न हो सके। गांवों के प्रत्येक रास्ते व गलियों में बने मकानों से निकलने वाले गंदे पानी को सीवर लाइन तक लाया जाएगा। विभाग के जेई खुर्शीद अहमद ने बताया कि इस सीवर पानी को नगर परिषद सीमा क्षेत्र से बाहर ले जाया जाएगा। जिसके के लिए शहरी क्षेत्र में सीवर की बड़ी लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी योजना में शहरी क्षेत्र की उन कॉलोनियों को भी जोड़ा जाएगा। जिनमें अभी तक सीवर लाइन नहीं बिछाई है। इसके लिए विभाग द्वारा जल्द ही सर्वे कराई जाएगा। सर्वे के आधार पर बजट तैयार करके केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।




> “ **इस** केन्द्र की योजना को लगभग तैयार कर लिया है। अब उच्चाधिकारियों के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के दो साल में योजना को अमलीजामा पहना दिया जाएगा। इस योजना पर लाखों रुपये खर्च की जाएगी ओमप्रकाश सिंह
>
> **(एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)**

**पेयजल आपूर्ति भी दी जाएगी :** नगर परिषद के गांवों को गुरुग्राम के धनकोट से आ रहा नहरी पानी की पेयजल आपूर्ति लाइन से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बूस्टर बनाएं की योजना पहले से तैयार है, लेकिन नगर परिषद से बूस्टर बनाने के लिए जिस गांव में जमीन उपलब्ध करा दी जाएगी। वहीं पर सबसे पहले बूस्टर का निर्माण कराने के साथ-साथ प्रत्येक घर को नहरी पानी कनेक्शन दे दिया जाएगा।

# अपग्रैड ने जॉब-इनेबल्ड कोर्सेस लॉन्च किए आजादी के 75वें वर्ष में कॉलेज फ्रेशर्स

## कामकाजी पेशेवरों के लिए 750 नौकरियों का है लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एशिया** की सबसे बड़ी हायर एडटेक कंपनी अपग्रैड भारत में अपस्किलिंग के प्रोग्राम का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो बनाने के लिये अपनी कौशल की क्रांति (स्किलिंग रिवॉल्यूशन) से उपजी भारी मांग को पूरा करने में जुटा है। इसके द्वारा अपनी पहली नौकरी चाहने वाले और कामकाजी पेशेवर अपग्रैड ब्राण्डेड अपने खुद के कोर्स कर सकते हैं।

इसका आधार यह 5 महत्वपूर्ण पेशकशें और अवसर हैं। 80 फीसदी लोगों को पहली बार नौकरी पाना असंभव लगा। अपग्रैड का कोर्स पोर्टफोलियो उन्हें सही कुशलताएं देकर रोजगार के योग्य बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। कॉर्पोरेट्स के लिये नियुक्तियों का खर्च बढ़ रहा है और इससे नियोक्ता तथा कर्मचारी, दोनों का समय और खर्च बचता है। आज अपग्रैड दुनिया की 3700 कंपनियों के साथ उनकी प्रशिक्षण सम्बंधी जरूरतों पर काम करती है और महत्व का यह प्रस्ताव उनसे बिलकुल मेल खाने वाला है। पिछले 7 वर्षों में अपने 3 मिलियन से ज्यादा के लर्नर-बेस के कारण अपग्रैड को कर्मचारी की आवश्यकताओं की समझ है और इसलिये इन कोर्सेस में शामिल प्रशिक्षण के सभी आयामों की पहचान के लिये वह सबसे अच्छी स्थिति में है। यह प्रोग्राम्स मुख्य रूप से ऑनलाइन और आंशिक तौर पर मिश्रित हैं, जिसके लिये प्रमुख शहरों में कुछ ऑफलाइन सेंटर्स आ रहे हैं, ताकि अपग्रैड देश के भीतर भारी रोजगार बढ़ाने और चलाने का यह मौका ले सके। यह प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री की 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की आकांक्षा को और भी गति देगी।

अपग्रैड के सह-संस्थापक एवं एमडी मयंक कुमार ने कहा, रोजगार में सक्षम बनाने के लिये हमारे अपने ब्राण्डेड सर्टिफिकेशन कोर्सेस हमें इस पर ध्यान देने का लचीलापन देते हैं कि पहली बार के कर्मचारियों या कामकाजी पेशेवरों को नौकरी में आगे बढ़ने या खुद को अपग्रैड करने के लिये कॅरियर बदलने के लिये क्या चाहिये। यह भारत को सीधे दुनिया की वैश्विक कौशल प्रतिभा राजधानी के रूप में स्थापित करने के अपग्रैड के मिशन के अनुरूप है।

नॉलेजहट अपग्रैड के संस्थापक एवं सीईओ सुब्रमण्यमरी ने कहा, इस पेशकश के लिये हम पिछले कई वर्षों से तैयारी कर रहे थे और हमारा मानना है कि हमारे पास हर किसी को नौकरी के लिये तैयार करने की मजबूत आकांक्षा निर्मित करने वाला सही कंटेन्ट, पेशकश, टेक्नोलॉजी और प्रशिक्षक हैं। पूरी तरह से ऑनलाइन हमारा पढ़ाई का अनुभव 6 से 8 महीने के एक अंशकालिक (पार्ट टाइम) कोर्स के लिये होगा।

अपग्रैड में न्यू बिजनेस के वीपी आशीष शर्मा ने कहा, हम इन प्रोग्राम्स के लिये यूरोप और यूएस में भारी मांग देख रहे हैं, जबकि भारत वह बड़ा मौका है, जिस पर हम पहले एक साल के लिये केन्द्रित होना चाहते हैं। दुनिया को 2030 तक 20 मिलियन डेवलपर टैलेंट चाहिये और हम इसे अपने कार्यस्थल के कायाकल्प की घोर आवश्यकता के तौर पर देखते हैं।

# डीपीएसजी सुशांत लोक ने समाज के अग्रणी लोगों को किया सम्मानित


गुरुग्राम स्थित डीपीएसजी सोसाइटी की ओर से समाजसेवा के अग्रणी कार्यों के लिए बोधराज सीकरी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**गुरुग्राम।** डीपीएसजी सुशांत लोक की ओर से गणमान्य लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह डीपीएसजी सोसाइटी द्वारा उन लोगों को सराहने और सम्मानित करने की एक अनूठी पहल है, जो अपने क्षेत्र में दूरदर्शी रहे हैं। समाज के प्रति उनकी सेवा में अथक और निस्वार्थ रहे हैं।

यह सम्मान समारोह आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का एक हिस्सा था। इस आयोजन में सामाजिक कार्य, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, रक्षा, सिविल सेवा, शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। एवीएम एलएन शर्मा एवीएसएम, पूर्व प्रमुख सहायक वायु सेना (शिक्षा), शिक्षा और प्रशिक्षण के निदेशक और डीपीएसजी सोसायटी के सचिव विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।

कैप्टन इंदु बोकन डीईओ गुरुग्राम, बोधराज सीकरी वाइस चेयरमैन सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा सरकार, हरिंदर सिंह संस्थापक अध्यक्ष रियलिस्टिक रियल्टर्स और रीचप्रो ग्रुप से कुमार विकास सक्सेना अध्यक्ष, इम्पॉवरमेंट एनजीओ से डॉ. माहेश्वरी और डॉ. नंदा आर्टेमिस अस्पताल गुरुग्राम, कुलदीप सिंह बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए। प्रिंसिपल मीनू चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्हें उनके अनुकरणीय और अतुल्यनीय कार्य के लिए बधाई दी।

# एमवे इंडिया 100 फीसद प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल बना

## प्री और पोस्ट कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल बनने वाली भारत की पहली एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में सबसे बड़ी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया अपने विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) संग्रहण के आधार पर 100 फीसद पोस्ट-कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट का प्रबंधन करने और एमवे विनिर्माण सुविधा में उत्पन्न 100 फीसद प्री-कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट रिसाइकिल करने के बाद प्री और पोस्ट कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रल कंपनी बन गई है। कंपनी ने 800 मीट्रिक टन पोस्ट-कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट संग्रह और रिसाइकल किया है, जो 5 करोड़ यूनिट से अधिक प्लास्टिक प्रोडक्ट वेस्ट के प्रबंधन के बराबर है जिसमें विभिन्न आकार की बोतलें, ट्यूबें, कैप, जार और पाउच शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इसने प्री-प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रलिटी प्राप्त करने के लिए अपने विनिर्माण संयंत्र में 100त्न खतरनाक प्रोडक्ट्स और प्लास्टिक वेस्ट रिसाइकल और फिर से इस्तेमाल किया है। पर्यावरण और समाज संबंधी समग्र प्रभाव के दृष्टिकोण के जरिए अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने अपनी संवहनीयता महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कुछ स्पष्ट कदम उठाए हैं, जिससे लोगों की बेहतर जीवन, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने की अपनी दृष्टि को फिर से बहाल किया है।




इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एमवे इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, रेगुलेटरी अफेयर्स, आदिप रॉय ने कहा, एमवे में, स्वस्थ धरती के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे प्रोडक्ट्स, प्रक्रियाओं और फिलॉसफी में परिलक्षित होती है। संवहनीयता केवल अनुपालन से नहीं जुड़ी है बल्कि एमवे की संस्कृति का अंतर्निहित हिस्सा है। प्री और प्रोस्ट-कंज्यूमर प्लास्टिक वेस्ट न्यूट्रलिटी हासिल करना हमारी उपलब्धियों में से एक है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हम अपने प्रोडक्ट्स की बोतलों को रिसाइकल किए गए प्लास्टिक से बनाकर हम जो परिकल्पना कर रहे हैं, उसके अनुरूप प्लास्टिक वेस्ट पॉल्यूशन कम से कम करने के तरीकों को पता लगाना जारी रखेंगे।

हम दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाकर और आने वाली पीढ़ियों की फलने-फूलने में मदद कर अधिक संवहनीय कंपनी बनने के प्रति प्रतिबद्ध और दृढ़संकल्प हैं। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, एमवे इंडिया प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) में पंजीकरण कराने वाले देश के पहले ब्रांड स्वामियों में से एक है।

इसके अलावा, एमवे इंडिया में, मुख्य रूप से विनिर्माण और योजना निर्माण और खरीद विभागों की क्रॉस-फंक्शनल टीम ने एक साथ मिलकर संगठन के दीर्घकालिक संवहनीय विकास के उद्देश्य से, धरती पर हमारे व्यवसाय का प्रभाव कम से कम करने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किया है। कुछ प्रमुख संवहनीयता पहलों में संयंत्र में नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल, सॉयल एंड वाटर कंजर्वेशन और संवहनीय कृषि पद्धतियां शामिल हैं।

# सुविधाएं और शिक्षकों का अभाव पैदा कर स्कूल बंद करने की साजिश कर रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### हरियाणा में सरकार गरीबों से शिक्षा का हक छीन कर अंधकार में धकेलना चाहती है

**हरियाणा** सरकार के 105 स्कूलों को बंद करने के फरमान के विरोध में मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने गांव जोगी माजरा में प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तरी जोन विशाल खुब्बड़ की अध्यक्षता में शाहबाद के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला।

विशाल खुब्बड़ ने विरोध प्रदर्शन में भागीदार गांव के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा स्कूल लेक्चर्स एसोसिएशन की सभी मांगों का समर्थन करती है और मूलभूत अधिकार को लेकर शिक्षकों और छात्रों का साथ देती है। उन्होंने कहा कि कम शिक्षकों और छात्रों की बात करके हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल जनता को गुमराह कर रहे हैं।

सच्चाई यह है कि स्कूलों में पर्याप्त सुविधाओं देना और शिक्षक भर्ती करने में प्रदेश की भाजपा सरकार असफल रही है। आम आदमी पार्टी का गुणगान करते हुए खुब्बड़ ने कहा कि एक तरफ तो दिल्ली में पिछले दो सालों में चार लाख बच्चों ने प्राइवेट स्कूल छोड़ कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है, दूसरी और हरियाणा में सरकार गरीबों से शिक्षा का हक छीन कर उन्हें अंधकार में धकेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा शिक्षा और स्कूलों का निजीकरण करना है। जनता अब जागरूक हो चुकी है, बेहतर शिक्षा और चिकित्सा सुविधा लोगों की मूलभूत जरूरतें है। जब तक हरियाणा सरकार द्वारा स्कूलों को बंद करने का आदेश वापस नहीं लिया जाता, आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन जारी रहेगा।

उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्कूलों को बंद होने से रोकें। शाहबाद के हल्का अध्यक्ष हरबंस लाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी इन मुद्दों को लेकर 2024 में सरकार बनाएगी। पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है। जनता की मूलभूत सुविधाओं के प्रति आम आदमी पार्टी संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन में दीवान सिंह राणा, पुष्प राज अग्रवाल, डॉ. रोहताश रंगा नलवी, युवा नेता नवजोत सिंह, बीर सिंह, जितेंद्र वाल्मीकि, दीदार सिंह सरपंच, ललित अग्रवाल, दर्शन कश्यप, नसीब सिंह मोहरी, गुलशन कश्यप, तरसेम सैनी, बनारसी दास, गीता रानी, संतोष, पिंकी, रोशनी, निम्मो, कलावती, मीना, सोरण लाल और जगदीश मौजूद थे।


गांव जोगी माजरा सरकारी स्कूल के बाहर हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त-समाचार

### आर्य कन्या महाविद्यालय में किया पौधारोपण




**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय में हरितिमा परिषद एवं एनएसएस के सहयोग से मंगलवार को पौधारोपण किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरती त्रेहन ने छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को पौधे लगाने से पर्यावरण में बदलाव के बारे में समझाया। महाविद्यालय परिसर में कुल 30 पौधे लगाए गए, जिसमें जूनिपेरस, सावनी और श्रृंगार आदि पौधे शामिल थे। पौधारोपण कार्यक्रम में हरितिमा परिषद एवं एनएसएस की 62 छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके कुशा गुप्ता, डॉ. पूनम सिवाच, डॉ. हेमा सुखीजा, डॉ. प्रियंका सिंह और अंजना आदि मौजूद थीं।

### डीएवी स्कूल में हुआ विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह




**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डीएवी सैन्टेनरी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह करवाया गया, जिसमें उपमंडल अधिकारी कपिल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य कंवल गाबा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा, निपुण गर्ग, स्कूल की स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य बलदेव राज सेठी, हेमंत बंसल और डीएवी लुक्खी के प्रधानाचार्य गजेंद्र शर्मा द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां डाली और ईश्वरीय स्तुति की। इस हवन को कुरुक्षेत्र के आचार्य मोहन लाल और शास्त्री धर्म वीर ने संपन्न करवाया। तत्पश्चात स्कूल के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंत में सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न से आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। इस मौके इंचार्ज अध्यापिका ज्योति खुराना, मोनिका वालिया, सोनिया, नीति और रीतिका मौजूद थी।

### शाहाबाद में 493वीं नेत्रदानी बनी कैलाश रानी मक्कड़



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** यहां के माजरी मोहल्ला निवासी 80 वर्षीय कैलाश रानी मक्कड़ के मरणोपरांत नेत्रदान किए गए हैं। इस तरह वे शाहाबाद की 493वीं नेत्रदानी बन गई है। यह जानकारी देते हुए होलसेल केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान पवन सचदेवा ने बताया कि कैलाश रानी मक्कड़ का सोमवार को देहांत हो गया था। उन्होंने मरणोपरांत नेत्रदान करने का संकल्प फार्म भर रखा था, जिस कारण परिवार ने पवन सचदेवा से संपर्क करके माता के नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की। पवन सचदेवा ने तुरंत माधव नेत्र बैंक करनाल की चिकित्सक टीम से संपर्क किया। टीम के डॉक्टरों ने शाहाबाद आकर दिवंगत के नेत्र सुरक्षित कर लिए। पवन सचदेवा ने सहयोग करने के लिए परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सभी लोग इस महाकुंभ सहयोग करें, तो देश से अंधापन रोग दूर हो सकता है। उन्होंने सभी नगर निवासियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकल्प में बेझिझक होकर सहयोग करें। सचदेवा ने कहा कि नेत्रदान करके ही हम मरणोपरांत भी इस नश्वर संसार को देख सकते हैं।

### मेले से पूर्व निकाली जाहरवीर गोगाजी की छड़ी यात्रा



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** श्री जाहरवीर सेवा दल समिति की तरफ से मंगलवार को तीन दिन तक लगने वाले श्री जाहरवीर गोगा जी के पावन पर्व पर मेले को लेकर छड़ी यात्रा निकली गई। छड़ी यात्रा श्री जाहरवीर सेवा दल समिति के मुख्य पुजारी लाभ सिंह के सानिध्य में निकाली गई। यात्रा देवी मंदिर रोड खजूर वाली गली से आरंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी, महादेव चौक से होते हुए श्री नगर खेड़े पर पहुंची, जहां पर छड़ी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद पुनः खजूर वाली गली में पहुंची। श्री जाहरवीर सेवा दल समिति के मुख्य पुजारी लाभ सिंह ने बताया कि 24 अगस्त दिन बुधवार देर रात को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कलाकार भजनों के माध्यम से जाहरवीर बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। सेवादार शुभम जोगी, ललित वर्मा, डिंपल सैनी, तरसेम गुप्ता व गगन सहित भक्तजन मौजूद थे। वहीं स्टेशन माजरी स्थित श्री जाहरवीर गोगा माड़ी की तरफ से भी छड़ी यात्रा आयोजित की गई, जोकि श्री जाहरवीर गोगा माड़ी से शुरू होकर नगर के विभिन्न बाजारों से होते हुए श्री बाबा नगर खेड़े पर माथा टेकने के बाद पुनः श्री जाहरवीर गोगा माड़ी पर पहुंची। छड़ी यात्रा का श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया व नतमस्तक हुए। श्री जाहरवीर गोगा माड़ी सभा के प्रधान राम कुमार ने बताया कि 24 अगस्त देर रात को बाबाजी की चौकी का कार्यक्रम होगा, जिसमें शुगरफैड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण और नपा के अध्यक्ष गुलशन कवात्तरा शिरकत करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 28 को करेंगे मारुति-सुजुकी के खरखौदा प्लांट का शिलान्यास

# विश्व का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होगा आईएमटी खरखौदा : सुनील शर्मा

### उद्योग की स्थापना से लगभग 50 हजार युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सोनीपत** के खरखौदा में स्थापित होने वाला आईएमटी दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होगा। इस क्षेत्र में लगभग 900 एकड़ में स्थापित होने वाले मारूति-सुजुकी उद्योग का शिलान्यास 28 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंस द्वारा करेंगे। इस उद्योग की स्थापना से लगभग 50 हजार युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

यह बात मंगलवार को एचएसआईआईडीसी के चीफ कोआर्डिनेटर सुनील शर्मा ने पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लगभग चार वर्ष के अथक प्रयास के बाद इस उद्योग को खरखौदा में लाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आईएमटी क्षेत्र के पूर्ण हो जाने से पूरे क्षेत्र की कायाकल्प होगी। इस क्षेत्र में लगभग एक हजार इकाइयों को प्लाटो का आवंटन किया जा चुका है और अन्य के लिए प्रक्रिया जारी है। इतनी बड़ी कंपनी की स्थापना से इस क्षेत्र के लोगों को भी रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। उन्होंने अपने अनुमान के मुताबिक कहा कि प्रदेश के लगभग 2.5 लाख परिवारों में से लगभग पचास हजार परिवारों को इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त होगा। इतनी बड़ी संख्या में रोजगार मिलने से प्रदेश में खुशहाली का नया दौर आरंभ होगा।



पत्रकारों से बातचीत करते एचएसआईआईडीसी के चीफ कोआर्डिनेटर सुनील शर्मा।

खरखौदा के आईएमटी क्षेत्र के तैयार होने से केवल मात्र उद्योगों में ही नहीं अपितु क्षेत्र के लोगों के लिए अनेक रोजगार के साधन बढ़ेंगे। औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षण संस्थान, आवास, अस्पताल की स्थापना होगी। यहां तक कि राशन, चाय व जलपान की दुकान चलाने वालों के लिए भी अच्छे अवसर मिलने वाले हैं। शर्मा पत्रकारवार्ता के साथ-साथ जिला के उद्योगपतियों से भी रूबरू हुए। उन्होंने उद्योगपतियों, मीडिया व आम जन का भी आह्वान किया कि 28 अगस्त को आईएमटी खरखौदा में शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर पहुंचकर खुशी का इजहार करें। इस दिन प्रधानमंत्री मारूति-सुजुकी प्लांट खरखौदा प्लांट का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मौजूद होंगे। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश के सांसदों, मंत्री तथा विधायकों को भी न्योता दिया गया है। उन्होंने उद्योगपतियों का आह्वान किया कि वे इस पर्व जैसे समारोह में अवश्य भाग लें।

एथनिक इंडिया राई में आयोजित उद्योगपतियों व पत्रकारों के इस संयुक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरखौदा औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के प्रधान राजीव दहिया ने एचएसआईआईडीसी के चीफ कोआर्डिनेटर का स्वागत करते हुए कहा कि खरखौदा जैसे क्षेत्र में मारूति-सुजुकी के प्लांट की स्थापना पूरे क्षेत्र के भविष्य की लाइफलाइन होगी। उन्होंने कुंडली, राई, बड़ी व मुरथल औद्योगिक क्षेत्रों से आए उद्योगपतियों को 28 अगस्त को होने वाले समारोह के लिए आमंत्रित किया।

# स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की देंगे जिम्मेदारी : उपायुक्त



उपायुक्त ललित सिवाच ने राज्य स्तरीय दिशा की बैठक को संबोधित करते हुए।

### मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय दिशा की बैठक में दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतरीन संचार सुविधाएं दी जाएंगी, जिसके अंतर्गत विद्यालयों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उपायुक्त ललित सिवाच ने राज्य स्तरीय दिशा की बैठक उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उनसे पहले दिशा की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन संचार व्यवस्था के लिए ट्रांसपोर्ट अधिकारी की नियुक्ति की जाए। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एजेंडा में शामिल सभी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए, जिस पर उपायुक्त सिवाच ने सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना का भरोसा दिया।

बैठक में मेरी फसल मेरा ब्योरा, ग्राम पंचायतों में वाई-फाई की व्यवस्था, शिक्षा विभाग के तहत ड्रोप आउट स्थिति व 3 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहन देना व मिड-डे मील की समीक्षा, उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, हर घर जल योजना, हर घर बिजली, स्वास्थ्य विभाग के तहत कोरोना वैक्सीनेशन, कमजोर वर्ग के लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय आधार कैंटिन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं, प्रधानमंत्री एंप्लोयमेंट जनरेशन प्रोग्राम, नेशनल हैल्थ मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, मनरेगा तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की गई।

# मोबाइल मेडिकल वैन से हल्के के लोगों को मिलेगा लाभ : संदीप गर्ग


गांव कौलापुर में ग्रामीण महिला का टैस्ट करते मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**स्टालवार्ट** फाउंडेशन द्वारा 15 अगस्त से लाडवा हल्के के लोगों के लिए चलाई गई मोबाइल मेडिकल वैन से मंगलवार को पिपली ब्लॉक के गांव कौलांपुर में लगभग 65 लोगों के ब्लड सैंपल की जांच की गई।

ग्रामीण कुलबीर सिंह ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो लाडवा हल्के के लोगों को यह मोबाइल मेडिकल वैन की सुविधा दी है, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि संदीप गर्ग द्वारा हल्के में अनेक कार्य कराए जा रहे हैं, जो विधायक बनने के बाद भी लोग नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग को अब राजनीति में भी आगे आना चाहिए, ताकि लोगों के और ज्यादा काम हो सकें। हल्के के लोगों को ऐसे ही व्यक्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग ने जो मेडिकल वैन दी है, उसमें लोगों के अनेक प्रकार के टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पीड़ित हैं, उन्हें अपने शरीर की अनेक प्रकार की बीमारियों की जांच करानी होती है, उन्हें महंगे दामों में वह जांच करानी पड़ती थी। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि वह लाडवा हल्के के लोगों की सेवा करने के लिए ही आए हैं और सेवा कर भी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हल्के के लोगों की सुविधा को देखते हुए मेडिकल वैन समर्पित की है, जिसमें मात्र 50 रुपये में मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा ब्लड टैस्ट, लीवर टैस्ट, शुगर टैस्ट, ब्लड प्रैशर टैस्ट, ईसीजी, किडनी टैस्ट आदि टैस्ट किये जाते हैं। इससे पूर्व गांव कौलापुर में मंगलवार को लगभग 65 ग्रामीणों के टैस्ट किये गए और मौके पर ही रिपोर्ट देकर उनको उनकी बीमारी के बारे में बताया गया। मौके पर सतनाम सिंह, गुरचरण सिंह, कर्म सिंह, रीना देवी, परमजीत कौर, जसविन्द्र कौर, किरण आदि मौजूद थे।

## युवक ने खुद को गोली मार कर दी जान

**कुरुक्षेत्र।** पिपली में एक सिरफिरे आशिक ने आत्महत्या कर ली। आशिक अपनी कथित प्रेमिका का जन्मदिन मनाने के लिए दोस्तों के साथ उसके घर पहुंचा था। पहले उसने प्रेमिका के घर वालों को रिवाल्वर से धमकाया। शादी से मना करने पर उसने खुद को गोली मार कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में रिशात ने बताया कि उसकी चक्रपाणी केयर ऑफ ब्रह्मानन्द पुरोहित निवासी उत्तराखण्ड से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। सोमवार को उसके फोन पर चक्रपाणी का फोन आया कि मैं पीपली में खड़ा हूं। मेरे को लेने के लिए आ जाओ। वह चक्रपाणी को लेने अपनी स्कूटी पर पीपली गया था। चक्रपाणी ने बताया कि आज उसकी गर्ल फ्रेंड का जन्म दिन है। चक्रपाणी ने अपनी गर्ल फ्रेंड के लिये केक लिया। उसके बाद वे उसकी गर्लफ्रेंड के गांव गए। चक्रपाणी उसे घर के बाहर खड़ा करके अंदर चला गया। थोड़ी देर बाद घर से बाहर आते ही चक्रपाणी ने गली में खड़े होकर अपने हाथ में लिए नजायज असले से अपने माथे पर गोली चला दी।

# कर्मचारियों ने निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर की नारेबाजी

### जब तक मांगें पूरी नहीं होगीं तब तक संघर्ष जारी रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सोनीपत** में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जन स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए नगर निगम कमिश्नर के ऑफिस का घेराव कर धरना दिया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है ना तो समय पर वेतन मिलता है और ना ही दूसरी सुविधाएं मिल रही हैं। कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह अपना आंदोलन तेज करेंगे। सोनीपत में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए नगर निगम कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनकी काफी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर अभी तक सरकार ने समाधान नहीं निकाला है और कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। कर्मचारियों को पीएसआई की सुविधा नहीं मिल रही। कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। कर्मचारियों की मुख्यत मांगें समय पर वेतन देने वेतन बैंक के माध्यम से देने, ईपीएफ ईएसआई खाता खोलने, उसमें अंशदान शेयर जमा करने, साप्ताहिक अवकाश देने, ड्यूटी समय निर्धारित करने, आर्थिक सामाजिक सुरक्षा देने, नौकरी से हटाने, बार-बार धमकी पर रोक लगाने सरकार द्वारा निर्धारित डीसी रेट देने कौशल रोजगार निगम में पंजीकृत करने समान काम समान वेतन देने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।


कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

प्रदर्शन में विष्णु दत्त भारद्वाज, विनोद शर्मा, धूप सिंह लाकड़ा, सुरेन्द्र सिंह, सुरेश नैयर, रामप्रसाद, महेंद्र सारसर, पंचराम, धरमबीर, सतबीर शर्मा, याद सिंह, धर्मेंद्र, रणबीर सिंह, संजय, शंभू कुमार, अमित कुमार, राजबीर सिंह, मुकेश दहिया, नरेश कुमार, सतीश कुमार, मोहन सिंह, जोगेन्दर, महेंद्र, दलीप सिंह, मौसम, विनोद, कमला, सुनिता, कृष्ण दुग्गल, सुरेश, जगदीश, इंद्रजीत, सेवानंद, सूरज, सुनील, हनुमान, राजकपूर, रामेश्वर, अरविंद, विनोद रवि, राज, श्रीपाल, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत,
निराशा है शत्रु यहां, आशा है बस मीत,
जब हकीकत देख देख कर मन झुलसा जाए,
तब तुमको देगा सहारा सपनों का संगीत।

## इंडियन बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 1,213 करोड़ रुपये रहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सार्वजनिक** क्षेत्र के इंडियन बैंक का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 2.7 फीसदी बढ़कर 1,213 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने बताया कि मार्च 2022 में 984 करोड़ रुपये के सापेक्ष निवल लाभ में तिमाही-दर-तिमाही 23% वृद्धि होने से यह जून 2022 में 1213 करोड़ रुपये रहा।

मार्च 2022 में 2738 करोड़ रुपये के सापेक्ष जून 2022 में परिचालन लाभ 30% बढ़कर 3564 करोड़ रुपये रहा, यह मुख्यत: स्प्रेड एवं अन्य आय के कारण हुआ। मार्च 2022 के 4255 करोड़ रुपये के सापेक्ष जून 2022 में बैंक की निवल ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष 7% बढ़कर 4534 करोड़ रुपये हो गई। मार्च 2022 के 1489 करोड़ रुपये के सापेक्ष जून 2022 में गैर ब्याज आय (राजकोष आय को छोड़कर) 17% बढ़कर 1736 करोड़ रुपये रही। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर मार्च 2022 में 0.62 प्रतिशत के सापेक्ष जून 2022 में आस्तियों पर प्रतिलाभ 11 बीपीएस बढ़कर 0.73 प्रतिशत रहा। गत तिमाही में 11.70% के सापेक्ष जून 2022 में इक्विटी पर प्रतिलाभ बढ़कर 14.18 प्रतिशत रहा। गत तिमाही में 53.03% के सापेक्ष जून 2022 में आय-लागत अनुपात 41.94% रहा। जून 2021 में 2.85% के सापेक्ष घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) जून 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 25 बीपीएस बढ़कर 3.10% रहा। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 23 बीपीएस की वृद्धि हुई। जून 2021 में 929708 करोड़ रुपये के सापेक्ष जून 2022 में कुल कारोबार में वर्ष-दर-वर्ष 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए यह 1009454 करोड़ रुपये हो गया।



## पेंशनरज को प्रमुखता से कैशलेस इलाज की सुविधा मुहैया करवाई जाए

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पेंशनरज वेलफेयर समाज की कुरुक्षेत्र इकाई की बैठक सेक्टर 5 में संस्था के प्रधान डॉ. राधाकिशन नैन के निवास पर बुलाई गई। रोहतक से देवराज नांदल प्रदेश प्रधान और मेहर सिंह नैन प्रदेश महासचिव पर्यवेशक के तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरज को सभी बीमारियों के इलाज के कैशलेस मेडिकलेम की सुविधा। फैमिली पेंशन लेने वाले व्यक्ति स्त्री को भी सरकार द्वारा दी जाने वाली लीव ट्रैवल कनेक्शन दिए जाने, पेंशनरज को 65, 70, 75, 80 की आयु पार करने पर 5%, 10%, 15%, 20% बढ़ाए जाने, आउटडोर फिक्स मेडिकल की राशि को एक हजार से बढ़ा कर तीन हजार किए जाने की मांग मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के विचारार्थ भेजे जाने पर चर्चा हुई।

## नई दिल्ली के स्कूली बच्चों के लिए जी एंटरटेनमेंट आयोजित करेगा माइंड वॉर्स स्पेल बी चैम्पियनशिप 2022

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्कूली** बच्चों के लिए भारत के सबसे बडे नॉलेज प्लैटफॉर्म जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के माइंड वॉर्स ने दिल्ली के स्कूली बच्चों के लिए एक रोमांचक स्पेलिंग प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। माइंड वॉर्स स्पेल बी चैम्पियनशिप 2022 नाम का यह कॉन्टेस्ट दिल्ली व आसपास के इलाकों के स्कूलों के चौथी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा जहां वे 3 श्रेणियों में इनमें भाग ले सकते हैं : जूनियर (कक्षा 4 व 5), मिडिल (कक्षा 6 व 7), और सीनियर (कक्षा 8 व 9)। यह प्रतियोगिता अगस्त से नवंबर 2022 के बीच कराई जाएगी। प्रत्येक श्रेणी में ट्रॉफी व प्रमाणपत्रों के अतिरिक्त 1.5 लाख रुपये की कुल पुरस्कार राशि तीनों श्रेणियों के विजेताओं के बीच साझा की जाएगी।

माइंड वॉर्स स्पेल बी चैम्पियनशिप का लक्ष्य विद्यार्थियों की मदद करना है ताकि वे अंग्रेजी विषय में अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें। इसकी सहायता से विद्यार्थी वे अपने शब्द ज्ञान, अधिगम अवधारणाओं आदि का विस्तार करने के साथ-साथ अंग्रेजी का सही उपयोग करने की आदत विकसित कर सकेंगे जिससे वे जीवनभर लाभान्वित होंगे।

MiNd WaRs Spellbee

इस पहल की शुरुआत करते हुए जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, उमेश कुमार बंसल ने कहा कि, माइंड वॉर्स में हमारी टीम विद्यार्थियों के लिए लगातार ऐसी शिक्षणेत्तर गतिविधियां व ग्रुप इंटरैक्शन कराने पर ध्यान देती है जिससे समग्र अधिगम को बढ़ावा मिल सके। बच्चों को ऐसे मंच प्रदान करने की आवश्यकता है जहां वे अपने सार्वजनिक वाचन व संचार कौशल को बेहतर करके अपने आत्मविश्वास में वृद्धि कर सकें। मंच पर, भीड़ के सामने, प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ इन बच्चों में दबाव की स्थिति में भी अच्छा प्रदर्शन करने का सामर्थ्य विकसित होता है।

## किसान आंदोलन

### सामान्य स्थिति आवश्यक

**दिल्ली**-एनसीआर ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पहले चले किसान आंदोलन के दौरान भारी कष्ट झेले हैं, अब ऐसी स्थिति नहीं बनने देनी चाहिए। क्या दिल्ली के लोगों को किसान आंदोलन का एक और झटका झेलना पड़ेगा? किसान संगठनों के संघ संयुक्त किसान मोर्चा-एसकेएम ने गुरुवार से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 75 घंटे का धरना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने अन्य मांगों के साथ ही केन्द्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र के इस्तीफे की मांग की है जो लोकसभा में लखीमपुर खीरी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी करने वाला कानून बनाने की मांग भी की है। मिश्र के बेटे आशीष पर 3 अक्टूबर, 2021 की घटना में शामिल होने का आरोप है जिसमें चार किसान और एक पत्रकार मारे गए थे। एसकेएम की योजना दिल्ली के जंतर मंतर पर भी विरोध प्रदर्शन की है। दिल्ली पुलिस ने सिंघु व गाजीपुर सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत की है। एसकेएम ने पहले ही एमएसपी पर नरेन्द्र मोदी सरकार की कमेटी अस्वीकार कर दी है। उसने सफलतापूर्वक तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संघर्ष किया था जो कृषि क्षेत्र में परिवर्तन के लिए लाए गए थे। कानूनों के खिलाफ अभियान एक साल से अधिक समय तक जारी रहा था जिसके चलते दिल्ली तथा पड़ोस के लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। लेकिन दिल्ली-एनसीआर के लोगों की भारी असुविधा व कष्टों की अनदेखी कर किसान



नेताओं ने अपना आंदोलन जारी रखा। उन्होंने इस क्षेत्र को व्यावहारिक रूप से बंधक बना लिया था। सरसरी तौर से देखने पर यह लोकतांत्रिक आंदोलन था, लेकिन यथार्थ में इस लंबे समय तक चले धरने के कारण रोज आने-जाने वाले लाखों लोगों, सामान सप्लाई करने वालों, आदि को बहुत लंबे समय तक भारी कष्टों का सामना करना पड़ा था।

सबसे बड़ी विडंबना है कि तीनों कानून किसानों के लिए अत्यधिक लाभदायक थे और वे स्वतंत्र भारत में अब तक लागू किए किसी भी कानून से बेहतर थे। उनमें किसानों को सक्षम बनाने के अनेक प्राविधान थे। उदाहरणार्थ आवश्यक वस्तु संशोधन कानून का उद्देश्य आवश्यक वस्तुओं, जैसे अनाजों, दालों, खाद्य तेलों व प्याज की भंडारण सीमा व परिवहन पर लगे प्रतिबंध हटाना था। इन पर केवल असाधारण स्थितियों, जैसे युद्ध व अकाल में ही नियंत्रण लग सकता था। इससे अधिक किसान-समर्थक कानून की कल्पना करना कठिन है, लेकिन इसे 'किसान-विरोधी' बताया गया।

आरोप लगाया गया कि यह कानून कुछ बिजनेसमैनों की सहायता के लिए लाया गया है। एक औद्योगिक घराने के गोदामों की फोटो वाइरल हो गई थी। प्रदर्शनकारियों व उनके समर्थकों ने मीडिया को बताया कि देखो दरबारी लोग कैसे भारी लाभ उठा रहे हैं। लेकिन विभिन्न मीडिया हाउसों द्वारा तथ्यों की जांच के बाद पता लगा कि गोदामों के ये फोटो 10 साल पुराने हैं। हालांकि, इसके बावजूद आंदोलन से अत्यधिक भावनात्मक ज्वार पैदा हुआ। भारत में सार्वजनिक विमर्श को विकृत करने वाली 'भावनात्मकता' के कारण किसान 'अन्नदाता' में बदल गया है। कुछ खबरिया चैनल सस्ती भावनात्मकता से प्रभावित हो जाते हैं, ऐसे में अन्नदाता शब्द ने तथ्यों व तर्कों को राजनीतिक बहस से बाहर कर दिया। वाम-उदारवादी इस तमाशे में शामिल हो गए। सामान्य रूप से ऐसे लोग ग्रामीण जनता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण नहीं रखते हैं जो अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रही थी। लेकिन इस बार हमारे बुद्धिजीवियों ने स्वयं को इंडिया के बजाय 'भारत' के प्रतिनिधि के रूप में पेश किया जो 'असली भारत' तथा 'धरती के नमक' की तरह है। तीन कृषि कानूनों की वापसी ने आंदोलनकारियों को उत्साह से भर दिया है, पर उनको इस बार दिल्ली की घेराबंदी की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

# स्वतंत्र भारत की यात्रा के 75 वर्ष

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उच्च नैतिक आदर्शों व सोच ने हमें निर्देशित किया। तब से यही हमारी राष्ट्रीय यात्रा की पहचान बन गई है।



**जेएस राजपूत**
(लेखक शिक्षा एवं सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)



मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रे मैनुअल लोपेज़ ओब्राडोर चाहते हैं कि संयुक्त राष्ट्रसंघ तीन सदस्यों वाला एक आयोग गठित करे जिसमें पोप फ्रांसिस, संरा. महासचिव एंटोनियो गुटरेस तथा नरेन्द्र मोदी हों। वे चाहते है कि ये तीनों लोग सभी जगह युद्धों और हिंसा की समाप्ति के लिए एक वैश्विक योजना पर काम करें। इस प्रस्ताव से सभी लोगों को अत्यधिक प्रसन्नता हुई है और वे उत्साहित हुए हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती विश्वसनीयता की स्वीकारोक्ति है। भारत की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति बनाए रखने तथा उसे और मजबूत करने के लिए 'आजादी का अमृत महोत्सव' से जुड़े आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। भारत अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर यह व्यापक आयोजन कर रहा है। यह एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य यह पता करना है कि पिछले वर्षों में देश और उसकी जनता को प्रगति व विकास के पथ पर लाने में कहां तक सफलता मिली है।

विश्व मंच पर भारत की एक ऐसे मजबूत, सुदृढ़ व अग्रगामी दृष्टिकोण वाले देश की छवि बनी है जो प्राचीन संस्कृति का सम्मान करता है तथा जनता के कल्याण के लिए नये ज्ञान के सृजन व उसके प्रयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मेरा ध्यान इस तथ्य की ओर जाता है कि साम्राज्यवादी शासक भारतीयों को कितनी घृणा से देखते थे और उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार करते थे। महात्मा गांधी को 'अधनंगा फकीर' कहने वाले विंस्टन चर्चिल को गंभीर संदेह था कि क्या भारत एक स्वतंत्र देश के रूप में बना रह सकेगा। किसी देश के जीवन में 75 साल का समय बहुत अल्प होता है, पर यह समय इतना लंबा जरूर है कि इससे एक जीवन की यात्रा हमारे सामने आती है। स्वतंत्र भारत को शुरुआती सालों में देखने वाले लोग अतीत की याद बड़े भावनात्मक ढंग से करते हैं, पर उनको समता, समानता व सामाजिक न्याय की उन उपलब्धियों पर गर्व होगा तथा इससे वे आत्मविश्वास से भर जाएंगे। इनकी गारंटी भारतीय संविधान ने की है। उन दिनों स्कूलों व कालेजों के छात्र चारों ओर स्वतंत्रता संघर्ष का अनुभव कर सकते थे। स्कूल व कालेजों के कार्यक्रमों तथा नाटकों व बहसों में अपरिहार्य रूप से स्वतंत्रता संघर्ष की अनुभूतियां दिखती थीं। वे महान नेताओं तथा युवा क्रांतिकारियों के जीवनों से संबद्ध कहानियां से जुड़ाव का अनुभव करते थे। याद किया जा सकता है कि उन दिनों राजनेताओं के बलिदानों और संभवत: उससे भी अधिक क्रान्तिकारियों के बलिदान पर जोर दिया जाता था। हमें अक्सर स्कूलों में गांधीवादी सिद्धान्तों पर कठोरता से अमल करने वाले शिक्षक मिलते थे जिनका विश्वास 'दूसरों की सेवा के लिए जीवन' पर था।

भारत को उन दिनों आदर्श, नैतिक व मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध देश की तरह देखा जाता था। आज हम इस दृष्टिकोण से कहां खड़े हैं? पतन का कोई विस्तृत आंकलन निश्चित रूप से उत्साहवर्धक नहीं होगा। भारत अपने सम्मानित व प्रिय मूल्यों से अलग नहीं हो सकता है जिनकी ऐतिहासिक निरंतरता प्राचीन काल से लेकर गांधीवादी व्यवहारों तक बनी हुई थी। इस प्रकार यदि भारत को गुणवत्ता, उत्कृष्टता तथा आत्मनिर्भरता प्राप्त करनी हो तो वह गिरावट को अनदेखा नहीं कर सकता है। भारत को 'अच्छे जीवन' की भारतीय समझदारी पुन: प्राप्त करनी होगी जो लोगों को पूरी तरह सबके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध करने की प्रेरणा देती है। यह 'सर्वे भूत हिते रत:' से अभिव्यक्त होती है।

प्रत्येक भारतीय को अपने लोकतंत्र की शक्ति पर गर्व है। जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार संसद के निचले सदन में एक वोट से पराजित हो गई थी तब लोगों व देशों को अच्छा अनुभव नहीं हुआ था। लेकिन इसके बावजूद कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी। भारत के पास उस समय दुश्मन से मुकाबला करने के लिए काफी शक्ति व हथियार थे क्योंकि उसने 1962 में चीनी हमले के बाद से काफी प्रगति की थी। यह समय उन महान नेताओं को सलाम करने का भी है जिनके दृष्टिकोण व गहन अंतश्चेतना ने 1947 में विदेशी शासकों से सत्ता प्राप्त की थी जिन्होंने देश को पूरी तरह बरबाद कर दिया था। उनके दृष्टिकोण व खोजी प्रकृति के कारण ही भारत विज्ञान, तकनीक, आईसीटी, अंतरिक्ष शोध व उसके प्रयोग में सफल हुआ। इसके परिणामस्वरूप भारत आणविक व नाभिकीय ऊर्जा, खासकर इनके शांतिपूर्ण प्रयोग में सफल हुआ। उन्होंने आगे बढ़ने व विकास की प्रक्रिया में अकादमिक व पेशेवर संस्थानों की भूमिका समझी जिसका नतीजा आज हमारे सामने आईआईटी, आईआईएम, एम्स, एनसीईआरटी, एआईसीटीई, सीएसआईआर व उसकी क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं तथा अनेक अन्य संस्थानों के रूप में हमारे सामने है। इन सारी चीजों को याद करना भावी पीढ़ियों को सबक देने के लिए जरूरी है।

मानव-केन्द्रित प्रगति व विकास की गति विचारों व परिकल्पनाओं, दूरदर्शिता व दृष्टिकोण तथा सर्वोच्च स्तर पर नेतृत्व की चिंतनशीलता व संवेदनशीलता पर निर्भर करती है। इसलिए विचारों, परिकल्पनाओं तथा नेतृत्व को पोषित करने वाले संस्थानों को निरंतर मजबूत किया जाना चाहिए। यह काम व्यापक व विविधतापूर्ण परिप्रेक्ष्य में होना चाहिए।

सामाजिक एकजुटता व धार्मिक सद्भाव की भावना खेल के मैदानों में पलती-बढ़ती है। ये उन लोगों की आंखें खोलने का काम करते हैं जो शक्ति व व्यापकता से परिचित न हों। इनसे एकसाथ रहने की शिक्षा मिलती है जो ऐसी सामाजिक एकजुटता व धार्मिक सद्भाव के लिए जरूरी है। यह इसलिए भी जरूरी है कि दुनिया भर में भारत की पहचान उसकी विविधताओं के कारण है।

संस्थानों से मूल्यों, सद्भावना तथा दूसरों की देखभाल की भावना पैदा होती है। ये प्रतिभा व रचनात्मकता को पोषित करने के केन्द्र हैं जिससे खोज व गंभीर शोध जन्म लेता है। यह ज्ञानवान समाज के लिए सर्वाधिक आवश्यक तत्व है। भारत में सामाजिक, सांस्कृतिक व दार्शनिक विकास में लगातार मानवीय मूल्यों पर जोर दिया गया है। वर्तमान वैश्विक संकट में भारतीय मूल्य खतरनाक रूप से विकृत होते मानव-प्रकृति संबंधों की स्थिति में सही रास्ता दिखा सकते हैं। यह भारत की 'अपरिग्रह', यानी अनावश्यक संचय की प्रवृत्ति से बचने की परंपरा से स्पष्ट है। हालांकि, हमारी अनेक आंतरिक कमियां हैं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों में परस्पर विश्वास व सम्मान में गिरावट आई है।

इसके कारण हमारी विधायिकाओं के कामकाज में अनेक विकृतियां पैदा हुई है। नौकरशाही व मंत्रियों के स्तर पर वरिष्ठ लोगों में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आए हैं। इनसे जनता व्यथित है तथा नौजवानों का भर्ती प्रक्रिया जैसे मामलों में विश्वास घटा है। स्वतंत्रता के बाद पहले दो-तीन दशकों में यह स्थिति नहीं थी। आने वाले दशकों के लिए हमारी राष्ट्रीय एजेंसियों को इन कमियों के प्रति सचेत रहना होगा जो व्यक्तियों तथा परिणामस्वरूप पूरे देश को नुकसान पहुंचाती हैं। मानकों, नैतिकता व आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता वैश्वीकरण के ग्लैमर व चकाचौंध में घटी है।

# जर्मनी के इतिहास से मिले सबक

**दीपक सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



यह अजीब लग सकता है, लेकिन अगर भारतीय सेना मोदी सरकार के खिलाफ एक मुक्केबाजी मुकाबले में होती, तो वे या तो गिनती के लिए बाहर हो जाते या रेफरी ने तकनीकी नॉकआउट के आधार पर प्रतियोगिता को रोक दिया होता। पाकिस्तान या पीएलए केवल जो हासिल करने की ख्वाहिश रखता है, हमारे राजनेताओं और नौकरशाहों ने बिना खून बहाए वह किया है।

हालांकि, यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि उन्हें अनुचित लाभ हुआ था। सेना में सर्वोच्च लोगों में से कई ने, वर्षों से, हवा के साथ बहना आसान पाया है, और तूफान के खिलाफ मजबूती से खड़े होने और लंबे समय से चली आ रही परंपराओं को नष्ट करने और नष्ट करने की कोशिश करने वाली राष्ट्रों की संप्रभुता और लोकतांत्रिक विरासत का रक्षण करने वाली समर्पित एक गैर-राजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष संस्था होने के साथ खड़े होने से परहेज किया है। पिछले सात दशकों में सभी तूफानों के खिलाफ हमारे देश के लंगर के रूप में एक अपेक्षाकृत स्वायत्त और पेशेवर संस्थान को अपने घुटनों पर कैसे लाया गया है, यह इतिहास के चश्मे से सबसे अच्छी तरह से समझा जाता है। 1 सितंबर 1939 और अप्रैल 1940 के बीच, जर्मन सेना, वेहरमाच, मक्खन के माध्यम से चाकू के रूप में यूरोप के बड़े क्षेत्रों के माध्यम से भाग गई, यह काफी निर्णायक साबित हुआ कि वे उस समय की पूर्व-प्रतिष्ठित और सबसे शक्तिशाली सेना थीं। वर्साय की संधि की शर्तों को लागू किए गए प्रतिबंधों के बावजूद, वे प्रथम विश्व युद्ध में अपनी हार के अंगारों से उठने में सक्षम थे, कोई मामूली उपलब्धि नहीं थी। श्रेय उनके प्रमुख जनरल हंस वॉन सीकट को जाना चाहिए। लेकिन उनके कार्यों ने वेहरमाच के अंतिम विनाश के बीज भी रखे। बिस्मार्क के दिनों से भी पहले, वेहरमाच के पहले पुनरावृत्ति, रीचस्वेहर ने पारंपरिक रूप से एक राज्य के भीतर राज्य के रूप में कार्य किया था, जो विशाल संस्थागत स्वायत्तता का संचालन करता था। महान युद्ध में अपनी हार के बाद, बहुत कम रीचस्वेर ने अपनी पारंपरिक स्वायत्त स्थिति को बरकरार रखा।



तथ्य की बात के रूप में, 1920 के दशक की शुरुआत में, जनरल सीकट ने, अन्य सेवारत जनरलों के समर्थन से, वीमर गणराज्य की वैधता को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसके राष्ट्रपति रीचस्वेर के कमांडर-इन-चीफ थे और जिनके संविधान ने बचाव की शपथ ली थी। नतीजतन, हाई कमान अपने कार्यों में तेजी से पक्षपातपूर्ण हो गया, अपनी गैर-राजनीतिक परंपराओं से एक विराम।

इसकी कार्रवाई इस विश्वास से प्रेरित थी कि वर्साय की संधि जर्मनी के लिए स्वाभाविक रूप से अनुचित थी और यह केवल खुद को मजबूत करके और दूसरे विश्व युद्ध का सहारा लेकर अपने पूर्व गौरव को वापस पा सकती थी। इसके लिए तैयारियों के लिए जर्मन समाज के पूर्ण सैन्यीकरण की आवश्यकता थी। एक ऐसा दृष्टिकोण जिसने इसे नाजी विचारधारा के करीब ला दिया। जैसा कि 1923 में एडॉल्फ हिटलर से मिलने के बाद सीकट ने लिखा था, हम अपने लक्ष्य में एक थे, केवल हमारे रास्ते अलग थे।

1928 में, नागरिक रक्षा मंत्री, ओटो गेस्लर को एक वित्तीय घोटाले के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। इसने सेना के पहले से ही कमजोर नागरिक नियंत्रण को कमजोर कर दिया, और बदले में, सेना के और अधिक राजनीतिकरण को जन्म दिया, क्योंकि यह उन मुद्दों में शामिल हो गया, जो इसके कामकाज के लिए बहुत कम प्रासंगिक थे।

1930 के दशक की शुरुआत तक, बहुत से सैन्य कर्मियों ने नाज़ीवाद के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की, कुछ तो इसके विपरीत मौजूदा आदेशों के बावजूद पार्टी में शामिल हो गए। वास्तव में, सैन्य नेतृत्व ने एसए और अन्य दक्षिणपंथी अर्धसैनिक समूहों के साथ गुप्त संबंध विकसित किए, जो कि भर्ती के सर्वोत्तम विकल्प के रूप में थे। 1 9 31 के अंत तक, सेना ने वीमर गणराज्य को समाप्त करने की शक्ति को जब्त कर लिया था, जिसमें फील्ड मार्शल हिंडनबर्ग राष्ट्रपति और जनरल सीकट के उत्तराधिकारी, जनरल कर्ट वॉन श्लीचर के रूप में चांसलर के रूप में जारी रहे।

कुछ वर्षों के भीतर, जनरल श्लीचर के बढ़ते विरोध के कारण, सेना ने राष्टपति पर उन्हें बर्खास्त करने और इसके बजाय हिटलर को चांसलर नियुक्त करने का दबाव डाला। उनकी सहानुभूति और नाजी शासन की स्वीकृति के बावजूद, 1934 तक सैन्य नेतृत्व नाजी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ अपनी स्वायत्त स्थिति को बनाए रखने और अर्न्स्ट रोहम के बहुत बड़े एसए द्वारा अवशोषित होने से बचने के प्रयासों में था।

विडंबना यह है कि आत्म-संरक्षण के इसके प्रयासों में इसके सैनिकों का और अधिक नाजीकरण शामिल था, जिसने बदले में इसकी %स्वायत्तता, और अधिक महत्वपूर्ण रूप से, इसके उच्च नेतृत्व के अधिकार को नष्ट कर दिया। यह केवल कुछ समय पहले की बात थी जब पुराने गार्ड को अधिकारियों की एक नई नस्ल द्वारा हटा दिया गया था, जो समझते थे कि उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को नाजी विचारधारा और हिटलर के शासन के साथ घनिष्ठ पहचान के द्वारा ही महसूस किया जा सकता है।

उनके कार्यों के परिणामों को खतरे में डालना मुश्किल नहीं है। मई 1945 में, हिटलर के आदेश पर कुल 84 जर्मन फील्ड मार्शल और जनरलों को मार डाला गया था। अन्य दस को नूर्नबर्ग परीक्षणों में मानवता के खिलाफ उनके अपराधों का दोषी पाया गया और बाद में उन्हें मार दिया गया। वेहरमाच के आज जो कुछ बचा है, वह उस समय की एक छाया है जो उस समय अस्तित्व में थी।

यहां कई सबक हैं जो कोई भी पेशेवर सेना इससे सीख सकती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे संदर्भ में, यह देखते हुए कि हमारी सेना खुद को एक बहुत ही अपरिचित चौराहे पर पाती है, आगे कुछ बहुत ही कठिन विकल्पों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे सामने सवाल यह है कि क्या हमारी सेना कुछ निश्चित आपदाओं के लिए उनके नक्शेकदम पर चलेगी, या क्या वे खड़े होंगे और उन मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने के लिए लड़ेंगे जिन्होंने इन सभी वर्षों में हमारी इतनी अच्छी सेवा की है?

## आप की बात

### घाटी में नए मतदाता

**कश्मीर** घाटी में धारा 370 हटाने के बाद जिस तरह से एक के बाद एक नए परिवर्तन किए जा रहे हैं उससे घाटी आज काफी चहक एवं महक गई है। घाटी में आज एक के बाद एक कई अधिकार दिए गए हैं। इनमें आज घाटी में नए उद्योग धंधे शुरू किए गए हैं, सड़क, बिजली, पानी रहने के लिए घर एवं खाने के लिए फ्री राशन भी दिया जा रहा है। इसी तरह से अस्पतालों में फ्री इलाज भी किया जा रहा है।आज के समय में अब विधानसभा की सीटों में भी बढ़ोतरी की गई है। आज कश्मीर एवं जम्मू की सीटों में अब काफी समानता ला दी गई है कारण पहले हमेशा कश्मीर की सीटें अधिक रहती थी पर अब की बारी में जम्मू की सीटों की संख्या में भी कुछ वृद्धि कर दी गई है। इसी कारण अब जम्मू वाले भी बेहद खुश हैं। इसके अलावा इसी खुशी में अब केंद्र सरकार ने एक नई और सौगात उन शासकीय कर्मचारियों एवं नागरिकों को भी दे दी है जो काम तो कश्मीर एवं जम्मू में करते थे पर उन्हें वहां वोट देने का अधिकार नहीं था, अत: ऐसे नागरिकों के लिए यह खुशी की बात है कि अब वह भी जहां रहते हैं वहां की विधानसभा के लिए अब वोट दे सकेंगे। हम इस निर्णय का स्वागत करते हैं। यह बेहद जरूरी भी था।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### रोजगार मांगने पर मिलीं लाठियां

**हाल** ही में सुशासन बाबू के नाम से मशहूर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एलान किया था कि बिहार में जल्द ही बीस लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। मगर वहां तो लाठियों से रोजगार दिया जा रहा है। जमीन पर तो कुछ और ही हो रहा है। बिहार की राजधानी पटना में शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों पर पुलिसवालों ने जमकर लाठियां भांजी। इस तरह वादा पूरा किया जाएगा। ये सभी लोग बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने और सातवें चरण की शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर पूरे बिहार से राजधानी पटना पहुंचे थे। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करना लोगो का नैतिक अधिकार है परंतु जिस निर्ममता से अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाई गयी उससे ऐसा लगता है जैसे प्रदर्शन करना भी एक जघन्य अपराध हो गया है। यह सुशासन बाबू की सरकार है। बिहार पुलिस के इस लाठीचार्ज के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि किस बेरहमी से पुलिस ने इन प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को पीटा है। सुशासन बाबू से अनुरोध है कि रोजगार नही दे सकते हो तो कम से कम लोगों की जान के साथ तो मत खेलो।

– **नागेंद्र**, मेरठ

### अपराध को प्रश्रय

**उत्तर** प्रदेश के त्यागी समुदाय के लोगों ने रविवार को महापंचायत बुला कर श्रीकांत त्यागी के खिलाप हुई कार्रवाई को अपनी पूरी जाति का अपमान बताया। यह विचित्र सी बात है। अपराधी की कोई जाति नहीं। अब तक तो अपराधी प्रवृत्ति वाले लोग अपराध करने से पहले सबसे पहले अपने समाज में बेज्जती होने का डर पालते थे। मगर त्यागी समुदाय ने महापंचायत बुलाकर श्रीकांत को जो समर्थन दिया वह हैरान करने वाला है. जिस व्यक्ति का वीडियो वायरल होकर महिला के साथ धक्का-मुक्की और गाली गलौज करने के वीडियो वायरल हुए। देश भर में इसके खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। फरार श्रीकांत को बमुश्किल पकड़ा जा सका. ऐसे गुंडा तत्वों के समर्थन में समाज जनों का खड़ा होना एक गलत परंपरा की शुरुआत है. और ऐसे वाक्ये देश के सामाजिक मूल्यों को तहस-नहस कर देंगे, जोकि कदापि नहीं होना चाहिए। समाज श्रीकांत को सजा दिलाने में भले सहयोग ना करें, मगर कम से कम उसे प्रश्रय देना तो बंद कर ही देना चाहिए!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आश्चर्य** है कि सीबीआई छापे पहले क्यों नहीं पड़े। शराब का मामला हो या स्कूलों में कमरों का, कम से कम 10 सीबीआई छापे पड़ने चाहिए थे।

– **संदीप दीक्षित**
कांग्रेस नेता



**मेरा** मानना है कि जांच एजेंसियों के संबंध में कांग्रेस के दृष्टिकोण में परस्पर विरोधाभास है।

– **उमर अब्दुल्ला**
जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री



**जनता** पर टैक्स बढ़ाओ, मित्रों पर टैक्स घटाओ। यही सूट-बूट वाली सरकार का स्वाभाविक रास्ता है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार , 24 अगस्त, 2022



# भाजपा ने लिया लोकसभा में 80 सीटों पर जीत का संकल्प

● संगठन ऐसे स्थानों पर भी अपनी पहुंच सुनिश्चित करेगा जहां अभी उसकी पहुंच नहीं है: धर्मपाल

## संगठनात्मक काम करने के लिए देश की सबसे बड़ी प्रयोगशाला है उप्र: बंसल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के प्रदेश के महामंत्री संगठन बने धर्मपाल सिंह ने चार क्षेत्रीय अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक में लोकसभा की 80 सीटों को जीतने का संकल्प लेते हुए पदाधिकारियों से कहा कि जहां हम कमजोर हैं वहां भी हमे मजबूती से खड़ा होना है और जिन विधान सभा सीटों में हम दूसरे नंबर पर रहे वहां हमे नंबर एक पर आना है।

मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में हुई बैठक में परिचायात्मक बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि संगठनात्मक विकास व संख्यात्मक विस्तार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में भाजपा का मजबूत स्थान बना है। राजनैतिक, सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तन स्वाभाविक है। इसलिए जीवन के हर क्षेत्र के परिवर्तन को सकारात्मक रूप में स्वीकार करना चाहिए। धर्मपाल जी बहुत लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में काम कर चुके हैं। इसलिए वह उत्तर प्रदेश को बखूबी जानते हैं। परिवर्तन प्रकृति का नियम है दायित्वों का मिलना, बदलना स्वाभाविक प्रक्रिया है और यह संगठन की अच्छी परम्परा भी है। व्यक्ति के बदलने के बाद भी विचार के लिए काम करना हमें पहले से सिखाया गया है। हमारे संगठन का मजबूत वैचारिक आधार है। धर्मपाल जी के नेतृत्व में प्रदेश संगठन आगे के चरणों में प्रवेश करने वाला है। हमने सारे चुनाव संगठन की सक्रियता व कार्यकर्ताओं की ताकत को एक दिशा में गढ़ने से जीते हैं। सभी कार्यकर्ताओं को अपने मन में एक संकल्प रखना है कि संगठन विस्तार के कार्य को मजबूत करना तथा अपने कार्य को स्थायी रूप देना है और कार्य में गुणात्मक वृद्धि लाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। प्रदेश संगठनात्मक काम करने के लिए देश की सबसे बड़ी प्रयोगशाला है। प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल ने कहा कि संगठन ऐसे स्थानों पर भी अपनी पहुंच सुनिश्चित करेगा जहां अभी उसकी पहुंच नहीं है। आप सभी कार्यकर्ता संगठन की शक्ति हैं, आपके प्रयास, सहयोग और जवाबदेही से संगठन की अनथक यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सुनील बंसल के नेतृत्व में यूपी में बीजेपी ने चार चुनाव जीते हैं उसी संगठन के आधार और उसी जोश के साथ हमें बंसल जी के मार्गदर्शन में काम करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के साथ बीजेपी चुनाव जीतती आ रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहना चाहिए। गुजरात में चुनाव में यूपी से कार्यकर्ताओं को वहां लगाया जाएगा और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ वहां जुटना होगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा पूरे प्रदेश में सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, सर्वव्यापी और सर्वग्राही दल के रूप में ख्याति प्राप्त है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल की संगठन को इन सभी गुणों से युक्त करने में बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि मुझे संगठन द्वारा जो दायित्व मिला है उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरने का काम करूंगा। सुनील बंसल के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन को नया आयाम मिला है यह पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और सहयोग से संभव हुआ है। भाजपा संगठन के विस्तार का आधार कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं के बल पर संगठन का विस्तार अनवरत जारी रहेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सामाजिक समीकरण का राजनीतिक गुलदस्ता भाजपा के पास है। विपक्ष में सिर्फ दिखावा है। लोकसभा चुनाव में यूपी की प्रत्येक लोकसभा में विजय दिलाकर केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुन: सरकार बनाकर गरीब कल्याण का यज्ञ जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के समन्वय से 2024 में पार्टी यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी। बैठक में पार्टी के अवध, काशी, कानपुर व गोरखपुर क्षेत्र के प्रदेश व क्षेत्र के पदाधिकारियों जिला अध्यक्षों व जिला प्रभारी, झारखंड के प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहीदों की पत्नियों को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ेगी



● आश्रित महिलाओं की सहायता के लिए एप विकसित किया जाए: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ की प्रबंध समिति की 39वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संस्थान ने राज्यपाल के साथ 12 मदों पर चर्चा की, जिनमें समिति के वित्तीय विवरण, आय-व्ययक लेखा का अनुमोदन, सहायता के लिए लाभार्थियों को हुए भुगतान का विवरण, आश्रितों के बच्चों के लिए साइकिल, लैपटॉप-टैबलेट के लिए प्रस्ताव का विवरण आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

राज्यपाल ने गतवर्ष संस्थान की 38 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुश्रवण करते हुए आश्रित लाभार्थियों के बच्चों को शिक्षा सहायता के तहत दी जाने वाली राशि की जानकारी ली। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षा के लिए सहायता राशि पर्याप्त है या नहीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से बच्चों की वास्तविक फीस तथा छात्रावास सुविधा जैसे व्यय का विवरण प्राप्त कर अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में राज्यपाल ने शहीदों की पत्नियों को पर्याप्त सहायता देने पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि संस्थान शहीदों की पत्नियों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने ऐसी आश्रित महिआलों को स्वालम्बन में शत-प्रतिशत सहयोग करने तथा उनके जीवन.यापन हेतु स्थापित होने में आ रही सभी समस्याओं का निराकरण करने को कहा। उन्होंने इस व्यवस्था के लिए तत्काल प्रभाव से एक एप विकसित करने का निर्देश दिया, जिस पर इस प्रकार की आश्रित महिलाएं अपनी समस्या अपलोड कर संस्थान से सहायता प्राप्त कर सकें। इसी क्रम में राज्यपाल ने थानों एवं पुलिस कार्यालयों पर संस्थान द्वारा दी जाने वाली सहायता योजनाओं के प्रदर्शन पट लगवाने के अपने आदेश की पुनरावृत्ति की और इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का कहा। सभी सम्बन्धित बलों द्वारा आश्रितों के लिए हेल्प लाइन नम्बर जारी करने के अपने पिछले आदेश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा जिन बलों ने अभी तक ये नम्बर जारी नहीं किए हैं वे शीघ्र ही हेल्प लाइन विकसित कर अवगत कराएं। शहीद एवं आश्रितों के बच्चों को साइकिल, टैबलेट तथा लैपटॉप दिए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने बच्चों को गियर वाली साइकिल प्रदान कराने तथा स्नातक कर रहे बच्चों को लैपटाप उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को साइकिल न दी जाए। छोटे बच्चों को साइकिल देने से उन्हें चोट लग सकती है। बैठक में राज्यपाल ने 16 आश्रित लाभार्थियों को तीन लाख रूपयों की फिक्स डिपाजिट का प्रमाण.पत्र वितरित किया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य तथा समिति के सदस्य अरूण पाठक, अपर मुख्य सचिव वित्त प्रशांत त्रिवेदी, पुलिस महानिदेशक उप्र डीएस चौहान तथा अन्य अधिकारीउपस्थित रहे।

# अन्तर्राज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए: मुख्यमंत्री

● प्रदेश में लम्पी वायरस से सुरक्षा के लिए मिशन मोड में पशु टीकाकरण का चलेगा विशेष अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाल के दिनों में गोवंश पर लम्पी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में लम्पी वायरस के प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशु मेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अन्तर्राज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गो-आश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लम्पी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। टीके की उपलब्धता के लिए भारत सरकार से भी सहयोग प्राप्त होगा। यह मक्खी और मच्छर से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। संक्रमित पशु की मृत्यु की दशा में अंतिम क्रिया पूरे मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए टीके की 'अमृत डोज'(प्रिकॉशन डोज) दी जा रही है। साप्ताहिक वृहद बूस्टर डोज अभियान का आयोजन सफल हो रहा है। पिछले रविवार 19 लाख से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज का लाभ लिया। प्रदेश में अब तक 02 करोड़ से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज लगवा ली है। उन्होंने बूस्टर डोज अभियान में और तेजी लाये जाने पर बल दिया है।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में टीम-9 की बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 561 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 389 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 4,463 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 68 हजार से अधिक कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 12 करोड़ 10 लाख 96 हजार 779 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं। राज्य में गत दिवस तक 36 करोड़ 41 लाख 74 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 15 करोड़ 37 लाख 84 हजार से अधिक लोगों को टीके की पहली डोज तथा 14 करोड़ 66 लाख 14 हजार से अधिक लोगों को टीके की दूसरी डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार 99.45 प्रतिशत लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग में 100.9 प्रतिशत किशोर कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 93 प्रतिशत किशोर टीके की दूसरी खुराक प्राप्त कर चुके हैं। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 101.6 प्रतिशत बच्चों ने टीके की पहली खुराक तथा 88.3 प्रतिशत बच्चों ने टीके की दूसरी खुराक प्राप्त कर ली है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में अनेक बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका रहती है। अस्पतालों में दैनिक ओपीडी के रिकॉर्ड बताते हैं कि वायरल/मौसमी बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल सभी सरकारी अस्पतालों, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति, जांच उपकरणों की कार्यशीलता की जांच कर ली जाए।

## मुख्यमंत्री ने बदायूं सड़क हादसे पर गहरा दुख जताया

■ **दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बदायूं के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# लापरवाह अफसरों के विरुद्ध हो कार्रवाई: उपमुख्यमंत्री



● नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग के तहत मनरेगा की समीक्षा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की लगातार समीक्षा की जाए और फील्ड विजिट किया जाए तथा अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए और कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हम नये भारत का नया उत्तर प्रदेश बनाने की ओर अग्रसर हैं, इसमें ग्राम्य विकास विभाग का बड़ा रोल होगा। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

# पांच पीपीएस अधिकारियों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने पांच पीपीएस अधिकारियों के मंगलवार को तबादले कर दिए हैं। इसमें मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात तीन अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। वहीं दो अधिकारियों को तैनाती दी गई है। वाराणसी नगर के सहायक पुलिस आयुक्त नितेश प्रताप सिंह और अम्बेडकरनगर के डीएसपी अशोक कुमार सिंह-चतुर्थ को इसी पद पर मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनाती दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात डिप्टी एसपी विकास श्रीवास्तव को वाराणसी सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। डीएसपी राम बहादु सिंह-2 को डीएसपी अम्बेडकर नगर और और अनिल कुमार पाण्डेय को डीएसपी मिर्जापुर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने बीते सोमवार की देर रात भी 15 आईपीएस के तबादले कर दिए थे।

# बीजेपी के नए प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने की योगी से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** बीजेपी के नए संगठन महामंत्री बने धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। योगी के सरकारी आवास मिलने पहुंचे धर्मपाल ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन और सरकार को लेकर चर्चाएं हुई।

बिजनौर के रहने वाले धर्मपाल की यूपी में जमीनी स्तर पर अच्छी पकड़ है। उन्होंने एबीवीपी में क्षेत्रीय संगठन मंत्री से लेकर यूपी में काफी काम किया है। धर्मपाल सिंह सुनील बंसल के साथ काम कर चुके हैं। दो दिन पहले रविवार को धर्मपाल सिंह ने यूपी की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने संगठन की पहली बैठक गाजियाबाद में बुलाई थी। इस बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। बैठक में बीजेपी के 20 सासंद भी शामिल रहे। धर्मपाल सिंह अब तक झारखंड के संगठन महामंत्री थे। धर्मपाल विद्यार्थी परिषद के यूपी-उत्तराखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री रहे हैं। धर्मपाल सिंह पिछड़े समाज से हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुराने नेता रहे हैं और बिजनौर के नगीना के हैं। धर्मपाल सिंह ने सरकारी नौकरी छोड़कर एबीवीपी जॉइन की थी लेकिन अब पार्टी ने झारखण्ड के संगठन महामंत्री से सीधे देश के सबसे बड़े राज्य यूपी के संगठन का जिम्मा दिया गया है।

## बीजेपी अपने लोगों को नियंत्रित व संयमित रखे: मायावती

**लखनऊ।** हैदराबाद में पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी करने वाले तेलंगाना से बीजेपी विधायक टी राजा को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज होती जा रही है। हैदराबाद में उनके इस बयान के खिलाफ सोमवार से ही प्रदर्शन जारी है। वहीं यूपी में भी बीजेपी विधायक के बयान पर प्रतिक्रिया आने लगी है। इस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर इस मामले में निशाना साधा है। मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर कहा कि अभी अभी भाजपा से निलंबित नुपूर शर्मा द्वारा पैगम्बर-ए-इस्लाम के विरूद्ध विवादित टिप्पणी पर देश भर में गर्माया माहौल पूरी तरह से ठण्डा भी नहीं हो पाया है कि बीजेपी के अन्य नेता तेलंगाना के विधायक राजा सिंह ने उसी प्रकार का उत्तेजनात्मक कार्य किया है जो अति शर्मनाक व घोर निंदनीय। मायावती ने आगे लिखा कि तेलंगाना सरकार ने बीजेपी विधायक को आज ही हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया है, किन्तु क्या यह बीजेपी नेतृत्व की जिम्मेदारी नहीं बनती है कि वह अपने लोगों को संयमित व नियंत्रित रखकर देश में अमन शान्ति कायम रखने के साथ-साथ विदेशों में भारत की छवि को भी आघात लगने से बचाए।

# महापुरुषों की आत्मकथा पढ़ें बच्चे: आनंदीबेन पटेल



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक विद्यालयए धनुवासांड मोहनलालगंज के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने राजभवन स्थित गांधी सभागार में भेंट की। विद्यालय के बच्चों से मिलने पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यापकों का दायित्व है कि पढ़ाई के साथ बच्चों में शुरू से ही अच्छे संस्कार डाले। उन्हें अनुशासन में रहना और अपने जीवन को सही दिशा की ओर ले जाने हेतु सदैव प्रेरित करते रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों से उनकी दिनचर्या के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने सामने उनसे योगाभ्यास भी करवाया। राज्यपाल ने बच्चों को यह सीख दी की अपने दैनिक जीवन में पौष्टिक भोजन, योगासन तथा पढ़ाई आदि का निर्धारित समय तय कर कार्य करें, ताकि भविष्य में समाज में अपना एक बेहतर स्थान बनाकर देश के लिए अपना सर्वोच्च दे सकें। इसके साथ ही राज्यपाल ने बच्चों से पूरा राजभवन देखने के लिए कहा और वापस जाकर अपने अनुभव को भी एक निबन्ध के रूप में लिखने तथा बच्चों को महापुरूषों की आत्मकथा को पढ़ने तथा उसमें वर्णित महत्वपूर्ण बातों को अंगीकृत करने के लिए सुझाव दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश यादव तथा अध्यापक उपस्थित थे।

# यूपी की सीमा में प्रवेश करने वाले प्रमुख राजमार्गों पर बनेंगे शानदार गेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गों पर शानदार गेट बनाये जायेंगे। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा। इसके समीप ही एक समस्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त काम्प्लेक्स बनाया जायेगा, जिसमें होटल के अलावा स्थानीय एवं प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों को रखा जायेगा। इसके अलावा ओडीओपी उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। इस काम्प्लेक्स में प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी के लिए पर्यटन केन्द्र की भी स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त इसके समीप ही पेट्रोल पम्प एवं खानपान आदि की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

पर्यटन मंत्री मंगलवार को पर्यटन भवन में पिछली बैठकों में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति, जनपदों में पर्यटन विकास के प्रस्तावों की स्वीकृति तथा राज्य सेक्टर के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को कार्यदायी संस्था के रूप में आवंटित कार्यों की स्थिति आदि की समीक्षा कर रहे थे। जयवीर सिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवगठित जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा किये जाने वाले कार्यों में तेजी लाने के लिए तथा जनपद स्तर पर पर्यटन विकास हेतु जुड़े कार्यों की स्वीकृति तथा क्रियान्वयन आदि के लिए सभी 75 जनपदों के जिलाधिकारियों को एजेण्डा भेजते हुए बैठक के लिए तिथि निर्धारित की जाय। इसके साथ ही युवा पर्यटन तथा राज्य योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों आदि को एजेण्डे में शामिल करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने परिषद को क्रियाशील बनाने के लिए मुख्य सचिव की ओर विस्तृत शासनादेश जनपदों को भेजे जाने की भी हिदायत दी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि नेपाल से सटे 7 जनपदों में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए कार्यक्रम तैयार किये जाएं। इन जनपदों की सांस्कृतिक टीमें नेपाल में कार्यक्रम प्रस्तुत करें तथा नेपाल की टीमें इन 7 जनपदों में कार्यकम प्रस्तुत करें। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान होगा। इसके साथ ही दोनों देशों की लोक कलाओं को संरक्षित करने एवं स्थानीय लोक कलाकारों को जोड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में स्थित पर्यटन विभाग की सम्पत्तियों के रखरखाव एवं अतिक्रमण आदि से सुरक्षित रखने के लिए सूची बनाने तथा सम्पत्ति रजिस्ट्रर रखे जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने इन सम्पत्तियों की जियो टैगिंग कराने को भी कहा। जयवीर सिंह ने वाराणसी, कुशीनगर, सुल्तानपुर तथा मऊ जनपदों के पर्यटन विकास के 97 प्रस्तावों में से 05 को स्वीकृत किये जाने को नाकाफी बताया और कहा कि अधिक से अधिक स्वीकृतियां जारी की जानी चाहिए। मंत्री के समक्ष यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम लि. को कार्यदायी संस्था के रूप में आवंटित कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अयोध्या, कुशीनगर, प्रयागराज एवं वाराणसी से संबंधित कार्यों के स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण के लिए तैयार परियोजनाओं के स्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# हिमाचल प्रदेश के डीजीपी ने एसटीएफ की वाराणसी यूनिट को पुरस्कृत किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** महानिदेशक ए हिमाचल प्रदेश द्वारा यूपी एसटीएफ की वाराणसी यूनिट को पुरस्कृत किया गया। यूपी के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 27 मार्च 2022 को हिमाचल प्रदेश पुलिस आरक्षी की भर्ती की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। जिसके एक दिन पूर्व ही संगठित गिरोह द्वारा पेपर लीक कराकर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराते हुए परीक्षा की शुचिता भंग की गयी। इस सम्बन्ध में हिमाचल प्रदेश के जनपद कांगड़ा के थाना गागल में धारा 420 व 120 बी भादवि का अभियोग दर्ज किया गया था । इस गैंग के सक्रिय सदस्यों के वाराणसी व आसपास के जनपदों में सक्रिय होने की सूचना पर हिमाचल प्रदेश के उच्च अधिकारियों द्वारा पुलिस मुख्यालय, लखनऊ से सहयोग की अपेक्षा की गयी थी। जिस पर यूपी एसटीएफ को अभियुक्तों का विवरण देते हुए गिरफ्तारी के दिशा-निर्देश मुख्यालय द्वारा दिए गए थे। इस गैंग के मुख्य सक्रिय सदस्य शिव बहादुर सिंह निवासी धीरज अपार्टमेंट फ्लैट नं-13 अर्दली बाजार जनपद वाराणसी, अखिलेश यादव निवासी ग्राम खुलासपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर तथा देनदुजय जैसवार उर्फ पिंटू निवासी ग्राम बीरमपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को एसटीएफकी वाराणसी फील्ड यूनिट द्वारा अभिसूचना संकलित करते हुए माह मई व जून 2022 में गिरफ्तार कर हिमाचल प्रदेश पुलिस के सुपुर्द किया गया था।

पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश द्वारा इस उल्लेखनीय सहयोग की प्रशंसा करते हुए इन गिरफ्तारियों को करने वाले यूपी एसटीएफ की वाराणसी फील्ड यूनिट की टीम के निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल अरविन्द पाठक, हेड कांस्टेबल शहाबुद्दीन अंसारी, हेड कांस्टेबल रणविजय तिवारी व कांस्टेबल अजय जायसवाल को 5100 रुपए के पारितोषिक के साथ पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

# डीएम ने जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण पर रिपोर्ट मांगी



संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत भवन एवं जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गयी है, जिसमें अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड)/निर्माण खण्ड/निर्माण खण्ड-प्रथम/तृतीय एवं चतुर्थ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई, सहायक अभियंता/अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को जर्जर विद्यालयों एवं पंचायत भवनों के मूल्यांकन का क्या मानक है एवं स्क्रैप वैल्यू कितनी आदि की जानकारी ली। पुराने भवनों के निर्माण के समय क्या लागत थी, अब जर्जर भवनों की क्या लागत है को संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय सत्यापन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड)/ निर्माण खण्ड/ निर्माण खण्ड-प्रथम/तृतीय एवं चतुर्थ, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई, सहायक अभियंता/अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम साहब! हमारे आशियानों को उजड़ने से बचा लीजिए

**सीतापुर।** करोड़ो रूपयों की परियोजनाएं गांजरीय इलाके में कटान से मुक्ति नहीं दिला पा रही है, हर साल परियोजनाओं के जरिए गांवो को बचाने की कवायद होती है, लेकिन फिर भी गांव के गांव कटान के भेंट चढ़ते जा रहे है, इलाके में घाघरा और शारदा नदियां पहले खेतों को निगलती है और फिर ग्रामीणों के आशियाने उजाड़ती है। इस साल अब शारदा ने लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम इच्छा को अपने निशाने पर ले लिया है, नदी गांव से मात्र 20 मीटर दूर है, नदी का कटान जारी है, अबतक हजारों बीघा खेती योग्य भूमि को नदी ने अपने अगोश में ले लिया है। यदि ऐसे ही कटान जारी रही तो इच्छा गांव का वजूद मिट सकता है। मंगलवार को करीब 70 किलो मीटर की दूरी तय कर कटान पीड़ित जिला मुख्यालय पहुंचे और संगतिन किसान मजदूर संगठन प्रतिनिधि ऋचा सिंह के नेतृत्व एवं कटान रोकों संघर्ष मोर्चा के बैनर तले डीएम से मिलकर प्रार्थना सौंपा और अपना दर्द बयां किया। जिलाधिकारी ने पीड़ितो को आश्वासन दिया कि कटान रोकनें के जल्द ही उपाय करवाए जाएंगे। इस मौके पर मनोज कुमार, रामशरण, अनिल कुमार, धर्मपाल, रामसनेही, राजकुमार, राजकिशोर, रामजीवन, कमलेश, अरविन्द, राममोहन, वेदराम, रामलोटन, पप्पू, देशराज सिंह, रमेश, रामस्वरूप, मन्नालाल सहित कई कटान पीड़ित मौजूद रहे। जिलाधिकारी से मिलने आए कटान पीड़ित देशराज सिंह ने डीएम मांग की है कि वहां पर कुछ कार्य कराए जाएं जिससे कटान न हों। डीएम को प्रार्थना पत्र देने के बाद कटान पीड़ितों का नेतृत्व कर रही किसान संगतिन नेत्री ऋचा सिंह ने कहा कि आश्वासन मिला है।

# मदरसा एजुकेशन लर्निंग एप प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मदरसा एजुकेशन लर्निंग एप प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मदरसों में अच्छे संस्कार व तालीम देंए बच्चे आपको जीवन पर्यंत याद रखेंगे। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए गरीब से गरीब व्यक्ति बड़ी से बड़ी ऊंचाइयांए मुकाम हासिल कर सकता है। मदरसा संचालकों की जिम्मेदारी है कि वह ईमानदारी से योजनाओं को बच्चों तक पहुंचाएं। मदरसों में सभी अनुमन्य सुविधाएं मुहैया कराएं।

डीएम ने कहा कि सरकार मदरसों को भी हाईटेक करने में जुटी है। मदरसा शिक्षा में सुधार लाने के लिए प्रदेश सरकार ने मदरसा-ई-लर्निंग ऐप लांच किया है। मोबाइल ऐप से लाइव क्लास का संचालन होगा। साथ ही इस ऐप पर पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध रहेगी।

इसकी मदद से मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैनए रजिस्ट्रार और मदरसा प्रबंधकों को एक प्लेटफार्म पर लाया जा सकेगा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मदरसा एजुकेशन लर्निंग एप मदरसों को हाईटेक बनाने में सशक्त भूमिका अदा करेगा। सरकार ने मदरसों के छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए ई-लर्निंग एप लांच किया है। इस ऐप का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही हर किसी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना भी है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वीरपाल ने प्रशिक्षण कार्यशाला की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के सभी अनुदानित मान्यता प्राप्त मदरसा संचालक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ मौजूद रहा।

# पंचायत भवन का निकल गया पैसा, काम पड़ा अधूरा!



संवाददाता। सीतापुर

● **बेहटा ब्लाक के ग्राम रतौली में बना अधूरा पंचायत भवन**

**बेहटा ब्लाक** की ग्राम पंचायत रतौली में पंचायत भवन का निर्माण तो पूरा हो गया लेकिन मेंटीनेंस अभी तक न होने के बावजूद निर्माण कार्य के लिए आए बजट की धनराशि सारी निकाल ली गई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अनुज सिंह के कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा है, और पंचायत भवन में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने रतौली के ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर रूपये निकाल लेने का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि शासन ने पंचायत भवन निर्माण के लिए 21 लाख 92 हजार रूपये स्वीकृति किए थे, लेकिन अभी तक भवन का पूरी तरह से निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थना पत्र देने के बाद शिकायतकर्ता ने कहा जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। इस मौके पर इसरार, कमाल, इकरार, भानू, अली हसन, आलम, जलील, रहीश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने की बाढ़ कार्यों की गहन समीक्षा

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्रों में हैण्डपम्पों एवं कुओं में क्लोरीन की गोलियां डाली जायें एवं लोगों को मेडिसिन किट का वितरण भी किया जाये। कटान शुरू होते ही बचाव का कार्य तेजी से किया जाये ताकि वहां के लोग होपलेस न हो की कोई बचाव हेतु नही आया। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ से जिन लोगों की जमीनें चली गयी है उनको जमीन का पट्टा प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। सभी उपजिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ग्रस्त गांव में कीचड़ न हो एवं बीमारी न फैलने पाये। इसके लिये प्रशासन को सक्रिय रखना है एवं खुद ही बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण करते रहें। लहरपुर तहसील में बाढ़ग्रस्त परेवा, मानपुर, मल्लापुर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गांव में चिकित्सा कैम्पों का आयोजन किया जाये एवं राशन तथा ड्राईफूड किट का वितरण कराया जाये एवं यह भी जानकारी ली कि इन गांवों में कितने कच्चे एवं कितने पक्के मकानों का कटान हुआ है। जिन लोगों के मकानों को कटान हुआ है उनका विशेष ध्यान दिया जाये।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि छूटे पशुओं का टीकाकरण अवश्य करा लिया जाये एवं पशु स्वामियों को पशुओं की दवाओं का वितरण करा दिया जाये। उन्होंने जानकारी ली कि पशुओं के लिये भूसे की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है या नहीं। कोई भी पशु भूखा न रहे यह सुनिश्चित किया जाये। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि ऐसे राशन कार्ड धारकों का कार्ड न काटा जाये जो गरीब है, असहाय हैं एवं अपनी आवाज उठाने में असमर्थ हैं, यदि मेरी जांच के दौरान यह पाया गया कि किसी पात्र गरीब व्यक्ति का कार्ड अनियमितता कर काटा गया है तो जिम्मेदार अधिकारी निलम्बन के लिये तैयार रहें। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि कोटेदारों को सस्पेंड, फिर बहाल करने का खेल खत्म किया जाये। खेल इस आधार पर खत्म किया जाये कि किसी राशन कार्ड धारक द्वारा शिकायत की जाती है की कोटेदार राशन नहीं दे रहा है तो उस राशन कार्ड धारक को पास की दुकान से राशन देना सुनिश्चित करें। नए कार्ड बनाने में तहसीलों में प्रधानों एवं कोटेदारों का दखल न हो। बाढ़ क्षेत्र के सभी गांव के सभी पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड अवश्य बनवाया जाये। इसके लिये आपूर्ति निरीक्षक द्वारा डोर-टू-डोर पहुंचकर लोगों के जरूरी दस्तावेज एकत्र कर उनका राशन कार्ड बनाया जाये।

उपजिलाधिकारी बिसवां को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्रों के लोग पीने का पानी कहां से ले रहे है तथा शौच हेतु कहां जा रहे हैं इसका सत्यापन करा लें एवं बाढ़ क्षेत्र में कितनी बाढ़ चौकियां स्थापित की गयी है एवं कितने चिकित्सा केन्द्र बनाये गये हैं आदि का निरीक्षण अपने स्तर से करते रहें। महमूदाबाद तहसील के अखरी एवं अनरौरा गांव की कटान नियत्रंण हेतु क्या-क्या उपाय किये गये हैं की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विशाल पोरवाल से लेकर और प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को निर्देश दिये कि अखरी गांव में राशन किट भिजवा दी जाये। बाढ़ पीड़ितों को राशन देने में कोई कजूंसी न करें।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ पीड़ित लोगों को यह अहसास होना चाहिये कि प्रशासन उनके साथ है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एन0पी0 सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिन शेष, मोटर मालिकों ने बचाई 52 लाख की पेनाल्टी



संवाददाता। सीतापुर

● **एआरटीओ ने दी ओटीएस योजना प्रगति की जानकारी**

**शासन द्वारा** चलाई जा रही एक मुश्त शास्ति समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ वाहन स्वामियों को मिल रहा है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि सिर्फ 03 दिन का समय ही शेष बचा है। 26 अगस्त तक ओटीएस योजना में रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। उन्होने योजना में अब तक की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि सीतापुर में अब तक 339 वाहन स्वामियों ने ओटीएस योजना में रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि 220 वाहन स्वामियों की तकरीबन 52 लाख से अधिक की पेलाल्टी माफ की जा चुकी है। 26 अगस्त के बाद ओटीएस योजना में कोई भी रजिस्ट्रेशन नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि योजना के तहत एक हजार रूपये का शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है रजिस्ट्रेशन के बाद 30 दिनो के भीतर कर (टैक्स) जमा करना होगा। योजना के तहत वाहन के मार्गकर पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी माफकी जा रही है। जनपद में 4438 वाहन बकाया में संचालित है।

# मानवीय और संवैधानिक रुपों से निंदनीय है जालोर घटना: विकेंस

● **जालोर घटना के खिलाफश्रद्धांजलि.आक्रोष मार्च आज**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**राजस्थान** के सुराणा जालोर में पानी पीने के लिए मटकी छू लेने पर हेड मास्टर द्वारा छात्र इंद्र कुमार मेघवाल की हत्या के मामले में सीतापुर के लालबाग स्थित शहीद स्तम्भ से 24 अगस्त को श्रद्धांजलि.आक्रोष मार्च निकाला जाएगा। यह जानकारी शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर विकेंस ने बयान जारी कर दी। उन्होंने कहा कि जालोर में जो घटा वह मानवीय और संवैधानिक दोनों ही तरीके से निंदनीय है। महज दलित जाति का होने का खामियाजा उस मासूम को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। विकेंस ने कहा कि आज दलित जाति के लोग भले ही राष्ट्रपति बन जाएं या खुद प्रधानमंत्री इस जाति के लोगों के पैर धुलकर बताएं कि यह भी इंसान हैंए इसके बाद भी जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो मन स्तब्ध हो जाता है। उन्होंने सर्व समाज के लोगों से घटना के खिलाफमार्च में शामिल होने की अपील की। मार्च के बाद आंदोलनकारी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन डीएम सीतापुर के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजेंगे। मार्च को सफल बनाने में उनके साथी एवं सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पंकज धर्मानी वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र करुणा फाउंडेशन की अध्यक्ष वैशालीए ट्रेजरार श्रीमती सरोज नगर पालिका परिषद सीतापुर की सम्मानित सभासद श्रीमती मंजूए वाल्मीकि आश्रम कनवाखेड़ा के अध्यक्ष विनय लाला राजेश कुमार एडवोकेट प्रदेश सचिव वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ युवा साथी संजय कुमार रवि शंकर राजेश श्रीमती सोनम श्रीमती मन्नू अमित कुमार एकेशू अनुराग धर्मानी प्यारे लाल मनोज दीपक कुमार रंजीत विवेक शुभांशु खैरालियाए राकेश वाल्मीकि मुंशी अजय नीरज धीरेंद्र सुमित कुमार वीरेंद्र कुमार डॉ ऋषभ आनंद कुंवर आयुष्मान अनमोल सागर विशाल धानुक राहुल वाल्मीकि अंकित गांधी निकेत गांधी कुमार अभिनभ कुमार अभिजीत पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

## गलत इंजेक्शन से पैर खराब होने की शिकायत

**ढखेरवा.खीरी।** तहसील क्षेत्र में फर्जी तरीके से संचालित झोलाछाप डाक्टर व अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। यह झोलाछाप खुलेआम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते दिखाई देते हैं। इसी कड़ी में उपजिलाधिकारी धौरहरा को दिये शिकायती पत्र में विनोद कहार पुत्र बिन्द्रा निवासी नयागांव ने बताया कि बुखार होने पर वह अदलीसपुर चौराहे पर स्थित छोटू पुत्र दूजी निवासी नोखेपुरवा के मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गया था। वहां डाक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाया गया जिसके बाद मेरा बायां पैर बेकार हो गया और पतला हो गया। इस प्रकरण में एसडीएम धौरहरा ने बताया कि मुझे शिकायती पत्र मिला है। अगर ऐसा है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# जर्जर लाइन से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**मोहम्मदी खीरी।** विद्युत विभाग मोहम्मदी द्वारा कई महीनों से वार्ड 15 नई बस्ती में जर्जर लाइन जिसमें हमेशा कभी आग लगने तो कभी जलकर टूट जाने की दिक्कत रहती है। इसकी सूचना बस्ती वालों के द्वारा विद्युत विभाग के कई बड़े अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है। जब भी तार जलकर टूटते हैं तो विद्युत विभाग अगले दिन तार बदलने का आश्वासन देता है लेकिन कभी लाइन नहीं बदली गई। आखिरकार मोहल्लेवासी मजबूर बस होकर अधिशासी अभियंता को एक लिखित ज्ञापन सौंपे। जिसमें यह बताया कि कभी भी इन तारों से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। अगर विद्युत विभाग की लाइन से कोई भी बड़ा हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार अधिशासी अभियंता एवं समस्त विद्युत विभाग होगा। साथ ही तारों को जल्द से जल्द बदलने की चेतावनी देते हुए एक हफ्ते का समय दिया। बताया कि अगर एक हफ्ते में लाइन न बदली गई तो हम सभी मोहल्लेवासी आंदोलन करेंगे। ज्ञापन एसडीओ विद्युत विभाग मोहम्मदी ने रिसीव किया। आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइन को बदलवा दिया जाएगा। ज्ञापन पर शिबू सिद्दीकी सिकंदर मंसूरी अरबाज खान इमरान सालिम व कासिम सहित तमाम मोहल्लेवासियों के हस्ताक्षर मौजूद है।



## क्विक न्यूज

### नशे के आदी शिक्षक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बरेली।** प्राइवेट कोचिंग चलाने वाले नशे के आदी एक शिक्षक में घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र में कर्मचारी नगर पुलिस चौकी के पास रहने वाले 38 वर्षीय राहुल पुत्र रामभरोसे उपाध्याय को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके भाई देवेश ने बताया कि राहुल घर में ही प्राइवेट कोचिंग चलाता है और बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाता है लेकिन वह नशे का आदी है जिसके चलते अक्सर घर में हंगामा करता है 1 सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में राहुल घायल हो गया इलाज के बाद वह पूरी तरह ठीक हो गया लेकिन नशे की आदत के चलते अक्सर घर में हंगामा करता है बीती रात भी उसने घर में हंगामा किया और खुद को कमरे में बंद करने के बाद खुद को अघोरी बताया और पंखे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली घर के लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे बचा लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बरेली।** डीजल लेने के लिए साइकिल से जा रहे एक बाइक सवार किसान को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाही थाने के निवासी गांव सुकुटी निवासी 60 वर्षीय हरद्वारी लाल पुत्र मोहनलाल कि बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दिन में घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में मौजूद हरिलाल के घरवालों नें बताया कि वह कल दिन में डीजल खरीदने के लिए साइकिल पर घर से निकला था लेकिन मिर्जापुर गांव के पास तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल नें उसे पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा बीती रात उसकी मौत हो गई मृतक दो बेटों का पिता था उसकी पत्नी का नाम रामकली है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पेज एक का शेष

## विधायक राजा...

किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की मंशा तथा आपराधिक धमकी के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गोशामहल से विधायक सिंह ने गिरफ्तारी के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्होंने जिस सोशल मीडिया साइट पर अपना वीडियो साझा किया था, उसने उसे हटा दिया है और वह रिहा होने के बाद इस वीडियो क्लिप का दूसरा हिस्सा अपलोड करेंगे। मैं यह धर्म के लिए कर रहा हूं। मैं धर्म के लिए मरने को भी तैयार हूं। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बी. संजय कुमार को भी उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दिल्ली की शराब नीति में अनियमितताओं में टीआरएस एमएलसी कविता कलवाकुंतला की कथित संलिप्तता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। कविता तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। राव लगातार पीएम मोदी और भाजपा पर लगातार हमला बोलते रहे हैं।

## पाकिस्तान में...

के लिए गठित कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (कर्नल) ने पाया कि तीन अधिकारियों द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। बयान के अनुसार इन तीन अधिकारियों को घटना के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। केंद्र सरकार ने उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। अधिकारियों को 23 अगस्त को बर्खास्तगी के आदेश दे दिए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने 11 मार्च को कहा था कि तकनीकी खराबी के कारण नियमित रख-रखाव के दौरान दुर्घटनावश एक मिसाइल चल गई थी और पाकिस्तान के एक इलाके में गिरी।

## सिसोदिया के...

सक्सेना ने नीति में कथित अनिमियतताओं की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी जिसके बाद सरकार ने जुलाई में इस नीति को वापस ले लिया। उन्होंने इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को भी निलंबित किया है। सिसोदिया ने भी नीति में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान ईडी विश्लेषण करेगा कि क्या नीति-निर्माण में व्यक्ति और कंपनियां शामिल थीं और क्या संबंधित कंपनियों ने पीएमएलए की परिभाषा के तहत अपराध से संपत्ति हासिल की या नहीं और क्या अवैध या बेनामी संपत्ति बनाए जाने की कोई संभावना है। सूत्रों ने दावा किया कि आबकारी विभाग ने कोविड-19 के बहाने से लाइसेंसधारियों को निविदा लाइसेंस शुल्क पर 144.36 करोड़ रुपये की माफी दी है।

## समय पर...

है। यह सबसे बड़ी पूंजी है। गडकरी ने कथित तौर पर कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकार समय पर निर्णय नहीं ले रही है। एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स, मुंबई द्वारा आयोजित नैटकॉन 2022 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी या संसाधनों से भी अधिक महत्वपूर्ण समय है।

## सोशल मीडिया...

पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) जीवबा दलवी ने बताया कि अस्पताल लाने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन अन्य चिकित्सकीय जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बंबोलिम के सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेजा गया है। सिंह ने बताया कि जीएमसीएच के फॉरेंसिक विशेषज्ञ पोस्टमार्टम करेंगे। भाजपा की हरियाणा इकाई के प्रमुख ओ.पी. धनखड़ और पार्टी के हिसार जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र ने सोनाली की मौत पर दुख जताया है। टिकटॉक ऐप पर वीडियो बनाने के लिए मशहूर फोगाट ने 2019 में कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ आदमपुर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गई थीं।

## ग्यारह दोषियों...

छूट को चुनौती दे रहे हैं, उच्चतम न्यायालय के आदेश को नहीं। उच्चतम न्यायालय का आदेश ठीक है। हम उन सिद्धांतों को चुनौती दे रहे हैं जिनके आधार पर छूट दी गई। भट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार से छूट के पहलू पर विचार करने के लिए कहने के शीर्ष अदालत के आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। वे माकपा नेता सुभाषिनी अली, पत्रकार रेवती लाल और कार्यकर्ता रूपरेखा रानी की याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध कर रहे थे। शीर्ष अदालत ने इससे पहले गुजरात सरकार से छूट की याचिका पर विचार करने को कहा था। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी मामले में दोषियों की रिहाई के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक अलग याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस पर हमले और 59 यात्रियों, मुख्य रूप से कार सेवकों को जलाकर मारे जाने के बाद गुजरात में भड़की हिंसा के दौरान तीन मार्च, 2002 को दाहोद में भीड़ ने 14 लोगों की हत्या कर दी थी। मरने वालों में बिल्कीस बानो की तीन साल की बेटी सालेहा भी शामिल थी।

## अडाणी समूह...

के पास इस वॉरंट को 99.9 प्रतिशत हिस्सेदारी में बदलने का अधिकार है। वीसीपीएल ने इसका इस्तेमाल कर आरआरपीआर में 99.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। बयान के अनुसार, आरआरपीआर दरअसल एनडीटीवी की प्रवर्तक कंपनी है। इसकी समाचार कंपनी में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अडाणी समूह की तीन कंपनियों ने एनडीटीवी में लगभग 493 करोड़ रुपए में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए खुली पेशकश की है। इससे पहले अडाणी समूह ने दिन में कहा था कि उसने 114 करोड़ रुपए में वीसीपीएल को खरीद लिया है। वीसीपीएल शुरुआत में अंबानी समूह से जुड़ी हुई थी लेकिन इसके स्वामित्व को वर्ष 2012 में दिल्ली के एक नहाटा समूह को स्थानांतरित कर दिया गया था।

## आतंकी के...

गिरफ्तार कट्टरपंथी को आईएसआईएस के अमीर (प्रमुख) द्वारा प्रेरित किया गया था। सूत्रों ने कहा कि रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) पहले से ही भारतीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एनआईए और आईबी की संयुक्त टीम रूस की खुफिया एजेंसी, संघीय सुरक्षा सेवा के अधिकारियों से मुलाकात करेगी और आईएसआईएस आतंकवादी के भारतीय संबंधों के बारे में सभी जानकारियां एकत्र करेगी। रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने बीते सोमवार को घोषणा की थी कि उसने आईएसआईएस आतंकवादी संगठन के सदस्य आत्मघाती हमलावर को हिरासत में लिया था, जो पैगंबर मुहम्मद के कथित अपमान का बदला लेने के लिए भारत के शीर्ष राजनेता के खिलाफ आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा था। गिरफ्तार कट्टरपंथी आजमोव मशरबखोन उज्बेक मूल का है। **द पायनियर** ने पहले लिखा था कि हिरासत में लिया गया आत्मघाती हमलावर 500 मुजाहिदीन के कैडर बेस के साथ दक्षिणी अफगानिस्तान में स्थित गुलमुराद अलीमोफ के नेतृत्व वाले आईएसआईएस गुट का सदस्य हो सकता है। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार आतंकी आईएसआईएस या दाएश का सदस्य हो सकता है, जिसे तुर्किए में आत्मघाती हमलावर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। एफएसबी ने उससे पूछताछ वाला एक वीडियो जारी किया है, जिसमें संदिग्ध आतंकी ने कबूल किया कि वह पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा के लिए आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाला था।

## सुप्रीम कोर्ट...


को उठाती हैं, जिनमें अयोग्यता, अध्यक्ष एवं राज्यपाल की शक्तियां और न्यायिक समीक्षा शामिल है। पीठ ने कहा कि 10वीं अनुसूची से संबंधित नबाम रेबिया मामले में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून का प्रस्ताव एक विरोधाभासी तर्क पर आधारित है, जिसके तहत संवैधानिक नैतिकता को बनाए रखने के लिए रिक्तता को भरने की आवश्यकता है। इस पीठ में न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, याचिकाएं अहम मुद्दों को उठाती हैं, जिन पर पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा विचार किए जाने की जरूरत है। इन्हें बृहस्पतिवार को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें।

## सुरक्षा नहीं...

सावधानीपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते जारी किया गया था। पीठ ने कहा, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट के साथ पेश होंगे कि 2021 के स्थाई आदेश का अनुपालन कैसे सुनिश्चित किया जाएगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख निर्धारित की।

# पीएम मोदी रेवड़ी बांटने में नहीं, लोगों के सशक्तीकरण में विश्वास करते हैं

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 साल तक सरकार के मुखिया के रूप में काम करते हुए कभी रेवड़ी बांटने पर भरोसा नहीं किया, बल्कि नीतियों व कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने हमेशा समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तीकरण पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से जुड़े पहलुओं पर लिखी गई पुस्तक मोदी@20:ड्रीम्स मीट डिलिवरी से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने यह भी कहा कि मोदी ने शासन की अपनी पद्धति से भारतीय राजनीति के प्रति लोगों का नजरिया ही बदल दिया।

नड्डा ने स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना सहित पिछले आठ वर्षों में चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा सभी के सशक्तीकरण की बात की। उन नीतियों और कार्यक्रमों को जमीन पर उतारा, जिनसे समाज का भला होता है...और सच में ए रेवड़ियां बांटना नहीं है... उनका सशक्तीकरण करना उनका लक्ष्य रहा है। उल्लेखनीय है कि मोदी ने पिछले दिनों कुछ राजनीतिक दलों द्वारा रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने का मुद्दा उठाया था और कहा था कि इससे विकास बाधित होता है। इसके बाद देश में इस मुद्दे पर एक नई राजनीतिक बहस छिड़ गई। आम आदमी पार्टी सहित कई राजनीतिक दलों ने अपने राज्यों में चलाई जा रही मुफ्त की योजनाओं का मजबूती से समर्थन किया था और उन्हें रेवड़ी कहे जाने पर आपत्ति जताई थी। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जब स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और बैंकों में लोगों के खाते खोलने शुरु किए तो कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने इनका मजाक उड़ाया, लेकिन इन अभियानों से देश में स्वच्छता को लेकर एक सोच जागृत हुई और जरूरतमंदों के खातों में सीधे कल्याणकारी योजनाओं का पैसा गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी पिछले 50 वर्षों से सार्वजनिक जीवन में हैं, लेकिन भ्रष्टाचार कभी उन्हें छू नहीं सका और हर दिन, हर पल, हर साल उनकी लोकप्रियता बढ़ती ही चली गई। उन्होंने कहा, मोदी के 50 साल के सार्वजनिक जीवन और 20 साल के प्रशासनिक जीवन में भ्रष्टाचार उनको छू तक नहीं पाया है। उन्होंने जीवन की बहुत सी चीजों जैसे लोगों की सोच और समझ को बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने राजनीति को देखने का नजरिया भी बदला है। उन्होंने कहा, हर दिन, हर पल, हर वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता बढ़ती ही गई है। जब-जब आप सर्वे कराते हो तो देखते हो कि सीट का आंकड़ा भी बढ़ा है और उनकी लोकप्रियता भी बढ़ी है। यह है मोदी का व्यक्तित्व। नड्डा ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक विषयों में रुचि रखने वाले हर शख्स को यह पुस्तक पढ़नी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि चुनावों में मोदी की लगातार जीत का संदेश यही है कि यदि आप सुशासन प्रदान करते हैं, तो जनता आपका समर्थन करेगी।

## भाजपा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से चिंतित है केसीआर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बी संजय कुमार को हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे अवैध करार दिया। नड्डा ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि राज्य की भ्रष्ट और परिवार केंद्रित सरकार के खिलाफ भाजपा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के खिलाफ भाजपा की लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रहेगी और पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि आगामी चुनावों में टीआरएस का सूपड़ा साफ हो। नड्डा ने एक ट्वीट में कहा, तेलंगाना सरकार द्वारा हमारे प्रदेश अध्यक्ष बी संजय कुमार की अवैध गिरफ्तारी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। केसीआर के भ्रष्ट और परिवार केंद्रित शासन के खिलाफ राज्य के विभिन्न कोनों से भाजपा को मिल रहे व्यापक समर्थन से मुख्यमंत्री चिंतित हैं। एक अन्य ट्वीट में नड्डा ने कहा, हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले चुनावों में टीआरएस और केसीआर का पूरी तरह से सफाया हो। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का लोकप्रिय नाम केसीआर है। ज्ञात हो कि बी संजय कुमार हैदराबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जनगांव में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

## क्विक न्यूज

### पेशाब करते बच्चे का वीडियो साझा करने पर हाउसिंग सोसाइटी के दो सदस्यों पर पॉक्सो के तहत प्राथमिकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी की सीढ़ी पर कथित तौर पर पेशाब कर रहे एक नौ साल के बच्चे का वीडियो वहां के निवासियों के मैसेजिंग ग्रुप में साझा करने के आरोप में सोसाइटी के दो सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में पूर्वी उपनगर मुलुंड की सोसाइटी के पदाधिकारियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें सोसाइटी के सचिव और सदस्य को पिछले सप्ताह जमानत मिल गई। उन्होंने बताया कि दोनों सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने सीसीटीवी से बच्चे की इमरात की सीढ़ी पर पेशाब करने का वीडियो प्राप्त किया और निवासियों के मैसेजिंग ग्रुप में साझा कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बच्चे की मां ने पुलिस से संपर्क किया पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण की जांच मुलुंड पुलिस कर रही है।

### तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष हिरासत में लिए गए, पार्टी ने दावा किया

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई ने मंगलवार को दावा किया कि पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी संजय कुमार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान जंगांव जिले में पुलिस ने हिरासत में ले लिया और वहां से उन्हें करीमनगर स्थित उनके आवास पर भेज दिया गया। पार्टी ने एक बयान जारी कर कहा कि कुमार की जंगांव जिले में पदयात्रा चल रही थी और उन्हें पमनूर से हिरासत में लिया गया, जहां वह डेरा डाले हुए थे। बयान में दावा किया गया है कि कुमार ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस की कार्वाई का विरोध किया। तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति की विधान पार्षद के कविता का नाम दिल्ली शराब घोटाले में आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां उनके आवास के बाहर प्रदर्शन किया था जिसके बाद उनके खिलाफ पुलिस कार्वाई की गई थी। हालांकि, जंगांव जिला पुलिस अधिकारियों से कुमार को हिरासत में लिए जाने के संबंध में टिप्पणी के लिए तत्काल संपर्क नहीं हो सका है। कुमार के खिलाफ पुलिस कार्वाई की निंदा करते हुए प्रदेश भाजपा महासचिव जी प्रमेंद्र रेड्डी ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि टीआरएस सरकार नहीं चाहती कि कुमार की पदयात्रा जारी रहे। रेड्डी ने कहा कि यह पदयात्रा वहीं से शुरू होगी जहां यह बाधित हुई है। महासचिव ने कहा कि उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से पुलिस कार्वाई के खिलाफ आज शाम राज्य भर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए कहा है। भाजपा ने कहा कि संजय कुमार को पुलिस करीमनगर उनके आवास पर लेकर गई है।

### भाजपा ने जयराम ठाकुर को हिमाचल प्रदेश चुनाव संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश चुनाव संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख सुरेश कश्यप ने यह जानकारी दी। कश्यप ने सोमवार शाम जारी किए गए एक बयान में कहा कि ठाकुर को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से परामर्श के बाद राज्य भाजपा चुनाव संचालन समिति का प्रमुख बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजीव बिंदल को प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश में अगले चार महीने में विधानसभा चुनाव होने है।

### रिकॉर्डिंग जारी करके केजरीवाल सरकार गिराने की भाजपा की कोशिश का पर्दाफाश हो: राकांपा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) से कहा कि वह उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को की गई पेशकश की कथित रिकॉर्डिंग जारी करके दिल्ली में सरकार गिराने के भाजपा के प्रयासों का पर्दाफाश कर दे। सिसोदिया ने दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें प्रस्ताव दिया था कि अगर वह पार्टी में आ जाते है तो उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा और उनके खिलाफ सभी मामले वापस ले लिए जाएंगे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रस्टो ने कहा कि अगर भाजपा की ओर से इस तरह की पेशकश के दावे सच है, तो भारत में लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में भी विधायकों को इसी तरह की पेशकश की चर्चा थी और अंततः महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। आप कहती है कि उनके पास पेशकश की रिकॉर्डिंग है, तो इंतजार क्यों? सिसोदिया ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें भाजपा से संदेश मिला था कि आप छोड़कर भगवा पार्टी में शामिल हो जाएं।

## गोवा बार मामलाः अदालत के पूर्व आदेश पर ट्विटर ने मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ट्विटर की उस याचिका पर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जवाब मांगा, जिसमें सोशल मीडिया मंच ने अदालत के एक पूर्व के आदेश में कुछ स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने हाल ही में एक आदेश में सोशल मीडिया मंच से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता ईरानी और उनकी बेटी के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री वाले वेब लिंक हटाने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने ट्विटर की उस याचिका पर ईरानी को नोटिस जारी किया, जिसमें उसने अदालत के 29 जुलाई के आदेश के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। ट्विटर ने ईरानी के लंबित दीवानी मानहानि के मुकदमे के संबंध में यह आवेदन दाखिल किया है। मानहानि के मामले पर सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने 29 जुलाई को कांग्रेस के तीन नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा तथा नेट्टा डिसूजा को समन जारी किया था और केंद्रीय मंत्री तथा उनकी बेटी पर लगाए आरोपों से जुड़े ट्वीट तथा अन्य सोशल मीडिया पोस्ट हटाने को कहा था। उच्च न्यायालय ने इसके अलावा सोशल मीडिया मंच फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब से वादी और उनकी बेटी की छेड़छाड़ की गईं तस्वीरों के साथ इस तरह की मानहानिकारक सामग्री, वीडियो, पोस्ट, ट्वीट, री-ट्वीट, कैप्शन टैगलाइन को हटाने का निर्देश दिया था। ट्विटर ने स्पष्टीकरण मांगा कि आदेश में प्रतिवादी एक से तीन (कांग्रेस नेताओं) को निर्देश दिया गया है, सोशल मीडिया मंच को नहीं। इससे पहले, गूगल ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि उसने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और उनकी बेटी के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री वाले वेब लिंक को हटाने के आदेश का अनुपालन किया है और कहा था कि भाजपा की नेता अन्य यूआरएल प्रदान कर सकती हैं जिन पर कार्वाई की जाएगी। गूगल के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया था कि ईरानी ने उन्हें केवल एक यूआरएल मुहैया कराया और उसे हटा दिया गया है। उच्च न्यायालय ने गूगल के 29 जुलाई के आदेश में संशोधन के अनुरोध पर भी भाजपा नेता को अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था।

## अपने अपहरण के मामले में अदालत में पेश नहीं हुई रूबैया सईद, जमानती वारंट जारी

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू की** एक अदालत ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबैया सईद के खिलाफ मंगलवार को ज़मानती वारंट जारी किया। रूबैया 1989 में जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के सदस्यों द्वारा किए गए उनके (रूबैया के) अपहरण के मामले में जिरह के लिए अदालत में पेश नहीं हुई थीं। इस मामले में एक आरोपी जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुआ। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की स्थाई अधिवक्ता मोनिका कोहली ने बताया कि मलिक ने व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का आग्रह किया है और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की अदालत की पेशकश को ठुकरा दिया है। रूबैया ने 15 जुलाई को मलिक और तीन अन्य की उन लोगों के रूप में शिनाख्त की थी जिन्होंने उनका 33 साल पहले अपहरण किया था। रूबैया को लाल डेड अस्पताल के पास से आठ दिसंबर 1989 को अगवा कर लिया गया था। उस समय उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद केंद्रीय गृह मंत्री थे। उन्हें पांच दिन तक कैद रखने के बाद 13 दिसंबर को तब मुक्त किया गया था जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन वाली वीपी सिंह सरकार ने पांच आतंकवादियों को रिहा किया था। रूबैया तमिलनाडु में रहती हैं और सीबीआई के अभियोजन के गवाहों में उनका नाम भी है। केंद्रीय एजेंसी ने 1990 की शुरुआत में जांच अपने हाथ में ली थी। सीबीआई की वकील ने कहा, रूबैया को जिरह के लिए (मंगलवार को) अदालत में पेश होना था लेकिन वह गैर हाज़िर रहीं। अदालत ने उनके खिलाफ सुनवाई की अगली तारीख 21 सितंबर को अदालत में पेश होने के लिए जमानती वारंट जारी किया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करतीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी

## 150 माओवादी समर्थकों ने मलकानगिरी में शहीद स्तंभ को तोड़ा, आत्मसमर्पण किया

**मलकानगिरी (ओडिशा)।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में लगभग 150 माओवादी समर्थकों ने माआवादियों द्वारा बनाए गए शहीद स्तंभ को ध्वस्त कर दिया और पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटना रालेगड़ा ग्राम पंचायत में हुई, जिसे अब स्वाभिमान अंचल कहा जाता है। यह पहले माओवादियों का गढ़ था। यह क्षेत्र तीन तरफ से पानी से घिरा हुआ है, जबकि अन्य हिस्सा पड़ोसी आंध्र प्रदेश के घने जंगल से जुड़ा है। माओवादी समर्थकों ने सोमवार को प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) (माओवादी) के सदस्यों की और मदद नहीं करने का संकल्प भी लिया। मलकानगिरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नितेश वाधवानी ने कहा, यह ओडिशा पुलिस की घर वापसी पहल का हिस्सा है। आंतरिक और माओवाद प्रभावित गांवों को मुख्यधारा में लाया जा रहा है। हम लोगों में विश्वास पैदा कर रहे हैं कि वे विकास को गति देने में मदद के लिए पुलिस और प्रशासन से संपर्क करें। अधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सक्रिय माओवादी इस क्षेत्र में शरण लेते थे, क्योंकि यह सुरक्षा कर्मियों के लिए लगभग दुर्गम था। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जुलाई 2018 में क्षेत्र में जनबाई नदी पर गुरुप्रिया पुल का उद्घाटन किया था। 2019 में 15 साल में पहली बार वहां चुनाव भी हुआ था। दिन में आत्मसमर्पण करने वालों ने पुतले और माओवादी साहित्य को भी जलाया और माओबाड़ी मुर्दाबाद के नारे लगाए। बीएसएफ के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एस. के. सिन्हा ने कहा कि इलाके में सुरक्षाकर्मियों की मजबूत मौजूदगी से लोगों में माओवादियों के खिलाफ आवाज उठाने का विश्वास पैदा हुआ है।

## बिहार के मुस्लिम मंत्री के मंदिर में प्रवेश से भाजपा नाराज

**पटना।** भाजपा ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एक अन्य धर्म के एक मंत्री को एक प्राचीन मंदिर के अंदर ले जाकर हिंदू संवेदनाओं का जानबूझकर अपमान करने का आरोप लगाया। इस मंदिर में अन्य धर्मों के लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित है। कुमार ने सोमवार को गया के विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना की थी और उनके साथ उनके नए सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल के कैबिनेट सहयोगी मोहम्मद इसराइल मंसूरी भी थे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग रखने वाले पसमांदा मुस्लिम समाज से आने वाले मंसूरी ने बाद में संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री के साथ मंदिर के दर्शन का अवसर पाकर मैं खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। परंपरा के अनुसार बिहार में मंत्रियों को जिलों के प्रभार दिए जाते हैं, जहां वे संबंधित कार्यक्रम समन्वय समिति के प्रमुख भी होते हैं। मंसूरी को गया का प्रभार दिया गया है। हालांकि बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम मुख्यमंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग करते हैं। क्या वह मक्का के अंदर प्रवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। जायसवाल ने पूछा कि हिंदुओं को हमेशा सहिष्णुता के नाम पर अपनी धार्मिक संवेदनाओं को क्यों समायोजित करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर मुख्यमंत्री माफी मांगने से इनकार करते हैं तो उन्हें राज्य विधानसभा सहित हर जगह भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पडेगा। यह पूछे जाने पर कि मंदिर के पुजारी पीड़ा व्यक्त करने से हिचक रहे हैं, भाजपा नेता ने कहा, एक आम आदमी ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है जब मुख्यमंत्री हिंदू संवेदनाओं का जानबूझकर अपमान करने का इरादा रखते हैं। मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष और सचिव शंभू लाल विट्ठल और गजधर लाल पाठक ने कहा कि उन्हें मंसूरी के प्रवेश की जानकारी नहीं थी लेकिन उन्हें इससे बचना चाहिए था क्योंकि परिसर के बाहर एक नोटिस बोर्ड में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केवल सनातन धर्म में विश्वास करने वाले को मंदिर के भीतर प्रवेश करने की अनुमति दी गई है।

## आदित्य पंचोली दुष्कर्म का मामला रद्द करने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय पहुंचे

**मुंबई।** अभिनेता आदित्य पंचोली ने एक शीर्ष अभिनेत्री के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में वर्ष 2019 में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग को लेकर बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। पंचोली ने अपनी याचिका में कहा कि उपनगर वर्सोवा पुलिस थाने में जून 2019 में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन अबतक ना तो मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है और ना ही पुलिस ने मामले को बंद करने की रिपोर्ट जमा की है। पंचोली के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने मंगलवार को न्यायमूर्ति एन.एम.जामदार और न्यायमूर्ति एन.आर. बोरकर की पीठ के समक्ष तर्क दिया कि मामले में आरोप पत्र दाखिल नहीं करना इंगित करता है कि जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है। पंचोली ने प्राथमिकी रद्द करने की मांग के साथ-साथ यह भी अनुरोध किया है कि अदालत पुलिस को निर्देश दे कि वह जांच में हुई प्रगति की सूचना उन्हें दे। उच्च न्यायालय ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद पुलिस और महिला शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 19 सितंबर को नियत कर दी। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई के दौरान जांच की स्थिति से उसे अवगत कराए। चंद्रचूड़ ने कहा कि मामला वर्ष 2019 से ही लंबित है और उनके मुवक्किल दुष्कर्म का आरोपी होने के कलंक के साथ जी रहे हैं।

## स्लीपर सेल पर भाजपा के रुख से नीतीश असहजः गिरिराज

**भाषा।** पटना



**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार में सक्रिय स्लीपर सेल और कुछ इलाकों में शरीयत थोपने के भाजपा के विरोध करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार असहज महसूस कर रहे हैं। बेगूसराय से लोकसभा सांसद सिंह प्रदेश के सिवान जिले में पार्टी के एक समारोह के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने दावा किया, पीएफआई के फुलवारीशरीफ मॉड्यूल का पर्दाफाश साबित करता है कि बिहार स्लीपर सेल से प्रभावित हो गया है। सिंह ने आरोप लगाया, इसी तरह रविवार को स्कूलों में समान रूप से साप्ताहिक अवकाश होता है, लेकिन बिहार में शरिया कानून लागू करने के खुले प्रयास के तौर पर शुक्रवार को कई संस्थान बंद रखे जा रहे हैं। जदयू के शीर्ष नेता के घोर आलोचक माने जाने वाले सिंह ने कहा, भाजपा इन मुद्दों को राष्ट्रहित में उठा रही थी, लेकिन इससे नीतीश कुमार असहज हो गए। भाजपा नेता ने नीतीश पर प्रहार जारी रखते हुए कहा, उनकी बेचैनी के कारण हमें बिहार में सत्ता गंवानी पड़ी। लेकिन अब राज्य में विपक्ष में रहकर हम राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के मुद्दे को और भी अधिक मजबूती के साथ उठाएंगे। उन्होंने राजद-जदयू गठबंधन पर उर्दू माध्यम के स्कूलों के पक्ष में पूर्वाग्रह दिखाने का आरोप लगाते हुए उपमुख्यमंत्री के बारे कहा, तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौकरियों के वादे को पूरा करने के लिए रिक्त पदों को भरने की बात कही थी।



अपने परिवार व बच्चों की सलामती के लिए अजमेर में गौमाता की पूजा करतीं महिलाएं

## पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी के मामले में राज ठाकरे ने नूपुर शर्मा का समर्थन किया

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र नवनिर्माण** सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित टिप्पणी की वजह से निलंबित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता नूपुर शर्मा का मंगलवार को समर्थन किया। उन्होंने मनसे पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक ने यही बातें पहले कही थीं, लेकिन किसी ने उससे माफी की मांग नहीं की। राज ठाकरे ने कहा, किसी ने भी नाइक से माफी की मांग नहीं की। उन्होंने हिंदू देवताओं के नामों का कथित उपहास करने पर ओवैसी बंधुओं (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी) को भी आड़े हाथ लिया। मनसे अध्यक्ष ने ओवैसी बंधुओं का उल्लेख आपत्तिजनक शब्द के साथ करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई। राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी तंज किया। उद्धव ने दावा किया था कि भाजपा ने 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री पद बांटने का वादा किया था। इसपर राज ठाकरे ने कहा, जब मैं शिवसेना में था, बालासाहेब (ठाकरे) ने फैसला किया था कि मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी को और विधायक चाहिए। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि देवेंद्र फडणवीस (मौजूदा समय में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री) मुख्यमंत्री होंगे। तब आपने आपत्ति क्यों नहीं की थी, बजाय इसके चुनाव नतीजों का इंतजार किया और जनमत के खिलाफ गए जो भाजपा-शिवसेना गठबंधन को मिला था। राज ठाकरे ने कहा कि दिवंगत शिवसेना संस्थापक ने उन्हें गले लगाया था जब वह पार्टी छोड़ने वाले थे।

## शेखावत ने प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी पुस्तक की तुलना गीता से की, कांग्रेस ने निशाना साधा

**भाषा।** जयपुर

**कांग्रेस की** राजस्थान इकाई के अध्यक्ष अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी एक नई किताब की तुलना भगवत गीता से करने की आलोचना की है। डोटासरा ने इस गीता का अपमान बताया। डोटासरा ने शेखावत के बयान वाली खबर साझा करते हुए मंगलवार को ट्वीट किया, सत्ता के लालच में शर्म बेचने वालो, सनातन संस्कृति के पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता का अपमान करके धर्म के मार्ग को कलुषित मत करो। उन्होंने लिखा, हे कृष्ण... इन्हें सद्बुधि दो। शेखावत ने मोदी के सार्वजनिक जीवन पर आधारित किताब मोदी 20 को लेकर झुंझुनू में सोमवार को आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में कहा था, मैं आज विश्वास के साथ आज यह बात कह सकता हूं कि आने वाले समय में इस राष्ट्र के निर्माण में और इस लक्ष्य को लेकर आने वाली पीढ़ी के लोगों के लिए यह पुस्तक भगवान श्री कृष्ण द्वारा गीता में दिए गए उपदेश की भांति पवित्र एवं महत्वपूर्ण पुस्तक होगी। उन्होंने कहा, अगर मैं ऐसा कहता हूं तो निश्चित रूप से मेरे पास इसे सिद्ध करने के अनेक कारण हैं और आधार भी। लेकिन केंद्रीयजल शक्ति मंत्री और जोधपुर के सांसद शेखावत द्वारा की गई इस तुलना को लेकर डोटासरा सहित कई नेताओं ने उन पर निशाना साधा।

## सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ आदर पूनावाला ने पीएम मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आदर पूनावाला ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में उनके नेतृत्व को लेकर उन्हें बधाई दी। पूनावाला ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर खुशी हुई। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में उनके उल्लेखनीय नेतृत्व और सफलता के लिए उन्हें बधाई दी। मैं, एक उद्यमी के रूप में, सुधारों, सामाजिक कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के लिए दृष्टि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को बहुत आश्वस्त करने वाला पाता हूं। कोविड-19 रोधी टीका उत्पादन के मामले में पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हैं।

# मैं ब्रिटेन-भारत के संबंध अधिक दोतरफा बनाना चाहता हूं: ऋषि सुनक



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने कहा कि वह ब्रिटेन और भारत के संबंधों को अधिक दोतरफा बनाने के लिए उन्हें बदलना चाहते हैं, ताकि भारत में ब्रिटेन के छात्रों और कंपनियों की पहुंच सुगम हो सके। उत्तरी लंदन में प्रवासी संगठन कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया (सीएफआईएन) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व चांसलर ने नमस्ते, सलाम, केम छो और किद्दा कहकर लोगों का अभिवादन किया। इस कार्यक्रम में अधिकतर ब्रिटिश भारतीय शामिल हुए। उन्होंने हिंदी भाषा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सब मेरा परिवार हो।

सीएफआईएन की सह-अध्यक्ष रीना रेंजर के द्विपक्षीय संबंध पर किए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमें पता है कि ब्रिटेन और भारत के संबंध काफी मायने रखते हैं। हम दो देशों के बीच एक पुल की तरह हैं। उन्होंने कहा, हम सभी को ब्रिटेन के लिए भारत में मौजूद चीजें बेचने और काम करने के अवसरों के बारे में पता है, लेकिन वास्तव में हमें इस रिश्ते को अलग तरह से देखने की जरूरत है क्योंकि ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो हम यहां ब्रिटेन में भारत से सीख सकते हैं। सुनक ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हमारे छात्रों के लिए, भारत जाना और वहां पढ़ना आसान हो, हमारी कंपनियों तथा भारतीय कंपनियों का एकसाथ काम करना आसान हो क्योंकि यह केवल एकतरफा रिश्ता नहीं है, यह दोतरफा रिश्ता है और मैं इस संबंध में इसी तरह का बदलाव लाना चाहता हूं।

सुनक ने चीन पर बात करते हुए उसकी आक्रामकता के खिलाफ ब्रिटेन के कड़ा रुख अपनाने की आवश्यकता पर एक बार फिर जोर दिया। चीन और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी हमारी आर्थिक तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसका सामना यह देश लंबे समय से कर रहा है और हमें इसको लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि बतौर प्रधानमंत्री मैं आपके परिवारों और हमारे देश को सुरक्षित रखने के लिए जो कुछ भी संभव होगा करूंगा क्योंकि एक कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री के तौर पर यही पहला कर्तव्य है। हैरो के धमेचा लोहाना सेंटर में ढोल की थाप और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सुनक ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने संक्षिप्त भाषण के बाद टेरी सदस्यों के साथ कई घंटे बिताए। कार्यक्रम में मौजूद श्री जगन्नाथ सोसायटी यूके की ट्रस्टी अमिता मिश्रा ने भारत से लाई गई सोने की परत चढ़ाई देवताओं की मूर्ति सुनक को भेंट की।

मिश्रा ने कहा, हम लंदन में जगन्नाथ मंदिर बनाने को लेकर काम कर रहे हैं और यह भेंट भारत की ओर से उन्हें आशीर्वाद के तौर पर दी गई है। मिश्रा के साथ एक पंडित भी मौजूद थे, जिन्होंने भगवद गीता के एक विजय श्लोक का पाठ किया और फिर गीता सुनक को सौंप दी। कंजर्वेटिव पार्टी के एक ब्रिटिश सिख सदस्य ने सुनक द्वारा एक जैक डेनियल व्हिस्की की बोतल पर हस्ताक्षर लेने के लिए कई घंटे इंतजार किया, जबकि वह और पूर्व चांसलर दोनों ही शराब नहीं पीते। उन्होंने कहा, मैं शराब नहीं पिता लेकिन यह खास तोहफा मुझे मेरे जन्मदिन पर मिला था और अब इस हस्ताक्षर ने इसे और खास बना दिया है।



ताशकंद में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उज्बेकिस्तान के अपने समकक्ष लेफ्टिनेन्ट जनरल बखोदिर कुर्बानोव और अन्य के साथ बैठक करते हुए।

# पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया और इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही में उन्हें 31 अगस्त को पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की सदस्यता वाली इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ ने इमरान से 31 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से उसके समाने पेश होने को कहा। अदालत ने बीते शनिवार को इस्लामाबाद में अपने भाषण के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को धमकी देने पर 69 वर्षीय इमरान के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए सोमवार को एक बड़ी पीठ का गठन किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कयानी ने पीटीआई के अध्यक्ष इमरान की टिप्पणी को अनुचित करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों को नियंत्रित करने पर जोर देते हुए कहा कि मामला केवल इस्लामाबाद उच्च न्यायालय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संदेश उच्चतम स्तर तक जा रहा है।

न्यायमूर्ति कयानी ने कहा, इमरान लगातार न्यायपालिका और पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। इस पर विराम लगना चाहिए। न्यायमूर्ति मियांगुल ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इमरान ने शनिवार को एफ-9 पार्क में आयोजित एक रैली में इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप-महानिरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी देते हुए कहा था, हम आपको बख्शेंगे नहीं। उन्होंने न्यायपालिका पर अपनी पार्टी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि उसे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। इमरान ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी को भी गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। चौधरी ने इस्लामाबाद पुलिस के अनुरोध पर इमरान के सहयोगी शहबाज गिल को दो दिन हिरासत में लेने की मंजूरी दे दी थी। गिल को पिछले हफ्ते देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के करीब 5,000 लोगों पर प्रतिबंध लगाए

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद मॉस्को के शीर्ष नेतृत्व और कुलीन वर्ग के लोगों समेत करीब 5,000 नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने अपने सहयोगियों तथा साझेदारों के साथ मिलकर क्रेमलिन के अधिकारियों पर वीजा पाबंदियों समेत कई प्रतिबंध लगाए। अमेरिका ने 24 फरवरी 2022 के बाद से यूक्रेन पर रूस के हमले के जवाब में करीब 5,000 लोगों पर वीजा पाबंदियां लगाने के लिए कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा, हम रूसी आक्रमण में शामिल लोगों की पहचान करते रहेंगे और उनके आचरण के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराएंगे। हम क्रेमलिन की जवाबदेही तय करने के लिए सभी उपायों पर विचार कर रहे हैं। प्रवक्ता ने यह भी पुष्टि की कि अमेरिका में रूस के राजदूत 18 अगस्त को विदेश विभाग में आए थे और इस दौरान अमेरिका ने यूक्रेन पर युद्ध में और तेजी लाने के खिलाफ रूस को आगाह किया। साथ ही मॉस्को से यूक्रेन के परमाणु केंद्रों में या उसके समीप सभी सैन्य अभियान बंद करने तथा जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र का कब्जा युद्धग्रस्त देश को वापस लेने के लिए कहा गया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में मुलाकात की ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने दुनियाभर में अपने सहयोगियों के साथ काम करते हुए अभूतपूर्व गति से अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का सही तरीके से इस्तेमाल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस, यूक्रेन, उसके लोगों, उसकी स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उसकी क्षेत्रीय अखंडता पर बर्बर प्रहार कर रहा है।

# जयशंकर ने पराग्वे में भारतीय दूतावास का किया उद्घाटन

**एसनसियोन (पराग्वे)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पराग्वे के अपने समकक्ष जूलियो सीजर एरियोला के साथ यहां नए भारतीय दूतावास का उद्घाटन किया और विश्वास व्यक्त किया कि यह नया मिशन द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। जयशंकर समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह पराग्वे का दौरा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरुआत की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर हो रही है। जयशंकर ने मंगलवार को ट्वीट किया, पराग्वे के विदेश मंत्री जूलियो सीजर एरियोला के साथ नए भारतीय दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद रहने के लिए (पराग्वे के) गृह मंत्री फेडेरिको ए. गोंजालेज़ का शुक्रिया। हमारे मजबूत द्विपक्षीय संबंधों और हमारे लंबे समय से चले आ रहे बहुपक्षीय सहयोग की पुन:पुष्टि। उन्होंने कहा, विश्वास है कि यह नया निवासी मिशन भारत तथा पराग्वे के संबंधों को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा।


**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Brij Mohan S/o Sh. Ram Chand R/o DDA Janta Flat No. O-26/A-6, Ground Floor,Pocket-O,Dilshad Garden, Delhi-110095** has applied for conversion of **the DDA Janta Flat No.O-26/A-6,Ground Floor, Pocket-O, Dilshad Garden, Delhi-110095** from lease hold to free hold in DDA. The Original Demand-cum-Allotment Letter of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch vide S.O. No.430/2014 LR No.1003298/2022 dated 02.12.2021. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write / contact with above named person at above address/phone No.**9910668444** within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI RAJENDER PRASAD and KAILASH RANI both sons of LATE KISHAN LAL both residents of FLAT NO.06, FIRST FLOOR, POCKET-GH-3, MILAP APARTMENTS, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI-110063**, is the owner of **DDA LIG FLAT NO.06, FIRST FLOOR, POCKET-GH-3, MILAP APARTMENT, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI110063, VIDE DDA FILE NO. L/344(16)06/AAY/PV**, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **Original DEMAND LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP** and CASH DEPOSIT RECEIPT of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No. 680612/2022** dated **10.08.2022.** Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named person** at above Address/Phone No...................... within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LIG (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal** (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54


# भारतीय कम्पनियां विदेशों में रणनीतिक क्षेत्रों में तय सीमा से अधिक कर सकेंगी निवेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कंपनियां जरूरी मंजूरी हासिल कर ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में निर्धारित सीमा से अधिक विदेशों में निवेश कर सकती हैं। विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश (ओवरसीज डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) नियम और नियमन 2022 पर व्याख्यात्मक नोट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि गैर-वित्तीय क्षेत्र इकाई स्वत: मंजूर मार्ग से (बैंक और बीमा को छोड़कर) वित्तीय सेवा गतिविधियों में शामिल विदेशी इकाई में प्रत्यक्ष निवेश कर सकती हैं। पूर्व की व्यवस्था में गैर-वित्तीय क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय इकाई को वित्तीय सेवा गतिविधियों में शामिल विदेशी कंपनी में निवेश की अनुमति नहीं थी। इसमें कहा गया है, बीमा क्षेत्र में काम नहीं करने वाली भारतीय इकाई उस साधारण और स्वास्थ्य बीमा में विदेशी इकाइयों में निवेश कर सकती हैं, जहां इस प्रकार का कारोबार ऐसी भारतीय इकाई के विदेशों में की जाने वाली मुख्य गतिविधि का समर्थन कर रहा हो। सरकार ने सोमवार को राजपत्र में प्रकाशित दो अधिसूचनाएं जारी कीं। इसमें भारतीय इकाइयों के विदेशों में निवेश और पोर्टफोलियो निवेश को लेकर सीमाएं निर्धारित की गई हैं। पूर्व के नियमन में भारतीय इकाइयों में विदेशों में पोर्टफोलियो निवेश को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इसके अलावा नियंत्रण, विनिवेश, अनुषंगी की अनुषंगी और वित्तीय सेवा गतिविधियों समेत अन्य चीजों को भी परिभाषित किया गया है। वित्त मंत्रालय ने नोट में कहा है कि नई व्यवस्था में रणनीतिक क्षेत्र की नई अवधारणा पेश की गई है। इसमें सरकार के पास विदेशों में तय सीमा से अधिक निवेश की अनुमति देने का अधिकार होगा। इसमें कहा गया है, रणनीतिक क्षेत्र में ऊर्जा, प्राकृतिक संसाधन और ऐसे क्षेत्र शामिल होंगे जिसके बारे में निर्णय सरकार उभरते कारोबारी जरूरतों के आधार पर समय-समय पर करेगी। नए नियम में प्रस्ताव किया गया है कि मंजूरी मार्ग वाली चीजों को अब स्वत: मार्ग के तहत अनुमति होगी। पूर्व व्यवस्था में किसी भारतीय इकाई को अनुषंगी की अनुषंगी को या उसकी ओर से कॉरपोरेट गारंटी जारी करने के लिए रिजर्व बैंक की मंजूरी की आवश्यकता होती है। लेकिन अब नई व्यवस्था में यह स्वत: मंजूर मार्ग के अंतर्गत आ गया है। नोट के अनुसार, नई व्यवस्था में विदेशी इकाई की शेयर पूंजी के अधिग्रहण को स्वत: मार्ग के अंतर्गत अस्थाई स्थगित भुगतान के आधार पर मंजूरी दी गई है। पहले इसकी अनुमति मंजूरी मार्ग के तहत थी। इसमें कहा गया है कि भारतीय इकाई अगर भारत में वित्तीय सेवा गतिविधियों में शामिल नहीं है, वह अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में उस विदेशी इकाई में प्रत्यक्ष निवेश कर सकती है, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वित्तीय सेवा गतिविधियों (बैंक या बीमा को छोड़कर) में शामिल है। इसके साथ अनुपालन बोझ के मामले में नई व्यवस्था में विदेशी निवेश-संबंधित विभिन्न रिटर्नादस्तावेजों को दाखिल करने के लिए विलंब शुल्क जमा करने की सुविधा दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि इससे अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी आसानी होगी। अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियों की स्थापना या समापन या विदेशी इकाई के शेयरधारिता प्रतिरूप में बदलाव के लिए अलग रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को अब समाप्त कर दिया गया है।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

सूचित हो कि, मैं अरोहन मैसी, निवासी flat 603, टावर O-3 ऑक्सिरिच, निहो स्कॉटिश गार्डन, अहिंसा खंड II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014 ने तारीख 04. 08. 2022 को नोटरी द्वारा जहीर मियां, नई दिल्ली के समक्ष एक शपथपत्र दाखिल कर मेरी पुत्री का नाम 'अविका ए मैसी' से 'अविका मैसी' कर दिया है

PD(9055)C


## निवेश जुटाने की संभावनाएं तलाश रही है स्पाइसजेट

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट अन्य एयरलाइन कंपनियों और बाहरी पक्षों से निवेश प्राप्त करने की संभावनाएं तलाश रही है। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी दिसंबर तक अपने बेड़े में सात और बोइंग विमानों को शामिल करने की योजना है।

# चार सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को सरकार पूंजी बाजार का रुख करेगी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि चार सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को सरकार अगले महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। उन्होंने कहा कि यह धन अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिए जुटाया जाएगा और खुदरा निवेशकों के लिए इसमें 10 लाख रुपए की निवेश सीमा होगी। गडकरी ने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, हम चार सड़क परियोजनाओं के लिए पूंजी बाजार का रुख करेंगे। इसमें सात से आठ प्रतिशत का सुनिश्चित रिटर्न होगा। गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय एक बार फिर बनाओ, चलाओ, स्थानांतरित करो (बीओटी) मॉडल के तहत परियोजनाएं खोलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने 2024 तक राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई को दो लाख किलोमीटर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क अप्रैल, 2014 के 91,287 किलोमीटर से बढ़कर नवंबर, 2021 में 1,40,937 किलोमीटर पर पहुंच गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सड़क निर्माण, नदी संपर्क, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन, पार्किंग प्लाजा, सिंचाई, रोपवे और केबल कार परियोजनाओं की अपार संभावनाएं हैं।

गडकरी ने कहा, हमें दुनियाभर में और भारत के भीतर से अच्छी तकनीक, अनुसंधान, नवाचार और सफल प्रक्रियाओं को स्वीकार करने की आवश्यकता है। हमें गुणवत्ता से समझौता किए बिना लागत कम करने के लिए वैकल्पिक माल का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का काम करीब 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

# सिंधिया ने भारत में अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र की जरूरत पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को भारत में अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र की स्थापना पर जोर दिया। इसके लिए किसी हवाईअड्डों पर एयरलाइंस, अधिक चौड़े आकार के विमानों के साथ ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान के बीच तालमेल की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि भारत में अगले सात से 10 वर्षों में कुल 40 करोड़ से अधिक हवाई यात्री होने की उम्मीद है। घरेलू एयरलाइंस के लिए वृद्धि के जबर्दस्त अवसर हैं और इन कंपनियों के पास पांच वर्षों में कुल 1,200 विमानों का बेड़ा होने की उम्मीद है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या सात से 10 वर्षों में दोगुना होकर 40 करोड़ होने की उम्मीद है। महामारी से पहले भारत में हवाई यात्रियों की संख्या करीब 20 करोड़ थी। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में सिंधिया ने कहा कि देश में 2026 तक हेलिपोर्ट और एयरोड्रम मिलाकर कुल 220 हवाईअड्डे होने का अनुमान है।

# शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 257 अंक मजबूत

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार बीएसई सेंसेक्स 257 अंक से अधिक के लाभ में रहा। बैंक, धातु और वाहन शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 257.43 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 59,031.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 59,199.11 अंक तक गया और नीचे में 58,172.48 अंक तक आया। सेंसेक्स के 21 शेयर लाभ में जबकि नौ नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 86.80 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,577.50 अंक पर बंद हुआ। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट के साथ प्रमुख सूचकांक नुकसान के साथ खुला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर में वृद्धि की आशंका से अनिश्चितता बढ़ी है। एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट से भी धारणा प्रभावित हुई। हालांकि बाद में बैंक, धातु तथा वाहन शेयरों में तेजी से सूचकांक नीचे से ऊपर आया और बढ़त के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक 3.78 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा बजाज फिनसर्व (2.75 प्रतिशत), टाइटन (2.6 प्रतिशत), टाटा स्टील (2.38 प्रतिशत), भारतीय स्टेट बैंक (2.12 प्रतिशत), कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा और इंडसइंड बैंक में तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, विप्रो और एचडीएफसी बैंक मुख्य रूप से नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव तेज रहा और कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,000 अंक का उतार-चढ़ाव आया। बाद में बैंक, वाहन, धातु और रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बाजार में वैश्विक कारणों से आने वाले दिनों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में अनिश्चितता को लेकर आशंका साफ दिख रही है। वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के साथ घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि, मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था कुछ राहत प्रदान कर रही है। यूरोप में ऊर्जा के दाम बढ़ने और अमेरिका में नीतिगत दरों में वृद्धि की आशंका से वैश्विक बाजारों में दबाव है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा।


**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामलखन पुत्र श्री अतर सिंह, जो की फसली वर्ष 1380 के खतौनी से मालिक है, उक्त संपत्ति प्लाट नंबर 19, खसरा नं0 245, गार्डन एन्क्लेव, सेक्टर 23, संजय नगर, ग्राम-मोहिउद्दीनपुर, मैनापुर जलालाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201001 को श्री संजीब कर पुत्र दुलाल चंद्र कर व संहिता कर पत्नी संजीब कर को बचे रहे हैं। उपरोक्त संपत्ति डी एम आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति की सीमाएं – पूर्व : रास्ता 21 एफ, पश्चिम : राम कुमार की भूमि, उत्तर : मकान नं0 20, दक्षिण : मकान नं0 18/रामानंद का घर है।

यदि किसी व्यक्ति(ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं तो हमे इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा य हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**

Be it known the all general public that my client Mr. Sameer Mohad, S/o Fakir Mohad, address at J-12A & J-12B, Garamin Garden, Loni Ghaziabad. That my client has filed a NCR vide LR No. 665570/2022 dated 05.08.2022 wherein he disclosed that the original khatoni in favour of Mr. Aslam, Original GPA, Agreement to Sell and Will dated 30.03.1996 and Original GPA, Agreement to Sell and Will dated 26.12.2009 have been lost and same is not traceable.

Through this publication, want to inform to the general public that if anyone found the above mentioned documents, please return the same to my current residence address or to my legal counsel.

If any person has any objection regarding the above mentioned property no. J-12A & J-12B (50 sq. yard), contact the undersigned within 07 days from the date of the publication.

Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is given on behalf of Our Clients, Ms. Ruhani Takhar and Ms. Siya Takhar both daughters of Mr. Raminder S. Takhar R/o. House No. 1, Third Floor, Siri Fort Road, Sadiq Nagar, New Delhi 110049 that Our Clients have undivided, indivisible and impartible ownership rights in the property being Entire Third Floor and Entire terrace/roof above/upon the entire Third Floor of House No.1 Siri Fort Road, Sadiq Nagar, New Delhi constructed on a plot of land measuring 500 Sq. Yds., with all nterest, easements, privileges and appurtenances thereto, with all fittings, fixtures. connections, structure standing thereon, with all rights in common entrances, passages, staircase lift and other common facilities and amenities provided therein. Therefore any person(s) dealing in respect of the above referred property or part thereof by way of sale, exchange, mortgage, charge, gift, maintenance, inheritance, possession, lease, tenancy, sub tenancy, lien, license, hypothecation, transfer of title or beneficial interest under any trust, right of prescription or pre-emption or under any Agreement or other disposition or under any decree, order or Award or otherwise claiming, howsoever, are hereby cautioned not to deal in any manner whatsoever with respect to above referred property or part thereof without prior intimation to the undersigned at their office at F-31, First Floor, Connaught Place, New Delhi-110001 within a period of 5 days (both days inclusive) of the publication hereof failing which the transaction, if any shall be void ab initio. In the event any person(s) deal in respect of the above referred property or part thereof the same shall be done at the costs, risks and consequences of the said person(s) and Our Clients shall be entitled to be indemnified for the same.

**Schedule of the property :**
**North East : Lane**
**North West : Plot No.2**
**South East : Road**
**South West : Road**

**THE LAW CHAMBERS**
**HIMANSHU SAPRA ADVOCATE**
**F31, First Floor, Connaught Place, New Delhi 110001**

**परफैक्टपैक लिमिटेड**

CIN:L72100DL1972PLC005971

पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीव टॉवर-43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
दूरभाष सं. 011-26441015-18, वेबसाइट : www.perfectpac.com
ई-मेल : complianceofficer@ perfectpac.com

50वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना
ई-वोटिंग तथा बही बंदी की जानकारी

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020, तथा परिपत्र सं. 02/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 (संयुक्त रूप में "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") एवं तदधीन विरचित नियमावली के लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 तथा सेबी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 (एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र संयुक्त रूप में "परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में परफैक्टपैक लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 50वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बृहस्पतिवार, 15 सितंबर 2022 को दोपहर 12.30 बजे (आईएसटी) वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर, आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों का निष्पादन किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के उद्देश्य से की जाएगी।

परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-2022 हेतु वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट") केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी'ज) के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को एजीएम की ई-मेल भेजने का कार्य 23 अगस्त, 2022 को पूरा किया जा चुका है। उपरोक्त प्रलेख कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com एवं स्टॉक एक्सचेंजेस नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

जिन सदस्यों की ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास पहले से पंजीकृत हैं, एजीएम की सूचना में दिए गए रिमोट ई-वोटिंग ओर एजीएम में ई-वोटिंग हेतु अनुदेशों का पालन करें। जिन सदस्यों की ई-मेल आईडी'ज पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि उसका पंजीकरण कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाओं इत्यादि सहित सभी संदेश इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए, नीचे वर्णित प्रक्रिया के अनुसार करवा लें :-

- भौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे विधिवत हस्ताक्षरित प्रपत्र आईएसआर-1, अन्य समर्थन दस्तावेज, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट - स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके कार्यालय डी-153/ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोन : 011-40450193-97 को भेजें ; अथवा ई-मेल द्वारा admin@skylinerta.com को भेजें। उक्त प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट https://perfectpac.com/pdf/kyc/Form-ISR-1.pdf पर उपलब्ध है।
- अभौतिक रूप में शेयरों के धारक शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीकृत/अद्यतित करवा लें।

अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 ("नियमावली"), समय समय पर संशोधित, के नियम 20 और सूचीयन विनियमावली के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसरण में, सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर, रिमोट ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम से पहले) तथा ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम में) के माध्यम से उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डालने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों का उपलब्ध कराई जाएगी, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और जिनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है। एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल चुके सदस्य भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु एजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे। सभी सदस्यों को आगे सूचना दी जाती है कि :

1. 50वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन ई-वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है।
2. सदस्य(यों) के वोटिंग अधिकार विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2022 को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2022 को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद है, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का हकदार होगा।
3. कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, evoting@nsdl.co.in अथवा info@skylinerta.com पर अपने फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी के उल्लेखयुक्त अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति, एनएसडीएल के साथ रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से पंजीकृत हैं, वह अपनी वर्तमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड का इस्तेमाल अपना वोट डालने के लिए कर सकता है।
4. रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 12 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा बुधवार, 14 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें परिवर्तन की अनुमति नही होगी।
5. इस अवधि के दौरान, भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य अपना वोट एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल सकते हैं।
6. सदस्यों को एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा एजीएम में उपस्थित वे सदस्य, जिनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं डाला गया है, एजीएम में वोट डालने हेत ग्राह्य होंगे।
7. जो सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं तथा भाग ले सकते हैं परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
8. रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम में ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए हैं तथा कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting@nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
9. किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड्स सेक्शन्स में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोल फ्री नम्बर : 1800-1020-990 और 1800 22 44 30 पर कॉल करें अथवा evoting.nsdl.co.in पर एनएसडीएल को अनुरोध भेजें, जो इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के साथ संबंधित सभी शिकायतों का निस्तारण करेंगे।
10. निदेशक मंडल ने श्री रवि शर्मा (एफसीएस नंबर 4468, सी.पी. नंबर : 3666) तथा/अथवा सुश्री सुमन पांडे (एफसीएस नंबर 7606, सी.पी. नंबर : 8404) पार्टनर्स मैसर्स आरएसएम ऐंड कम्पनी, कम्पनी सेक्रेटरीज, को निष्पक्ष रूप से तथा पारदर्शी ढंग से एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की प्रक्रिया की संवीक्षा हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
11. परिणाम एजीएम के समापन के दो कार्यदिवस के भीतर घोषित किए जाएंगे और उनको समेकित संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किया जाएगा और बीएसई लिमिटेड को www.bseindia.com पर सूचित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त सूचना दी जाती है कि अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों और सूचीयन विनियमावली के विनियम 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण बहियां शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2022 से बृहस्पतिवार, 15 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।

वास्ते परफेक्टपैक लिमिटेड
संजय राजगढ़िया
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक 23-08-2022

# प्रेम संबंधों के चलते नाबालिग की हत्या

## बाराबंकी में हुई घटना से सनसनी आरोपी गिरफ्तार

भाषा। बाराबंकी

**बाराबंकी** जिले के दरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर प्रेम संबंधों के चलते एक नाबालिग लड़के सूरज की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सूरज के मामा की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि सूरज (16) के परिजनों की तहरीर पर कल्लू, फरीद व आबिद पर हत्या का मामला दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद जांच को दिशा मिलेगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो थाने की पुलिस मौके पर मौजूद है।पुलिस के अनुसार थाना असंद्रा के ग्राम चितई का पुरवा निवासी रमेश चौहान दिल्ली में नौकरी करते है और उनका पुत्र सूरज अपनी मां सावित्री व भाई-बहनों के साथ दरियाबाद थाना क्षेत्र के लालपुर गुमान में रहता था। सूरज के मामा रामतेज के हवाले से पुलिस ने बताया कि सूरज गांव के बाहर चौराहे पर स्थित उनकी किराने की दुकान पर रात में सोने जाता था। रविवार रात भी सूरज दुकान पर सोने गया था। सुबह सूरज दुकान के बाहर नहीं मिला तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताया कि सोमवार की शाम दुकान से कुछ दूरी पर स्थित खेत में लगे कंटीले तार पर सूरज का शव पड़ा मिला। पास में ही उसका मोबाइल भी मिला। सूरज की पीठ पर चोट के निशान मौजूद थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पूर्णेंदु सिंह भी मौके पर पहुंचे। रामतेज ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कल्लू, फरीद व आबिद पर हत्या का आरोप लगाया है। शिकायत में रामतेज ने आरोप लगाया है कि आरोपियों के घर की लड़की से सूरज का प्रेम संबंध था और वे लोग पहले भी धमकी दे चुके थे।

## जमीनी विवाद में लाठियों से पीटकर ग्रामीण को मार डाला

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के पट्टी कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद में एक ग्रामीण की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। पट्टी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दिलीप सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से बताया कि जमीनी विवाद में सोमवार की रात तीन लोगों ने बनपुरवा गांव निवासी सीताराम (50) की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सीताराम के पुत्र विकास कुमार ने थाना कोतवाली पट्टी में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि मकान के मामले में गांव के बाबूलाल से मु2392दमा चल रहा है और इस पर न्यायालय से स्थगन आदेश है। उन्होंने आरोप लगाया कि मकान पर कब्जा करने की नीयत से शैलेन्द्र, डब्लू और बाबूलाल बीती रात पहुंचे और ज़ब मेरे पिता सीताराम ने इससे इंकार किया तो उन लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर उनकी हत्या कर दी। सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**किसान की धारदार हथियार से हत्या:** बदायूं जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से बाहर सोए एक किसान की धारदार हथियार से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. ओपी सिंह ने मंगलवार को बताया कि थाना वजीरगंज क्षेत्र के लखनपुर गांव में ताराचंद (50) सोमवार की रात अपने घर के बाहर बरामदे में सोए थे और आज सुबह मृत पाए गए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण करने पर पाया गया कि किसी धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जल्द इसका राजफाश कर दिया जाएगा। एसएसपी ने खुद मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में ज्वाला देवी के छात्रों ने लहराया परचम



**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स के छात्रों ने 33वीं क्षेत्रीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता में परचम लहराया है। यह प्रतियोगिता रानी रेवती सरस्वती विद्या निकेतन राजापुर में 20 से 22 अगस्त तक आयोजित हुई। जिसमें ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के भैयाओं ने प्रतिभा की बदौलत परचम लहराते हुये सभी वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मीडिया प्रभारी सरोज कुमार दुबे ने बताया कि 33वीं बैडमिंटन की क्षेत्रीय प्रतियोगिता विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित थी। यह प्रतियोगिता 20 अगस्त से प्रारंभ होकर और 22 अगस्त को समाप्त हुई। प्रतियोगिता में ज्वाला देवी सिविल लाइन्स के छात्रों ने बाल वर्ग में प्रथम स्थान किशोर वर्ग में प्रथम स्थान और तरुण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालयों को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने छात्रों को बधाई दी। समापन सत्र में विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री डा राम मनोहर भारतीय शिक्षा समिति पूर्व उत्तर प्रदेश के प्रदेश शिक्षक रामजी सिंह विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के खेलकूद प्रमुख जगदीश कुमार सिंह विद्यालय के शारीरिक आचार्य विजय मौर्य और अजीत सिंह उपस्थित रहे।

## मुक्त विश्वविद्यालय में 92 लोगों ने लगवाई बूस्टर डोज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में मंगलवार को गंगा परिसर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में कोविड 19 संक्रमण से बचाव को लेकर 92 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। मुक्त विश्वविद्यालय में व्यापक स्तर पर आज टीकाकरण अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने टीकाकरण शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुक्त विश्वविद्यालय के कर्मचारी इंदुभूषण पांडेय ने बूस्टर डोज लगवाई। कुलपति प्रो सीमा सिंह कहा कि कोविड 19 के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए टीकाकरण अभियान को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय इससे पूर्व भी कोविड 19 टीकाकरण शिविर का आयोजन कर चुका है। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने टीकाकरण शिविर में बूस्टर डोज के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिविर लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें कोरोना मुक्त स्वस्थ भारत का निर्माण करना है। जिसमें प्रत्येक देशवासी का सहयोग अपेक्षित है। विश्वविद्यालय के हेल्थ केयर यूनिट के प्रभारी प्रो जी एस शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने टीकाकरण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि दिन भर चले अभियान में 92 लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय में आयोजित टीकाकरण शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम रीता दुबे एवं प्रीति पांडेय और आशा कार्यकर्ता गुड़िया भारती रेखा भारती ने लोगों को बूस्टर डोज लगाई।

### कुलपति प्रो सीमा सिंह ने किया वृक्षारोपण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के हर सदस्य को अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण का संरक्षण तो होगा ही हमे आक्सीजन भी मिलेगा।

## छात्रों के लिए ऑफलाइन आयोजित होगी परीक्षा

**प्रयागराज।** स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षा के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन एसओएफ ने ऑफलाइन परीक्षा की घोषणा की है। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक महाबीर सिंह ने बताया कि ओलंपियाड परीक्षाएं इस साल 15 सितंबर 2022 से ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी। छात्र अपने स्कूलों के माध्यम से एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। प्रयागराज से हर साल एसओएफ ओलंपियाड में अनुमानित तेईस हजार छात्र उपस्थित होते हैं। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन इस वर्ष सात विषयों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करेगा। जिसमें एसओएफइंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड एसओएफ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड एसओएफ नेशनल साइबर ओलंपियाड एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड और एसओएफ इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड शामिल हैं।

## साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन ने 2022-23 के लिए परीक्षा की तिथि घोषित की

**लखनऊ।** स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षा के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने घोषणा की है कि ओलंपियाड परीक्षाएं इस साल 15 सितंबर 2022 से ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी । छात्र अपने स्कूलों के माध्यम से एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। लखनऊ से हर साल एसओएफ ओलंपियाड में करीब 47,000 छात्र शामिल होते हैं।साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन इस वर्ष 7 विषयों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करेगा जिसमें एसओएफ इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड, एसओएफ नेशनल साइबर ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड और एसओएफ इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड शामिल हैं । साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक श्री महाबीर सिंह ने कहा की इस वर्ष की परीक्षाएं ऑफलाइन आयोजित की जाएगीए एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा दुनिया में स्कूली छात्रों के लिए सबसे बड़ी ओलंपियाड परीक्षा है। 2021.22 के दौरानए 68 देशों के 68,000 से अधिक स्कूलों ने एसओएफ परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया और लाखों छात्र उनमें शामिल हुए। विजेता छात्रों को पदक और छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाता है।

## अमेठी में लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में निजी स्कूल का प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**अमेठी।** अमेठी में 11वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोप में एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने आज लड़की को एक फॉर्म भरने के बहाने से बुलाया था जिसके बाद 17 वर्षीय छात्रा छुट्टी होने के बावजूद आधार कार्ड लेकर स्कूल गई। अधिकारी ने कहा कि लड़की ने अपने माता-पिता को बताया कि प्रधानाचार्य ने स्कूल में उसके साथ छेड़खानी की। मुसाफिरखाना थाने के प्रभारी अमर सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

## कार हादसे में मां-बेटे समेत तीन की मौत

### दो अन्य लोग घायल, मुख्यमंत्री ने शोक जताया

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के दातागंज क्षेत्र में खाटू श्याम बाबा के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकरा गई जिससे इस घटना में मां-बेटे समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार 22123 अगस्त की दरम्यानी रात करीब दो बजे दातागंज कोतवाली क्षेत्र के डहरपुर कस्बे के पास खाटू श्याम बाबा के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ज्योति उर्फ रुचि (28) उसके बेटे शशांक (आठ) और देवर प्रियांक (24) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साक्षी और प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि दातागंज कोतवाली क्षेत्र के बदायूं-दातागंज मार्ग पर सोमवार देर रात कार के पेड़ से टकराने से तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह कार चालक को नींद आना बताया जा रहा है। इस बीच, राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक दो लेखपालों की हुई मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के देहात थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लेखपालों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इकौना तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात धुपनाथ चौधरी (38) और विजय कुमार (36) सोमवार की देर रात मोटरसाइकिल से बलरामपुर आ रहे थे। रास्ते में उनका वाहन कोतवाली देहात के नरकटिया सुआव नाले के पास सड़क के किनारे खराब होने के बाद खड़े एक ट्रक से जा टकराया। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सपा नेता हाजी इकबाल समेत पांच पर फर्जी डिग्री बांटने के आरोप में केस दर्ज

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधान पार्षद हाजी इकबाल सहित पांच लोगों के खिलाफ अपने विश्वविद्यालय से फर्जी डिग्री वितरित कराने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि हरियाणा के रोहतक निवासी प्रेमपाल ने सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विपिन टाडा को एक शिकायती पत्र देकर हाजी इकबाल की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में बिना दाखिला कराए अवैध रूप से पिछली तारीखों में दाखिला दिखाकर फर्जी डिग्रियां बाटने का आरोप लगाया था। मामले की जांच बेहट के पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीश चंद से कराई गई थी, जिसमें वर्ष 2021 में फर्जी डिग्री दिए जाने की बात सही पाई गई थी। राय ने बताया कि इसके आधार पर मिर्जापुर थाने में हाजी इकबाल सहित पांच लोगों के विरुद्ध सोमवार शाम धोखाधडी और साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। गौरतलब है कि गैंगस्टर और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के मामलों में वांछित खनन माफिया हाजी इकबाल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। वह अभी फरार हैं। इकबाल की तलाश में पुलिस की कई टीम लगी है।

## पत्नी की फांसी पर लटककर मौत के बाद पति ने खाया कीटनाशक, गंभीर

भाषा। कौशांबी

**उत्तर प्रदेश** के कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी की फांसी के फंदे से लटककर मृत्यु के बाद पति ने कीटनाशक खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

कड़ा धाम थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी संतोष सोमवार की शाम को घूमने निकला था और रात नौ बजे वापस घर लौटा। उन्होंने बताया कि वापस आने पर संतोष ने देखा कि उसकी पत्नी रीना (35) कमरे की छत से साड़ी के फंदे से लटक रही थी। उन्होंने बताया कि संतोष ने पत्नी को फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उसके बाद संतोष ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया, इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा जहां से चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। तिवारी के मुताबिक संतोष का उपचार चल रहा है कि पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रीना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो किशोरियों ने भाई के डांटने पर क्षुब्ध हो जहर खाकर जान दी

**बरेली।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो किशोरियों ने कथित तौर पर भाई के डांटने के बाद जहर खा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बरेली के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक ही गांव की निवासी 15 और 16 साल की दोनों किशोरियां रिश्ते में सगी मौसेरी बहनें थीं। उन्होंने बताया कि एक किशोरी हिमाचल प्रदेश में नौकरी करने वाले अपने पिता के पास गई थी और रक्षा बंधन के त्यौहार पर गांव लौटी थी। रक्षा बंधन की रात वह अपनी मौसेरी बहन के घर रुक गई थी। अग्रवाल के मुताबिक, घर पर मौसेरे भाई ने किशोरी को डांट दिया, जिससे कथित तौर पर क्षुब्ध होकर दोनों किशोरियों ने रविवार को पड़ोसी गांव की एक दुकान से जहर खरीदा और घर आकर खा लिया। उन्होंने बताया कि जहर खाने के बाद दोनों किशोरियों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। अग्रवाल के अनुसार, हालत बिगड़ने पर परिजन रविवार शाम दोनों को अस्पताल ले गए। हालांकि, इनमें से एक की रास्ते में ही मौत हो गई, दूसरी ने सोमवार शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अग्रवाल ने बताया कि नायब तहसीलदार ने मौत से पहले अस्पताल में भर्ती किशोरी का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने जहर खाने की बात स्वीकार की है।

### छात्रा ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या की

प्रतापगढ़। जिले के कुण्डा थाने के बाबूगंज रेलवे क्रॉसिंग के निकट मंगलवार को एक छात्रा ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली ढ पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कुण्डा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि मरने वाली छात्रा की पहचान रीतु यादव (16) के रूप में की गई है और वह तुलसी इंटर कॉलेज में विज्ञान की छात्रा थी। सिंह ने बताया कि रीतु मंगलवार को घर से कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन बाबूगंज रेलवे क्रासिंग पर उसने आत्महत्या कर ली। शव को अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है ढ पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।



आगरा में गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले भगवान गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देते कलाकार।

## शाही मस्जिद को हटाने के प्रस्ताव के खिलाफ याचिका हो गई खारिज

भाषा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने प्रयागराज जिले के सैदाबाद में जीटी रोड पर स्थित एक शाही मस्जिद को हटाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ दायर एक रिट याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका शाही मस्जिद, सैदाबाद की इंतेजामिया कमेटी की ओर से इस आधार पर दायर की गई थी कि यह निर्माण (शाही मस्जिद) काफी लंबे समय से, मसलन आजादी के पहले से स्थित है। न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, अधिकारियों द्वारा लिखित में दी गई जानकारी के मुताबिक प्रयागराज से हंडिया को जाने वाले राज्य राजमार्ग 106 पर शाही मस्जिद का निर्माण सरकारी भूमि गाटा संख्या 402 पर एक अतिक्रमण है और हम इस पर कोई आदेश पारित करने की स्थिति में नहीं हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत का ध्यान राजस्व विभाग द्वारा दी गई उस रिपोर्ट की ओर आकर्षित करना चाहा जिसमें कहा गया है कि शाही मस्जिद का निर्माण देश की आजादी से पहले किया गया था। इस पर अदालत ने कहा, उक्त रिपोर्ट को देखने से पता चलता है कि यह रिपोर्ट उस इलाके के लोगों द्वारा दिए गए बयान पर आधारित है और अधिकारी द्वारा शाही मस्जिद की मौजूदगी के संबंध में किसी डेटा या तथ्य पर गौर नहीं किया गया। अदालत ने 16 अगस्त को पारित अपने आदेश में कहा, जिस भूमि पर शाही मस्जिद स्थित है, उस संबंध में दावे के लिए याचिकाकर्ता के पास निचली अदालत से संपर्क कर दीवानी मुकदमा दायर करने का विकल्प खुला है।

### विद्यालय गणवेश में न आने पर पूर्व प्रधान ने दलित छात्रा को मारपीट कर भगाया, मामला दर्ज

भदोही। भदोही जिले के चौरी थाना इलाके के सरकारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली एक दलित छात्रा के विद्यालय गणवेश में नहीं आने पर मानिक पुर के पूर्व प्रधान द्वारा उसे मारपीट कर स्कूल से भगा दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पूर्व प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला ने फांसी लगा दी जान

**बरेली ।** पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव से पीपलसाना चौधरी निवासी यादराम की पत्नी सीमा ने बीती रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि सोनू को रक्षाबंधन के अवसर पर उसके पति ने मायके नहीं जाने दिया था और पैदा किया था हो उससे जन्माष्टमी के अवसर पर मैसेज भेजिएगा लेकिन उसमें जन्माष्टमी पर भी सीमा को मायके नहीं जाने दिया जिसको लेकर कल दोनों में विवाद हुआ था विवाद हो गया था इसी से नाराज सीमा ने रात में किसी समय घर में छत के कुडे से साड़ी इसी से नाराज सीमा ने रात में किसी समय घर में छत के कुडे से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली सुबह होने पर उसकी लाश फांसी पर लटकी पाई गई।

### पेड़ पर लटकी मिली ग्रामीण की लाश

**बरेली ।** टहलने के लिए घर से निकले युवक की लाश गांव के पास ही आम के पेड़ पर लटकी पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव नत्थू रमपुरा निवासी 35 वर्षीय डाल चंद्र पुत्र बाबूराम की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि डालचंद कल शाम को खाना खाने के बाद टहलने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा घर के लोगों ने कुछ देर इंतजार करने के बाद उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सुबह होने पर जंगल में जा रहे लोगों ने उसकी लाश को आम के पेड़ पर लटके देखा और घर वालों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नेपाल जा रही उज्बेक महिला गिरफ्तार

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के सोनौली क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारत से नेपाल जा रही एक उज्बेक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। आव्रजन अधिकारी उत्तम कुमार ने मंगलवार को बताया कि उज्बेकिस्तान की रहने वाली शोखसनम सपाखोनोवा (31) सोमवार रात चंडीगढ़ से नेपाल जा रही थी। उन्होंने बताया कि सोनौली सीमा पर उसका वीजा और पासपोर्ट की जांच की गई तो वे फर्जी पाए गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है और खुफिया ब्यूरो के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं।

### पेट्रोल पंप से तेल चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**बरेली ।** पेट्रोल पंप से तेल चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने कार सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेजा । मीरगंज थाना क्षेत्र में अनुविश पुलिस चौकी के पास मुखबिर की सूचना के बाद वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बरेली की तरफसे आ रही एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली तब कार में प्लास्टिक की 2 कैन एक पाइप और पेचकस बरामद हुआ।

# कोहली के खराब फार्म के बचाव में शास्त्री

## खराब दौर से सीखकर वापसी करेगा विराट

● उसके जुनून में कोई कमी नहीं



भाषा। नई दिल्ली

**लंबे अर्से** से खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि फिटनेस, जीत की भूख और जुनून के मामले में अभी भी उसका कोई सानी नहीं है और वह इस जरूरी ब्रेक के बाद शानदार वापसी करेगा। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को होने वाला मैच पूर्व कप्तान विराट कोहली का 100वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। पिछले साल टी20 विश्व कप में पाकिस्तान से हारने के बाद भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहला मैच है। शास्त्री ने अप्रैल में कोहली को क्रिकेट से ब्रेक लेने और जरूरी लगे तो आईपीएल भी नहीं खेलने की सलाह दी थी। मैने हाल ही में कोहली से बात नहीं की है लेकिन बड़े खिलाड़ी हमेशा समय पर चेत जाते हैं। एशिया कप से पहले लिया ब्रेक उसके लिए फायदेमंद होगा जिसमें उसने आत्ममंथन किया होगा। लोगों की याददाश्त बहुत छोटी होती है और पाकिस्तान के खिलाफ वह अर्धशतक भी बना लेगा तो लोग सब कुछ भूल जाएंगे। वसीम अकरम के साथ स्टार स्पोटर्स के कमेंट्री बॉक्स में शाज एंड वाज के साथ लौटे शास्त्री ने कहा , मैने हाल ही में एक आंकड़ा देखा कि पिछले तीन साल में कोहली ने अपने समकालीन केन विलियमसन, डेविड वॉर्नर या जो रूट की तुलना में तीन गुना मैच खेले हैं। वह तीनों प्रारूपों में लगातार खेल रहा था जिसका असर पड़ा होगा। इसके बावजूद उसके जैसा फिट कोई और भारतीय क्रिकेटर नहीं है। वह एक मशीन है और उसके भीतर जीत की भूख और जुनून जस की तस है।हर बड़ा खिलाड़ी खराब दौर से गुजरता है और उससे सीखता है। उसे बस एक बड़ी पारी की जरूरत है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा , पिछले एक साल से सोशल मीडिया पर जिस तरह से कोहली की आलोचना हो रही है, वह बिल्कुल गैर जरूरी है। वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से है। फॉर्म अस्थाई होता है और क्लास हमेशा रहता है। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा , उम्मीद है कि वह जल्दी वापसी करेगा लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ नहीं करे। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की कोहली से तुलना को जल्दबाजी करार देते हुए अकरम ने कहा , यह तुलना स्वाभाविक है और हर दौर में हुई है। इंजमाम उल हक की तुलना सचिन तेंदुलकर से, गुंडप्पा विश्वनाथ की जहीर अब्बास से और जावेद मियांदाद की सुनील गावस्कर से तुलना हुई है। बाबर के पास अच्छी तकनीक है और वह तेजी से सीख रहा है। वह उस रास्ते पर है कि कोहली की तरह महान बन सकता है लेकिन उसकी तुलना अभी जल्दबाजी है।

### भारत-पाक मैच को एक आम क्रिकेट मुकाबले की तरह लें : अकरम



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच 28 अगस्त को होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच पर सभी की नजरें है लेकिन पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने दोनो देशो के क्रिकेट प्रेमियो से इसे महज एक क्रिकेट मैच की तरह लेने का आग्रह किया है। एशिया कप 27 अगस्त से शुरू होगा और अगले दिन खिताब की प्रबल दावेदार भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। अकरम ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , सभी की नजरें इसी मैच पर लगी है क्योंकि लोगों को इन दोनों टीमों को आपस में खेलते देखने की आदत नही है लिहाजा उन्हें इस मैच का इंतजार है। मै दोनों देशों के क्रिकेटप्रेमियों से अनुरोध करना चाहता हूं कि इसे सिर्फ एक क्रिकेट मैच की तरह ही लें जिसमें एक टीम हारेगी और एक जीतेगी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी खिलाड़ियों को सोशल मीडिया पर बनने वाली हाइप से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा , मै खिलाड़ियों से यही कहूंगा कि अपने खेल पर फोकस रखें और सोशल मीडिया हाइप से दूर रहें। पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत को हराने के बाद से पाकिस्तान टीम का कायाकल्प हो गया है और वह नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। पिछले साल टी20 विश्व कप मे भारत को हराकर पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए है। यह युवा टीम है लेकिन लगातार अच्छा खेल रही है। मध्यक्रम कमजोर कड़ी हो सकता है जिसमें इफ्तिखार अहमद के अलावा किसी के पास अनुभव नही है। दोनों टीमों के लिए इस मैच में जीत की कुंजी मानसिकता होगी। एशिया कप मे दोनो टीमों के लिए यह सबसे अहम मुकाबला भी है।

## आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार

**दुबई।** जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला 3-0 से जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी की ताजा एक दिवसीय टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। भारत के 111 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान ने भी नीदरलैंड को 3-0 स हराया और 107 रेटिंग अंक लेकर वह चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 124 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने वेस्टइंडीज को 2 . । से हराया। इंग्लैंड 119 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत को अब छह अक्टूबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलनी है। दूसरी ओर पाकिस्तान इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद एक ही वनडे खेलेगा। न्यूजीलैंड टीम अगले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। आस्ट्रेलिया से हारने पर उसे शीर्ष स्थान इंग्लैंड को गंवाना पड़ सकता है। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया जीतता है तो पाकिस्तान की जगह चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

## द्रविड़ कोविड-19 से संक्रमित, एशिया कप के लिए अभी दुबई नहीं जाएंगे : शाह

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और वह 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के साथ दुबई नहीं जा पाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। भारत एशिया कप में 28 अगस्त को अपने शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगा। शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का टीम के एशिया कप 2022 के लिए यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) रवाना होने से पहले कोविड-19 के लिए किया गया रूटीन परीक्षण पॉजिटिव आया है। उन्होंने कहा, द्रविड़ अभी बीसीसीआई चिकित्सा टीम की निगरानी में हैं और उनमें मामूली लक्षण हैं। कोविड-19 की रिपोर्ट नेगेटिव आने पर वह वापस टीम से जुड़ जाएंगे। अभी कुछ समय के लिए सहायक कोच पारस म्हाम्ब्रे टीम के प्रभारी होंगे लेकिन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को टीम के साथ दुबई भेजने का फैसला बाद में किया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हम इस पर फैसला करेंगे कि वीवीएस हरारे से सीधे दुबई जाएंगे या नहीं। इस पर अभी फैसला किया जाएगा और अगर जरूरत पड़ी तो वह टीम से जुड़ेंगे। तब तक पारस म्हाम्ब्रे प्रभारी होंगे। टीम के बाकी सदस्य फिट है और आज सुबह लेकर यूएई रवाना हो गए। टीम के अधिकतर खिलाड़ी मंगलवार की सुबह मुंबई से रवाना हुए जबकि उपकप्तान केएल राहुल, दीपक हुड्डा और रिजर्व खिलाड़ी अक्षर पटेल हरारे से वहां पहुंचेंगे। ए तीनों जिंबाब्वे के दौरे पर गई टीम का हिस्सा थे।

## सानिया मिर्जा चोट के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने चोट के कारण अमेरिकी ओपन के आगामी टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। सानिया पिछले काफी समय से सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलती है। सानिया को यह चोट दो सप्ताह पहले कनाडा में लगी थी। उन्होंने पहले घोषणा की थी कि यह उनके पेशेवर करियर का आखिरी साल होगा। अमेरिकी ओपन से हटने के बाद हालांकि उनके इस फैसले पर असर पड़ सकता है। इस 35 साल की खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि इस महीने टोरंटो में कैनेडियन ओपन के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। सानिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नमस्कार दोस्तों, एक नई खबर। मेरे पास साझा करने के लिए बहुत अच्छी सूचना नहीं है। दो सप्ताह पहले कनाडा में मेरी कोहनी में चोट लग गई थी। मैंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कल हालांकि जब मेरा स्कैन हुआ तो पता चला कि यह गंभीर चोट है। उन्होंने कहा, मुझे कुछ सप्ताह के लिए खेल से दूर रहना होगा और मैं अमेरिकी ओपन से हट गई हूं। अमेरिकी ओपन का आयोजन 29 अगस्त से 11 सितंबर तक होगा। सानिया ने इससे पहले कहा था कि 2022 के सत्र के आखिरी में वह खेल को अलविदा कहेंगी। वह हालांकि अब अपनी इस योजना को बदलने के लिए तैयार हैं। यह आदर्श नहीं है और मेरे लिए बुरा समय है और इससे संन्यास की मेरी योजनाएं बदल जाएंगी लेकिन मैं आप सभी को इसकी सूचना देना जारी रखूंगी।

## दो मैच खेलकर बाहर बैठना थोड़ा कठिन है : अक्षर पटेल

**हरारे।** दो मैच खेलकर टीम से बाहर रहना कठिन है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला अक्षर पटेल हर उस मौके को भुनाना चाहते है जो उन्हे मिल रहा है। वर्ष 2014 के बाद से वनडे क्रिकेट में 50 से अधिक विकेट लेने के बावजूद टीम में अक्षर की जगह पक्की नही है। जिम्बाब्वे पर तीसरे वनडे में 13 रन से मिली जीत के बाद उन्होने कहा , आप दो मैच खेलते हैं और फिर अचानक बाहर बैठना थोड़ा कठिन होता है। इसके बाद फिर दो या तीन मैच खेलकर बाहर बैठना पड़ता है।यह कठिन है लेकिन मै खुद को यह कहकर समझाता हूं कि मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यह मौका है। कार्यभार प्रबंधन की क्वायद में भारतीय टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट करता रहता है। अक्षर ने कहा कि इन हालात मे सकारात्मक मानसिकता के साथ खेलना और हर मैच को एक मौके की तरह लेना जरूरी है। उन्होंने कहा , अगर मै यहां अच्छा प्रदर्शन करूंगा तो अगला मैच खेलने का मौका मिलेगा। मै टीम से बाहर होने पर हर समय शिकायत भी कर सकता हूं लेकिन मै इसे सकारात्मक रूप में लेता हूं कि भारत के लिए खेलने का मौका तो मिल रहा है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद विपनेश अंतरिम सचिव नियुक्त

**चेन्नई।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के भरत सिंह चौहान को हटाने के अपने फैसले को बरकरार रखने के बाद मंगलवार को विपनेश भारद्वाज को अंतरिम सचिव नियुक्त किया। एआईसीएफ के अध्यक्ष संजय कपूर ने पीटीआई से कहा, दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारद्वाज को महासंघ का अंतरिम सचिव नियुक्त किया गया है। कपूर ने कहा, स्थिति पर आगे की चर्चा के लिए आज रात बैठक बुलाई गई है।

### कोचर ने चेन्नई ओपन गोल्फ में बढ़त बनाई

**चेन्नई।** चंडीगढ़ के खिलाड़ी करणदीप कोचर चेन्नई ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप मे मंगलवार को शुरूआती दौर में सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेल तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। पीजीटीआई मे चार बार के विजेता कोचर ने इस दौरान 15 फुट की दूरी से शानदार बर्डी लगाई। श्रीलंका के एन थंगराज 66 के स्कोर के साथ दूसरे जबकि पिछले सप्ताह के पीजीटीआई टूर्नामेंट के विजेता खलिन जोशी 67 के स्कोर के साथ 50 लाख इनामी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर है।

### इसाक और पेड्रो के गोल से ओडिशा एफसी ने केरल ब्लास्टर्स को हराया

**गुवाहाटी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम ओडिशा एफसी ने मंगलवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच मे केरल ब्लास्टर्स को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम मे खेले गए मुकाबले के दोनो गोल मध्यांतर के बाद हुए। इसाक वनमलसावमा (51वें मिनट) और शाऊल पेड्रो (73वें मिनट) के गोल ने ओडिशा को दो मैच में दूसरी जीत दिलाई।

### मैनचेस्टर युनाइटेड ने लिवरपूल को हराया

**मैनचेस्टर।** क्लब के मालिकाना हक को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच मैनचेस्टर युनाइटेडने प्रीमियर लीग फुटबॉल के मैच मे लिवरपूल को 2-1 से हराकर इस सत्र में पहले अंक हासिल किए। मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए जाडोन सांचो ने 16वें और मार्कस रशफोर्ड ने 53वें मिनट में गोल दागे। इससे मैनेजर एरिक टेन हेग ने राहत महसूस की होगी जिन्होने स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और क्लब के कप्तान हैरी मैगिरे को बाहर रखने का साहसिक फैसला लिया था।

### सीरि ए : जुवेंटस ने सैंपडोरिया से ड्रॉ खेला

**मिलान।** खिलाड़ियो की चोटों से प्रभावित जुवेंटस को एंजेल डि मारिया की कमी खली जिसकी वजह से उसे सीरि ए फुटबॉल में सैंपडोरिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। डि मारिया को चोट के कारण अगले सप्ताह रोमा के खिलाफ मैच से भी बाहर रहना पड़ सकता है। रोमा ने क्रेमोनिस को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रोमा ने पहले मैच में सालेरनिटाना को 1-0 से हराया था।

### कोर्नेट ने 500 वां मैच जीता

**क्लीवलैंड।** फ्रांस की एलिजे कोर्नेट ने डब्ल्यूटीए टूर पर अपने कैरियर का 500वां मैच जीतकर डायना यास्त्रेमस्का को 6-2, 6-। से हराकर यहां दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

## दो सितंबर को होंगे एआईएफएफ चुनाव

● नामांकन कल से




भाषा। नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के चुनाव दो सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 25 अगस्त से शुरू होगी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रशासकों की समिति को बर्खास्त करते हुए एआईएफएफ चुनाव एक सप्ताह के लिए टाल दिए थे। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने नई सूचना जारी की जिसमें नए सिरे से तारीख दी गई है। विभिन्न पदों के लिए नामांकन बृहस्पतिवार से शनिवार तक दाखिल किए जा सकते हैं और इनकी छंटनी 28 अगस्त को होगी। नामांकन वापिस लेने की तारीख 29 अगस्त है जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी अंतिम सूची तैयार करके उसे 30 अगस्त को एआईएफएफ की वेबसाइट पर डालेंगे। चुनाव दो सितंबर को दिल्ली में एआईएफएफ मुख्यालय पर होंगे और नतीजे दो या तीन सितंबर को घोषित होंगे। फीफा ने 16 अगस्त को भारत को करारा झटका देते हुए तीसरे पक्ष के गैर जरूरी दखल का हवाला देकर एआईएफएफ को निलंबित कर दिया था और यह भी कहा था कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप का आयोजन नहीं हो सकता। अंडर 17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर के बीच होना है। न्यायालय ने सोमवार को कहा कि भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप के आयोजन और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) द्वारा एआईएफएफ पर लगाया निलंबन रद्द कराने के लिए अपने पूर्व आदेश में बदलाव किया है।

### एआईएफएफ ने फीफा को पत्र लिखा, न्यायालय के आदेश के बाद प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को फीफा से उस पर लगा प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया। एआईएफएफ ने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की मांग के अनुरूप उच्चतम न्यायालय के प्रशासकों की समिति (सीओए) को हटाने के बाद यह कदम उठाया है। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने फीफा महासचिव फातमा समौरा से एआईएफएफ को निलंबित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। धर ने कहा, बहुत खुशी के साथ हम आपको सूचित करते है कि भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने हमारे मामले की सुनवाई की और दिनांक 22 अगस्त 2022 के आदेश के माध्यम से सीओए को पूर्ण रूप से हटा दिया है और परिणामस्वरूप एआईएफएफ को अपने दैनिक कार्यों के संचालन का पूर्ण प्रभार मिल गया है। उन्होंने लिखा, उपरोक्त को देखते हुए हम फीफा और विशेष रूप से ब्यूरो से एआईएफएफ को निलंबित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं।

## निशानेबाजी ट्रायल्सः सरबजोत टी6 एयर पिस्टल के विजेता बनें, नावेद जूनियर वर्ग में शीर्ष पर

भाषा। नई दिल्ली

**युवा निशानेबाज** सरबजोत सिंह ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टी6 स्पर्धा के फाइनल में भारतीय सेना के धर्मेंद्र सिंह गहरवार को 17-15 से हराया। हरियाणा के 20 साल के निशानेबाज ने इससे पहले क्वालीफायर्स में 586 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था जबकि धर्मेंद्र 582 अंक के साथ पांचवें स्थान पर थे। पुरुषों की जूनियर 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में उत्तर प्रदेश के नावेद चौधरी ने उत्तराखंड के अभिनव देशवाल को 16-12 से शिकस्त दी। नावेद और अभिनव ने क्वालीफायर्स में 583 अंक बनाए थे। अभिनव अधिक इनर 10 स्कोर के साथ दूसरे और नावेद तीसरे स्थान पर थे। युवा वर्ग में हरियाणा के सम्राट राणा ने राजस्थान के अभिनव चौधरी को 16-14 से हराया।

## लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज

भाषा। नई दिल्ली



**ओलंपिक चैंपियन** भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पिछले महीने लगी ग्रोइन की मामूली चोट से उबर चुके हैं और 26 अगस्त को स्विट्जरलैंड के लुसाने में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। लुसाने में अच्छा प्रदर्शन चोपड़ा की सात और आठ सितंबर को ज्यूरिख में डाइमंड लीग फाइनल में जगह सुनिश्चित कर सकता है क्योंकि वह अभी तालिका में चौथे स्थान पर हैं। तालिका में शीर्ष छह में रहने वाले खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। लुसाने प्रतियोगिता आखिरी चरण है जिसमें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को शामिल किया गया है। अमेरिका के यूजीन में 24 जुलाई को विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में एतिहासिक रजत पदक जीतने के दौरान 24 साल के चोपड़ा को चोट लगी थी जिसके कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से भी हट गए थे। चिकित्सा टीम ने चोपड़ा को चार हफ्ते के आराम की सलाह दी थी जिसके बाद वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से आठ अगस्त) की शुरुआत से सिर्फ दो दिन पहले इन खेलों से हट गए थे। वह इसके बाद जर्मनी में रिहैबिलिटेशन से गुजरे। चोपड़ा ने ट्वीट किया, मजबूत और शुक्रवार के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद। लुसाने में मिलते हैं। आयोजकों ने 17 अगस्त को जब प्रतिभागियों की सूची जारी की थी तो उसमें चोपड़ा का नाम भी था लेकिन चोट के कारण इस प्रतियोगिता में उनके हिस्सा लेने को लेकर अटकलें लगाई जा रहीं थी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने कहा था कि अगर चोपड़ा मेडिकल रूप से फिट हुए तो लुसाने में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### स्टार मुक्केबाज मेरीकोम के घुटने की सर्जरी हुई

**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मेरीकोम के बाएं घुटने की मंगलवार को सर्जरी हुई। जून मे राष्ट्रमंडल खेलो के चयन ट्रायल के दौरान 48 किग्रा वर्ग के मुकाबले के शुरुआती मिनटों मे ही इस अनुभवी मुक्केबाज का घुटना मुड़ने के कारण चोटिल हो गया था। यह सर्जरी मुंबई के अस्पताल में की गई। मेरीकोम के कोच छोटे लाल यादव ने पीटीआई से कहा, मेरीकोम के घुटने मे चोट थी जिसके लिए आज मुंबई मे उनकी सर्जरी हुई। चोट के कारण 39 साल की मेरीकोम राष्ट्रमंडल खेलो में हिस्सा नही ले पाईं थी जहां वह 2018 मे स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थी।

## पुजारा की शतकीय पारी से ससेक्स ने बनाए 400 रन



भाषा। होव (इंग्लैंड)

**भारत के टेस्ट** विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रॉयल लंदन एकदिवसीय कप में मंगलवार को यहां अपना तीसरा शतक जड़ा। ससेक्स का प्रतिनिधित्व कर रहे पुजारा की 90 गेंद में 132 रन की आतिशी पारी से टीम ने मिडिलसेक्स के खिलाफ 50 ओवर में चार विकेट पर 400 रन बनाए। टीम की कप्तानी कर रहे पुजारा ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज टॉम एलसोप ने 155 गेंद में 189 रन की पारी खेली। पुजारा और एलसोप ने तीसरे विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इससे पहले वॉरविकशर के खिलाफ 107 और सरे के खिलाफ 174 रन बनाए थे। यह उनके लिस्ट ए करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार बल्लेबाजी के दम पर पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में भारतीय टीम में वापसी की थी।

### कृणाल चोटिल होने के कारण काउंटी क्रिकेट से बाहर

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर कृणाल पंड्या जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इंग्लिश काउंटी वारविकशर की तरफ से रॉयल लंदन वनडे कप में आगे नहीं खेल पाएंगे। यह 31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नॉटिंघमशर के खिलाफ 17 अगस्त को वारविकशर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गया था। कृणाल इसके बाद क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे थे।

### आईपीएल 23 में भागीदारी आगे के कार्यक्रम पर निर्भर : स्टोक्स

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में बढ़ती टी20 लीग के कारण भले ही कुछ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की प्राथमिकताएं बदली हों लेकिन इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने स्पष्ट किया कि 2023 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भागीदारी राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम पर निर्भर करेगी। विश्व के अग्रणी ऑलराउंडरों में से एक स्टोक्स पहले ही 50 ओवरों के प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं और उनके लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने से अधिक महत्वपूर्ण और कुछ नहीं है। स्टोक्स ने अपनी डॉक्यूमेंट्री सीरीज बेन स्टोक्सः फीनिक्स फ्रॉम द एशेज को जारी किए जाने के अवसर पर पीटीआई से वर्चुअल बातचीत में कहा, यह कार्यक्रम से जुड़ा मसला है।

## साइना प्री क्वार्टर फाइनल में, गायत्री-त्रीसा भी जीती

भाषा। तोक्या

**लंदन ओलंपिक** की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने मंगलवार को यहां हांगकांग की चेउंग नगन ई पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।




साइना ने पहले दौर के इस मैच में नगन ई को 38 मिनट में 21-19, 21-9 से पराजित किया। विश्व चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी यह 32 वर्षीय खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है क्योंकि दूसरे दौर की उनकी प्रतिद्वंदी नाजोमी ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं। इससे साइना को बाई मिल गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने भी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारतीय जोड़ी को मलेशिया की एन युआन लो और वेलेरी सियो को 21-11 21-13 से हराने में खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। अश्विनी भट और शिखा गौतम की महिला जोड़ी ने भी इटली की मार्टिना कोर्सिनी और जुडिथ मैयर को 30 मिनट में 21-8, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। साइना ने सिंगापुर ओपन में चीन की ही बिंगजियाओ पर जीत के दौरान अपनी फॉर्म हासिल करने के संकेत दिए थे। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने मंगलवार को भी अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने नगन ई के खिलाफ पहले गेम में 4-7 से पिछड़ने के बाद 12-11 से बढ़त हासिल की। साइना को एक-एक अंक के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने अपनी बढ़त कायम रखी। इसके बाद स्कोर 19-19 पर बराबरी पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। साइना ने दूसरे गेम में अधिक आक्रामक रवैया अपनाया और इस बीच नगन ई भी संघर्ष करती नजर आई। साइना ने इंटरवल तक 11-6 से बढ़त हासिल

● विश्व चैंपियनशिप

कर रखी थी। इसके बाद भी उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखकर यह गेम और मैच जीता। इस बीच वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवगन की मिश्रित युगल जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय जोड़ी इंग्लैंड के ग्रेगरी मार्यस और जेनी मूर से 10-21, 21-23 से हार गई। कृष्ण प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी भी फ्रांस के फैबियन डेलरू और विलियम विलेगर से 14-21, 18-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर भी मिश्रित युगल में थाईलैंड के सुपक जोमकोह और सुपिसारा पावसमप्रान की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 14-21, 17-21 से हार गए।

### खेल मंत्री ने विभाग की समीक्षा की



**लखनऊ।** गिरीश चन्द्र यादव राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अध्यक्षता में खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के लखनऊ मण्डल की विभागीय समीक्षा बैठक के डी सिंह ''बाबू'' स्टेडियम में आयोजित हुयी। बैठक में मंत्री द्वारा प्रत्येक जनपद में कराये गये कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की। मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि खेल के माध्यम से लगातार नये रोजगार सृजित हो रहे हैं ,सरकार के द्वारा सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत का कोटा तय हो गया है। इसके अतिरिक्त अति शीघ्र राष्ट्रमण्डल खेलों के विजेताओं एवं प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को करोड़ों रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। उक्त बैठकमें खेल विभाग की ओर से डा.आर पी सिंह, निदेशक खेल, अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी व अन्य जनपदों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### राज अकादमी के प्रशिक्षुओं ने लहराया परचम



**लखनऊ।** राजाजीपुरम इंडोर स्टेडियम स्थित राज ताइक्वाण्डो अकादमी के प्रशिक्षुओं ने प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में लखनऊ के लिए 12 स्वर्णए 7 रजत व 20 कांस्य पदक जीतकर अपना परचम लहराया। पदक विजेता खिलाड़ियों को राजाजीपुरम इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक सम्मान समारोह में भाजपा पार्षद शिवपाल सांवरिया और मातृभूमि सेवा संस्थान के अध्यक्ष राहुल सक्सेना ने सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी व आगामी टूर्नामेंटों में उज्जवल प्रदर्शन की कामना की। इसके साथ ही खिलाड़ियों की सफलता के लिए प्रशिक्षक सुभाष मौर्या की लगन की भी सराहना की।

### चेन्नई ओपन : अंकिता को मिला वाइल्ड कार्ड



**चेन्नई।** भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना को 12 से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले चेन्नई ओपन टेनिस के लिए मंगलवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। डब्ल्यूटीए 250 स्तर के इस टूर्नामेंट में 29 साल की अंकिता के साथ 2014 विबलडन की उपविजेता कनाडा की यूजिनी बूचार्ड को भी वाइल्ड कार्ड दिया गया है। तमिलनाडु टेनिस संघ (टीएनटीए) के अध्यक्ष और भारत के पूर्व खिलाड़ी विजय अमृतराज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 32 खिलाड़ियों के मुख्य एकल ड्रॉ के लिए अंकिता और बूचार्ड को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दो अन्य (वाइल्ड कार्ड) शीर्ष-20 मे किसी ऐसे खिलाड़ी को मिलेगा जो यहां आने और खेलने के इच्छुक है। अमृतराज ने कहा कि रैना और बूचार्ड दोनों को महिला एकल ड्रा में डब्ल्यूटीए नियमों के अनुसार वाइल्ड कार्ड दिए गए है। इस बीच, शर्मादा बालू और रिया भाटिया की भारतीय जोड़ी को युगल ड्रा में वाइल्ड कार्ड मिला है। अमृतराज ने कहा कि वह इस बात की पुष्टि नही कर सकते कि दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी की नही।